निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, शनिवार 25 अप्रैल 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 336 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


पंचायती राज दिवस पर जनप्रतिनिधियों को सम्मानित करते सीएम हेमंत सोरेन

## संक्षिप्त समाचार

### विचाराधीन कैदी ने की आत्महत्या

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** एमजीएम अस्पताल में एक कैदी की मौत हो गई। मामले में एमजीएम थाना प्रभारी ने बताया कि शख्स जेल में भी जान देने की कोशिश कर चुका था। मामले की जांच की जा रही है। मानगो एमजीएम थाना क्षेत्र स्थित कोल्हान का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल एमजीएम एक बार फिर सुर्खियों में आया है। मृतक का नाम अशोक कुमार है, जो घाघीडीह सेंट्रल जेल में विचाराधीन कैदी था। कुछ दिन पहले वो जेल में भी आत्महत्या करने का प्रयास कर चुका था और घायल हो गया था। तत्काल उसे इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल लाया गया था, जहां कैदी वार्ड में उसका इलाज चल रहा था। शुक्रवार की दोपहर के बाद अशोक को कैदी वार्ड से डॉक्टर के पास लाया जा रहा था लेकिन अचानक उसने पुलिस से हाथ छुड़ा लिया। सुरक्षाकर्मी उसके पीछे भागे लेकिन उसने आत्महत्या कर ली।

### शिव शंकर ज्वेलर्स लूट मामले में सात गिरफ्तार

**रामगढ़ (नबिटा ब्यूरो)।** रामगढ़ जिला अंतर्गत रजरप्पा थाना क्षेत्र के चितरपुर-रजरप्पा मोड़ स्थित शिव शंकर ज्वेलर्स में बीते 21 अप्रैल को हुई डकैती कांड का रामगढ़ पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत के नेतृत्व में गठित एसआईटी ने तकनीकी और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से भारी मात्रा में लूटे गए जेवरात, हथियार और घटना में इस्तेमाल वाहन बरामद किए गए हैं। इस सफल उदभेदन में प्रशिक्षु डीएसपी फैजान अहमद, रजरप्पा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पाण्डेय समेत कई थानों की पुलिस और तकनीकी शाखा के कर्मियों की अहम भूमिका रही।

### बीसीसीएलकर्मी के क्वार्टर का ताला तोड़ लाखों की चोरी

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** चिरकुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत बीसीसीएल लायकडीह डीप कोलियरी स्थित कॉलोनी में बीसीसीएलकर्मी किशोर कुमार सिंह के क्वार्टर का ताला तोड़कर लाखों रुपये के सामान चोरी कर ली गयी। घटना बुधवार दिन की है। श्री सिंह घटना के समय ड्यूटी गये थे। वह दहीबाड़ी कोलियरी के डिस्पेंसरी में कार्यरत हैं। इस संबंध श्री सिंह की शिकायत पर चिरकुंडा थाना में पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है।

### गंगा स्नान के दौरान डूबने से तीन लोगों की मौत

**भागलपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के रंगरा प्रखंड स्थित झल्लुदास टोला के विषहरी गंगा घाट पर शुक्रवार को दर्दनाक हादसा हो गया। गंगा स्नान के दौरान एक ही परिवार के तीन लोगों की डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान मधेपुरा जिले के भटगामा निवासी कुमोद यादव के बेटे गौरव कुमार, बेटी साक्षी कुमारी और उनकी बहन मौनी कुमारी के रूप में हुई है। गौरव और साक्षी भाई-बहन थे जबकि मौनी कुमारी उनकी बुआ थीं।

पंचायती राज दिवस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जनप्रतिनिधियों को किया सम्मानित, भाजपा पर साधा निशाना

# गांवों में है विकास की असली नींव : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर शुक्रवार को राजधानी रांची के हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव में मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार समारोह-सह-दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडलीय मुखिया सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की समेत बड़ी संख्या में ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि शामिल हुए। समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य अतिथियों ने राज्य के विभिन्न जिलों से चयनित उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों, श्रेष्ठ ग्राम सभाओं, स्वच्छ एवं स्वस्थ पंचायत समितियों तथा जिला परिषदों को मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन योजना के तहत प्रोत्साहन राशि प्रदान की। इस मौके पर राज्य सरकार और यूआइडीएआइ के बीच एक महत्वपूर्ण करार भी किया गया जिसके माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर आधार कार्ड संबंधी सेवाएं ग्रामीणों को आसानी से उपलब्ध कराई जा सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार राजधानी रांची या हेडक्वार्टर से नहीं बल्कि गांवों से चलने वाली सरकार है, क्योंकि विकास की असली नींव गांवों में ही निहित है। भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती गांवों से शुरू होती है। गांवों को सशक्त किए बिना राज्य और देश के विकास की कल्पना अधूरी है। सरकार का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि योजनाओं का लाभ विकास की राह में खड़े समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि राज्य में पंचायत सेवकों से लेकर उच्च अधिकारियों तक एक सशक्त प्रशासनिक ढांचा कार्य कर रहा है, वहीं पंचायत से लेकर मुख्यमंत्री तक जनप्रतिनिधियों की एक समानांतर व्यवस्था है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संबोधन में कहा कि राज्य के समग्र विकास और ग्रामीण सशक्तिकरण में जनप्रतिनिधियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे ग्रामीणों के सबसे करीब रहते हैं और पंचायती राज व्यवस्था का अभिन्न अंग हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य का विकास तभी होगा जब गांव का विकास होगा। गांव राज्य की जड़ हैं, जड़ मजबूत होगी तभी पेड़ मजबूत होगा। सीएम ने अपनी सरकार को गांवों से चलने वाली सरकार बताया



और कहा कि विकास की असली नींव गांवों में निहित है। भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती भी गांवों से शुरू होती है। सरकार का लक्ष्य है कि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने पंचायत सेवकों से लेकर उच्च अधिकारियों तक के प्रशासनिक ढांचे और जनप्रतिनिधियों की समानांतर व्यवस्था के समन्वय पर जोर दिया। इस कार्यक्रम के तहत राज्य सरकार ने करोड़ों रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित की, जो उत्कृष्ट कार्य करने वालों के प्रति सरकार की संवेदनशीलता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना को उन्होंने केवल पुरस्कार योजना नहीं बल्कि एक परिवर्तनकारी पहल बताया, जिसका उद्देश्य ग्रामीण सेवाओं को प्रभावी बनाना और पंचायतों को नवाचार के लिए प्रेरित करना है। सीएम ने भूख से किसी की मौत न होने का जिक्र करते हुए सरकार की संवेदनशीलता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमने वे दिन भी देखें हैं जब हाथ में राशन कार्ड होते हुए लोग भात भात कहते हुए भूख से मर जाते थे। लेकिन पिछले सात आठ सालों में एक भी व्यक्ति भूख से नहीं मरा। सीएम ने कहा कि ये इसलिए हुआ क्योंकि सरकार के पास एक जिम्मेदारी है। सीएम ने कोविड के दिनों को भी याद करते हुए कहा कि एक बार फिर से उसी तरह का मंजर दिख रहा है। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि आधिकारिक रूप से लॉकडॉउन की घोषणा तो नहीं हुई लेकिन मजदूर जिस तरह से वापस आ रहे हैं वह उसी की याद दिला रहे हैं। सीएम ने कहा कि समाज का एक बहुत बड़ा वर्ग कोई आपदा या संकट के समय सबसे अधिक प्रभावित होता है, ऐसे में सरकार को संवेदनशील निर्णय लेने होते हैं, जो हमारी सरकार निरन्तर करती रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी गर्मी का मौसम है। गर्मी के समय में अक्सर देखा जाता है कि ग्रामीण क्षेत्र एवं शहरों में जल संकट की समस्या उत्पन्न होती है। इस समय पुराने तालाबों की सफाई और गहरीकरण कार्य किया जाए, ताकि वर्षा जल का अधिकतम संचयन हो सके। साथ ही चापाकलों के पास सोक पिट निर्माण को बढ़ावा दिया जाए जिससे भूजल स्तर बना रहे और जल संकट से राहत मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम पंचायतों में पानी की समस्याओं को देखना जनप्रतिनिधियों का कार्य है। चापकलों के समीप किस प्रकार सोक पीट बनाई जाए इस निमित्त विभाग लोगों को प्रशिक्षण दे। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में मुखिया गांव के विकास का मुख्य कड़ी है। संक्षेप में मुखिया अपने पंचायत का मुख्यमंत्री की तरह काम करता है। मुखिया की बड़ी भूमिका गांव के लोगों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने में है। मंत्री ने बताया कि पहले जीर्ण-शीर्ण हालत में चल रहे पंचायत भवनों की स्थिति सुधारी जा रही है। अब हर महीने पंचायतों को 15 हजार रुपये दिए जा रहे हैं। 15वें वित्त आयोग के तहत टाइड फंड में 412 करोड़ और अनटाइड फंड में 555 करोड़ रुपये पंचायतों को मिल चुके हैं जबकि शेष राशि (टाइड फंड 410 करोड़ और अनटाइड 272 करोड़) जल्द ही जारी होगी। इसके अलावा राज्य वित्त आयोग से भी 600 करोड़ रुपये पंचायतों को मिलने जा रहे हैं। इन राशियों से गांवों का सर्वांगीण विकास होगा। मंत्री ने उन मुखियाओं को भी प्रोत्साहित किया जो अब तक योजनाओं को धरातल पर उतारने में पिछड़ रहे थे।

## शराब लदे वाहन की टक्कर से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लोहरदगा।** जिले के कुडू थाना क्षेत्र अंतर्गत ढुलुवा खूंटा के समीप शराब से लदे वाहन की टक्कर से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में रतिया भगत का बेटा किशोर भगत (32 वर्ष), उनकी मां रतिया भगत की पत्नी बिशुन भगताइन (53 वर्ष) और किशोर का चचेरा भाई निरंजन उरांव (26 वर्ष) शामिल हैं। सभी कुडू थाना क्षेत्र के रोनिहा कोलसिमरी निवासी थे। स्कूटी पर सवार होकर कुडू थाना क्षेत्र के रोनिहा कोलसिमरी निवासी किशोर भगत, बिशुन भगताइन और निरंजन उरांव कुडू से रांची के मांडर स्थित अस्पताल जा रहे थे। वे अस्पताल में भर्ती अपने एक रिश्तेदार से मिलने जा रहे थे। इसी दौरान रांची की ओर से आ रहे एक ट्रक ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में किशोर भगत और निरंजन उरांव की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बिशुन भगताइन ने लोहरदगा सदर अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया। ट्रक में अंग्रेजी शराब लदी हुई थी और वह रांची से डालटनगंज की ओर जा रहा था। ट्रक में सवार बिनत मुंडा, विकास मिंज और सिंकू राम को चोट आई है। तीनों रांची के गांधीनगर कांके रोड के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। मामले में जांच और पूछताछ कर रही है। शराब के संबंध में भी जांच जारी है। वहीं घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने कुछ देर के लिए सड़क जाम कर दिया था। सूचना मिलते ही कुडू सीओ संतोष उरांव और थाना प्रभारी अजीत कुमार मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। प्रशासन द्वारा मृतकों के अंतिम संस्कार के लिए तत्काल सहायता राशि प्रदान की गई और अन्य सरकारी सहायता जल्द उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। इसके बाद लगभग एक घंटे बाद जाम हटाया गया।

## बैंक से सोना और चार लाख कैश लेकर अपराधी फरार

**हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बरही स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र में दिनदहाड़े बड़ी लूट की घटना ने पूरे इलाके को दहला दिया है। शुक्रवार को अज्ञात अपराधियों ने बैंक में घुसकर हथियार के बल पर कर्मचारियों को बंधक बना लिया और लॉकर खुलवाकर भारी मात्रा में सोना और नकदी लूटकर फरार हो गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार अपराधी करीब 3 किलो सोना और लगभग 4 लाख रुपये नकद लेकर फरार हो गए। हालांकि कुछ सूत्रों के अनुसार लूटे गए सोने की कीमत करीब पांच करोड़ रुपये तक बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने बताया कि बरही में बैंक ऑफ महाराष्ट्र में अपराधियों ने करीब 3 किलो सोना और 4 लाख रुपये नकदी की लूट की है। उन्होंने कहा कि पुलिस आसपास के जिलों में नाकेबंदी करके छापेमारी कर रही है।

## भूधंसान में 21 से अधिक घर जमींदोज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** सोनारडीह ओपी क्षेत्र अंतर्गत टंडाबाड़ी बस्ती में एक बार फिर जमीन धंसने की बड़ी घटना सामने आई है। बीती रात तीसरी बार हुए इस भू-धंसान ने इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया। जोरदार आवाज के साथ 21 से अधिक घर 15 से 20 फीट तक जमीन धंस गई जिससे लोग सहम उठे और जान बचाकर घरों से बाहर भागने लगे। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। इस हादसे में चार लोग घायल बताए जा रहे हैं, जिनमें एक की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना मिलते ही प्रशासन और बीसीसीएल के अधिकारी मौके पर पहुंचकर कैंप कर रहे हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थान पर भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बीसीसीएल की ओर से वाहनों की व्यवस्था कर दी गई है और फिलहाल 27 परिवारों को बेलगड़िया में शिफ्ट किया जा रहा है। हालांकि इस इलाके में कुल 281 परिवार रहते हैं जो



लगातार खतरे के साये में जीवन जी रहे हैं। स्थानीय निवासी प्रभुल्ल कुमार साहनी ने बताया कि 31 मार्च को पहली बार हुए भू-धंसान में तीन लोगों की मौत हुई थी। उस समय सभी को शिफ्ट करने की बात कही गई थी। इसके बाद 22 अप्रैल को दूसरी घटना हुई लेकिन न तो बीसीसीएल प्रबंधन और न ही प्रशासन ने ठोस कदम उठाया। उन्होंने कहा कि लोग यहां से जाने को तैयार हैं, लेकिन लगातार अनदेखी की जा रही है। सीओ गिरजानंद किस्कू ने कहा कि तत्काल 27 परिवारों को बेलगड़िया शिफ्ट किया जा रहा है, जहां फ्लैट खाली हैं। इसके बाद जो भी लोग जाना चाहेंगे, उन्हें भी शिफ्ट किया जाएगा। उन्होंने माना कि यह इलाका अब बेहद खतरनाक हो चुका है और इसे खाली कराना जरूरी है। साथ ही रैयतों के पुनर्वास को लेकर भी प्रक्रिया जारी है।

## अलकतरा घोटाले में चार को सश्रम कारावास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** करीब तीन दशक पुराने बहुचर्चित अलकतरा घोटाला में आखिरकार न्यायिक मुहर लग गई है। वर्ष 1997 से जुड़े इस मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने चार अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए तीन-तीन साल की सजा सुनाई है। साथ ही सभी दोषियों पर आर्थिक जुर्माना भी लगाया गया है। वहीं साक्ष्य के अभाव में तीन आरोपियों को बरी कर दिया गया। सिविल कोर्ट के अधिवक्ता संजय कुमार के अनुसार यह मामला लंबे समय से अदालत में लंबित था और अब 29 साल बाद फैसला सामने आया है। यह निर्णय सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने सुनाया। सीबीआई की ओर से विशेष लोक अभियोजक खुशबू जायसवाल ने पक्ष रखा। अभियोजन ने मामले को साबित करने के लिए 35 गवाहों की गवाही और दस्तावेजी साक्ष्य अदालत में पेश किए। मामले में कुल नौ आरोपियों के खिलाफ ट्रायल चल रहा था जिनमें मो. इसहाक, एसके दास, एसएन औरंगजेब, एससी प्रसाद, भरत प्रसाद गुप्ता, ट्रांसपोर्टर विनय कुमार सिन्हा, राजकुमार राय, आरएस मंडल और आशीष शामिल थे। ट्रायल के दौरान दो आरोपियों मो. इसहाक और भरत प्रसाद गुप्ता की मौत हो चुकी है। अभियोजन के मुताबिक अलकतरा सप्लाई के तीन ऑर्डरों में बड़े पैमाने पर घोटाला किया गया। हल्दिया से एनएच बरही तक अलकतरा की आपूर्ति बरौनी के रास्ते होनी थी लेकिन फर्जी सप्लाई दिखाकर सरकारी राशि की निकासी कर ली गई। जांच में सामने आया कि तय मात्रा से कम आपूर्ति दिखाकर फर्जी बिल बनाए गए। ट्रांसपोर्टर द्वारा बरौनी में रिपोर्टिंग भी नहीं की गई और फर्जी भाड़ा बिल जमा किया गया। मामला सामने आने के बाद हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने केस नंबर 12/97 दर्ज कर जांच शुरू की थी।

पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त से मिले गढ़वा के पुलिस अधीक्षक

# पुलिसिंग को आधुनिक और प्रभावी बनाने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** गढ़वा जिले में विधि-व्यवस्था को और मजबूत बनाने को लेकर शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) आशुतोष शेखर ने प्रमंडलीय आयुक्त कुमुद सहाय से उनके कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान एसपी ने आयुक्त को गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया और औपचारिक बातचीत के बाद जिले की सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा शुरू हुई। मुलाकात के दौरान एसपी ने जिले में कानून-व्यवस्था की वर्तमान स्थिति की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस लगातार सक्रिय है और विभिन्न स्तरों पर निगरानी बढ़ाई गई है। उन्होंने विशेष रूप से बताया कि संवेदनशील इलाकों में गश्ती बढ़ाई गई है और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए कई रणनीतिक कदम उठाए जा रहे हैं। एसपी ने




आयुक्त को यह भी बताया कि जिले में पुलिसिंग को और बेहतर बनाने के लिए तकनीकी संसाधनों का उपयोग बढ़ाया जा रहा है। डिजिटल निगरानी, त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली और स्थानीय स्तर पर खुफिया नेटवर्क को मजबूत करने जैसे उपायों पर काम किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि इन प्रयासों से आने वाले समय में अपराध दर में और कमी आएगी। प्रमंडलीय आयुक्त कुमुद सहाय ने बैठक के दौरान स्पष्ट निर्देश दिया कि जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए पुलिस को हर स्तर पर सतर्क और सक्रिय रहना होगा। आयुक्त ने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि जिले में सक्रिय असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर तुरंत और सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, अपराधियों के खिलाफ कानून के तहत कठोर कदम उठाने की बात भी कही। बैठक में जिले में शांति और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने पर भी चर्चा हुई। आयुक्त ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या तनाव की स्थिति को तुरंत नियंत्रित किया जाए।



# 24 घंटे में बड़ा खुलासा : राहुल दुबे गैंग के 4 अपराधी गिरफ्तार, हथियार व पर्चे बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय, हजारीबाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार बड़कागांव थाना क्षेत्र के 13 माइल पुल के पास हाईवा वाहन में आगजनी की घटना का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर सफल उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में कुख्यात राहुल दुबे गैंग के चार सक्रिय अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। बताया गया कि दिनांक 22 अप्रैल 2026 को बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 13 माइल पुल के पास राहुल दुबे गिरोह के सदस्यों ने पेट्रोल छिड़ककर हाईवा गाड़ी में आग लगा दी थी। घटना के बाद घटनास्थल पर हस्तलिखित पर्चा छोड़कर गैंग ने स्वयं जिम्मेदारी ली थी, जिसमें प्रकाश शुक्ला, मयंक सिंह, राहुल दुबे गैंग लिखा पाया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बड़कागांव पवन कुमार के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया। 23 अप्रैल को गुप्त सूचना मिली कि चंदौल गांव के हथिया पत्थर जंगल में कुछ अपराधी बड़ी घटना की योजना बना रहे हैं।



सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने छापेमारी कर चार संदिग्धों को घेराबंदी कर पकड़ लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों के नामः मो० एजाज (उम्र 21 वर्ष), पिता स्व० मुमताज खलीफा, मो० अफताब (उम्र 22 वर्ष), पिता मो० अलाउद्दीन अंसारी, मो० सलामत अंसारी (उम्र 24 वर्ष), पिता मो० मिस्टर मियां, तुषार सिन्हा (उम्र 22 वर्ष), पिता कुमोद सिन्हा (सभी निवासी - पुन्दौल, थाना बड़कागांव, जिला हजारीबाग) तलाशी के दौरान इनके पास से 2 देशी पिस्टल (7.65 एमएम), 1 पिस्टल (9 एमएम), 11 जिंदा गोलियां, 9 हस्तलिखित पर्चे एवं 4 एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे पूर्व से राहुल दुबे गैंग के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने उरीमारी थाना क्षेत्र में भी पूर्व में वाहन में आगजनी की घटना को अंजाम दिया था, जिसमें वे जेल जा चुके हैं। 22 अप्रैल की घटना भी राहुल दुबे के निर्देश पर की गई थी, जिसका उद्देश्य कोल माइंस क्षेत्र में दहशत फैलाना था। साथ ही, 23 अप्रैल को भी हाईवा में आग लगाने की योजना थी, जिसे पुलिस ने विफल कर दिया। आपराधिक इतिहासः मो० सलामत अंसारी पर बड़कागांव थाना कांड संख्या 255/21, 258/21, उरीमारी ओपी कांड संख्या 49/25 एवं टंडवा थाना कांड संख्या 132/25 दर्ज है। मो० एजाज पर बड़कागांव थाना कांड संख्या 100/20, 255/21, 258/21 तथा उरीमारी ओपी कांड संख्या 49/25 दर्ज है। छापामारी दल में शामिल अधिकारीः अमित आनंद (भा.पु.से.), अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर हजारीबाग पवन कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बड़कागांव दीपक कुमार, थाना प्रभारी, बड़कागांव राकेश खवास, पुलिस पदाधिकारी अभिषेक कुमार, पुलिस पदाधिकारी तकनीकी शाखा के पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के जवान पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ सख्त संदेश गया है और संभावित बड़ी घटना को टाल दिया गया है।

# 10 किलो से अधिक गांजा सहित चार तस्कर पुलिस गिरफ्त में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गिरिडीह पुलिस ने अवैध गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में कुल 10.10 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि पचम्बा थाना क्षेत्र के माथाडीह में दो व्यक्ति गांजा की खरीद-बिक्री के लिए पहुंचे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस उपाधीक्षक मु0-02 कौशर अली के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया छापेमारी के दौरान माथाडीह स्थित एक सुनसान स्थान पर पुलिस टीम ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वे भागने लगे। तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया।

पूछताछ में उनकी पहचान शिव शंकर साव 45 वर्ष और हरि शंकर राम 39 वर्ष दोनों निवासी कृष्णानगर, पचम्बा के रूप में हुई तलाशी के दौरान उनके पास मौजूद बैग से पांच बंडलों में पैक लगभग 5 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने जमुआ थाना क्षेत्र के पेटहण्डी और चित्तरडीह में छापेमारी कर महेन्द्र यादव 48 वर्ष और कमलेश कुमार सिंह 27 वर्ष को गिरफ्तार किया तथा उनके पास से अतिरिक्त 5 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया इस तरह कुल



10.10 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। मामले में पचम्बा थाना कांड 38/26 23.04.2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट 1985 की धारा 20/22/29 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है गिरफ्तार आरोपियों के नाम शिव शंकर साव, कृष्णानगर, पचम्बा हरि शंकर राम, कृष्णानगर, पचम्बा महेन्द्र यादव, पेटहण्डी, जमुआ कमलेश कुमार सिंह, चित्तरडीह जमुआ बरामद सामग्री गांजाः 10.10 किलोग्राम छापेमारी दल में शामिल अधिकारी इस अभियान का नेतृत्व डीएसपी कौशर अली ने किया। टीम में पचम्बा थाना प्रभारी राजीव कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं जवान शामिल थे पुलिस की इस कार्रवाई को जिले में नशा तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार 2026, केरेडारी पंचायत सम्मानित

**केरेडारी/हजारीबाग (नबिटासं)।** मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार 2026 के तहत केरेडारी प्रखंड की केरेडारी पंचायत को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर पंचायत की मुखिया सोनिया देवी एवं पंचायत सचिव रोहित राज को सम्मान देकर उनकी सराहना की गई। बताया गया कि पंचायत द्वारा विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, स्वच्छता, जनकल्याणकारी कार्यों और ग्रामीण विकास में उल्लेखनीय योगदान के कारण यह सम्मान मिला है। पंचायत स्तर पर किए गए नवाचार और पारदर्शी कार्यशैली को भी चयन का आधार माना गया। सम्मान मिलने के बाद मुखिया सोनिया देवी ने कहा कि यह उपलब्धि पूरे पंचायत की जनता और टीम के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। वहीं पंचायत सचिव रोहित राज ने भी सभी जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में और बेहतर कार्य करने का संकल्प लिया। इस सम्मान से क्षेत्र में खुशी का माहौल है और अन्य पंचायतों के लिए भी यह प्रेरणास्रोत बन गया है।



### इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन ने दिखाई पर्यावरण संरक्षण की राह, बांटे कपड़े के थैले

**गिरिडीह (नबिटासं)।** एअर्थ डे के अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन ने एक हरित और स्वच्छ भविष्य की दिशा में सराहनीय पहल की। क्लब द्वारा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसके तहत लोगों के बीच कपड़े के थैले वितरित किए गए प्लास्टिक मुक्त समाज का संकल्प कार्यक्रम के दौरान क्लब की सदस्याओं ने प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक न केवल पर्यावरण को प्रदूषित करता है, बल्कि यह पशु-पक्षियों और मानव स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा बनता जा रहा है। इस अवसर पर सभी से ह्यसे नो टू प्लास्टिक ह्न का संदेश देते हुए दैनिक जीवन में पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाने की अपील की गई।सदस्याओं ने रचनात्मक नारों और संदेशों के माध्यम से लोगों का ध्यान आकर्षित किया और पृथ्वी को बचाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, आम जनता को पर्यावरण संरक्षण के सरल और प्रभावी उपायों की जानकारी भी दी गई क्लब की ओर से कहा गया कि हर छोटा प्रयास एक बड़े बदलाव की नींव रखता है। यदि हम सभी मिलकर प्रयास करें, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए पृथ्वी को स्वच्छ, सुरक्षित और हराभरा बनाया जा सकता है इस कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष कविता राजगढ़िया, कोषाध्यक्ष मनीषा कपिसवे, सदस्या शशि सहित अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




### कांग्रेस नेता धनंजय कुमार सिंह का तिसरी प्रखंड दौरा, कार्यकताओं को दिए अहम निर्देश

**गिरिडीह (नबिटासं)।** कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह शुक्रवार को तिसरी प्रखंड के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने भंडारी, बरवाडीह और भिता गांव का भ्रमण कर पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की दौरे के क्रम में सिंह ने कार्यकर्ताओं को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को आम जनता तक प्रभावी तरीके से पहुंचाने के लिए अधिकारियों से समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए जमीनी स्तर पर सक्रियता जरूरी है केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए सिंह ने कहा कि अपनी विफलताओं को छुपाने के लिए सरकार परिसीमन जैसे मुद्दों के जरिए जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है, लेकिन देश की जनता अब जागरूक हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण की आड़ में अन्य कई ऐसे विधेयक पारित कराने की कोशिश की गई, जो देशहित में उचित नहीं थे। इस दौरान विपक्ष की एकजुटता का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष के कई सांसद भी मतदान के दिन अनुपस्थित रहे थे उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी जल्द ही केंद्र सरकार के खिलाफ सड़क पर उतरकर जनआंदोलन करेगी।दौरे के दौरान सिंह लक्ष्मीपुर गांव में पार्टी कार्यकर्ता रामप्रसाद की पुत्री के विवाह समारोह में भी शामिल हुए। इस मौके पर युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पुरुषोत्तम चौधरी और विनोद यादव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### बेटी की शादी का कार्ड बांटने निकले शिक्षक की सड़क हादसे में मौत

**बरकट्ठा/हजारीबाग (नबिटासं)।** बरकट्ठा प्रखंड के सक्रेज गांव के पास जीटी रोड पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार शिक्षक चंद्रशेखर आजाद (52) की मौके पर ही मौत हो गई। वे प्राथमिक विद्यालय सोकी में पदस्थापित थे और वर्तमान में गौरिया करमा चौक स्थित एक भाड़े के मकान में रह रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार, शिक्षक शुक्रवार की अहले सुबह करीब 6 बजे अपनी बेटी की शादी का निमंत्रण कार्ड बांटने के लिए बाईक से घर से निकले थे। इसी दौरान सरिया लदे ट्रेलर (संख्या ठछ01अउ 9438) ने उनकी बाइक (संख्या खल02ळ 9532) को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटनास्थल से उनकी बाइक की डिक्की में रखे शादी के निमंत्रण कार्ड भी बरामद हुए, जिनमें 7 मई को शादी की तिथि अंकित थी। इस दर्दनाक हादसे के बाद परिवार में जहां शादी की तैयारियां चल रही थीं, वहीं अब मातम का माहौल पसरा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रेलर को जब्त कर लिया।

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र में दिनदहाड़े करोड़ों की डकैती, मैनेजर व सहायक मैनेजर जख्मी

## 3 किलो सोना व करीब 4.5 लाख नकद की लूट, पुलिस ने की नाकेबंदी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही हजारीबाग।** हजारीबाग रोड स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शाखा में शुक्रवार दोपहर करीब 3:09 से 3.29 बजे के बीच हथियारबंद अपराधियों ने दिनदहाड़े बड़ी डकैती की वारदात को अंजाम दिया। घटना में बैंक मैनेजर अजय राम और सहायक मैनेजर रौशन सिन्हा को मारपीट कर जख्मी कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार, लंच के बाद बैंक में बैठक चल रही थी। इसी दौरान चार अपराधी करेंट अकाउंट खुलवाने के बहाने बैंक में घुसे। कुछ ही देर में उन्होंने पिस्टल निकालकर मैनेजर पर कैश दिखाने का दबाव बनाया और उन्हें कैश सेक्शन में ले गए। इसके बाद लॉकर खुलवाकर करीब 3 किलोग्राम सोना और लगभग 4.5 लाख रुपये नकद लूट लिए। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधियों ने बैंक कर्मियों के मोबाइल छीन लिए और बाहर निकलते समय मुख्य गेट में ताला जड़ दिया। बैंक के बाहर पहले से मौजूद एक साथी के साथ सभी अपराधी बाइक पर सवार होकर फरार हो गए।



### सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

घटना के समय बैंक में सुरक्षा के नाम पर एक भी गार्ड तैनात नहीं था। बैंक में केवल दो महिला कर्मी और तीन पुरुष कर्मचारी मौजूद थे, जिससे अपराधियों को वारदात अंजाम देने में आसानी हुई।

### सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची मौके पर

मकान मालिक सत्येंद्र सिंह द्वारा सूचना दिए जाने के बाद बरही थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इंस्पेक्टर बिनोद कुमार और एसडीपीओ अजीत कुमार ने दल-बल के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। एसडीपीओ ने बताया कि प्रथम दृष्टया चार अपराधियों की संलिप्तता सामने आ रही है। लूट की कुल राशि करोड़ों में आंकी जा रही है, जिसमें करीब 3 किलो सोना और नकद शामिल है।

# बीजीआर कंपनी के प्रोजेक्ट हेड ने डीसी से की मुलाकात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना के अंतर्गत कार्यरत बीजीआर कंपनी के प्रोजेक्ट हेड श्रीनिवास राव ने हजारीबाग उपायुक्त हेमंत सती से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान कंपनी के संचालन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बताया गया कि बैठक में खनन कार्य के दौरान आ रही व्यावहारिक दिक्कतों, स्थानीय स्तर पर समन्वय और परियोजना के सुचारू संचालन को लेकर आवश्यक बिंदुओं पर विचार-विमर्श हुआ। प्रोजेक्ट हेड ने उपायुक्त को जमीनी स्थिति से अवगत कराया और समाधान को लेकर प्रशासनिक सहयोग की अपेक्षा जताई। वहीं, उपायुक्त हेमंत सती ने भी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन में प्रशासन हर संभव सहयोग के लिए तत्पर है। यह मुलाकात औपचारिक शिष्टाचार के तहत हुई, जिसमें दोनों पक्षों के बीच बेहतर समन्वय और सहयोग को लेकर सकारात्मक बातचीत हुई।



# बिजली संकट पर माले का हल्ला बोल, जीएम से मुलाकात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** भीषण गर्मी के बीच लगातार हो रही बिजली कटौती और जर्जर व्यवस्था के खिलाफ भाकपा माले ने शुक्रवार को मोर्चा खोल दिया। माले नेता राजेश सिन्हा की अगुवाई में शहरी व मुफ्फसिल क्षेत्र के प्रतिनिधिमंडल ने बिजली विभाग के महाप्रबंधक परितोष कुमार से मुलाकात कर समस्याओं का पुलिंदा सौंपा मुलाकात के दौरान माले नेताओं ने साफ कहा कि अनियमित बिजली आपूर्ति ने आम जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। रात भर बिजली गुल रहने से छात्र, दुकानदार, बुजुर्ग और बच्चे तक परेशान हैं। वहीं कई इलाकों में खुले तार बड़े हादसे को न्योता दे रहे हैं।

राजेश सिन्हा ने आरोप लगाया कि 11000 वोल्ट के तार कई घरों के ऊपर से गुजर रहे हैं, कुछ निजी जमीन पर भी हैं। यह स्थिति बेहद खतरनाक है और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। विभाग की लापरवाही साफ दिख रही है। माले ने उठाए ये बड़े मुद्दे अघोषित बिजली कटौती से जनजीवन अस्त व्यस्त मुख्य सड़कों पर खुले बिजली तारों का जाल चमन चौक व चैताडीह में ट्रांसफॉर्मर की क्षमता कम, नया लगाने की मांग मुफ्फसिल व महुआटांड़ क्षेत्र में लो-वोल्टेज और बार-बार ट्रिपिंग जिलेभर में जर्जर व कमजोर ट्रांसफॉर्मरों को बदलने की जरूरत बिजली बिल में गड़बड़ी और सुधार में देरी नियमित मीटर रीडिंग नहीं होने से उपभोक्ताओं में नाराजगी जीएम का आश्वासन ह्यतुरंत शुरू होगा सुधार महाप्रबंधक परितोष कुमार ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए भरोसा दिलाया कि लोड बढ़ने के कारण समस्या आ रही है, लेकिन आज से ही सुधार की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। खुले तारों को कवर करने और ट्रांसफॉर्मर बदलने का काम प्राथमिकता पर होगा माले की चेतावनी माले नेताओं ने दो टूक कहा कि अब सिर्फ आश्वासन नहीं, जमीन पर काम दिखना चाहिए। अगर जल्द सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान प्रखंड सचिव मसूदन कोल, असंगठित मजदूर मोर्चा के अध्यक्ष किशोर राय, भीखारी राय, नौशाद आलम, आफताब आलम, प्रवीण सिन्हा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी फरियाद, अफसरों को सख्त निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला मुख्यालय में आयोजित जनता दरबार एक बार फिर आम लोगों की उम्मीदों का केंद्र बना, जहां उपायुक्त रामनिवास यादव ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए जनता दरबार में पारिवारिक विवाद, भूमि विवाद, लगान रसीद, म्यूटेशन, राशन कार्ड, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़े मामलों की भरमार रही। दूर-दराज से पहुंचे फरियादियों ने अपनी समस्याएं सीधे उपायुक्त के समक्ष रखीं, जिस पर उन्होंने तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि हर आवेदन का निष्पादन तय समयसीमा के भीतर और पूरी पारदर्शिता के साथ होना चाहिए, ताकि आम जनता को अनावश्यक चक्कर और परेशानियों का सामना न करना पड़े।

उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि शिकायतों के निपटारे में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग हो और उनकी अद्यतन स्थिति से प्रशासन को लगातार अवगत कराया जाए इस दौरान उपायुक्त ने लाभुकों से संवाद कर सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत भी जानी। जिन लोगों ने योजनाओं का लाभ नहीं मिलने की शिकायत की, उनके मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई का आदेश दिया गया उपायुक्त ने कहा कि सरकार का लक्ष्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है, और इसके लिए प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहा है। उन्होंने जरूरतमंदों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित भी किया उन्होंने जनता दरबार को प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद का मजबूत माध्यम बताते हुए कहा कि इससे न केवल समस्याओं के समाधान में तेजी आती है, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही भी सुनिश्चित होती है मौके पर अपर समाहर्ता बिजय सिंह बीरूआ, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अंजना भारती, जिला नजारत उप समाहर्ता आशुतोष ठाकुर समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।



# पैक्स कर्मियों को घुमाने की राजनीति, पिसता किसान और सड़ती व्यवस्था

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड में पैक्स कर्मियों और किसानों की स्थिति आज उस चक्की की तरह हो गई है, जिसमें ऊपर से राजनीति घूम रही है और नीचे मेहनतकश किसान पिस रहा है। केंद्र और राज्य दोनों सरकारें जिम्मेदारी से बचने के खेल में लगी हैं। आरोप प्रत्यारोप का यह सिलसिला अब इतना लंबा हो चुका है कि असली मुद्दा किसान का भुगतान और पैक्स व्यवस्था पिछली कतार में धकेल दिया गया है। चुनावी मंचों से मैं किसान का बेटा हूं भारत कृषि प्रधान देश है गांव देश की आत्मा है ये जुमले अब खोखले लगने लगे हैं। जब वास्तविक परीक्षा का समय आता है, तो न सत्ता पक्ष स्पष्ट जवाब देता है, न ही विपक्ष ठोस विकल्प पेश करता है। सवाल यह है कि अगर किसान और पैक्स कर्मी ही व्यवस्था की रीढ़ हैं, तो उनकी समस्याओं पर यह चुप्पी क्यों सबसे चिंताजनक स्थिति भुगतान को लेकर है। 24 घंटे में भुगतान का वादा किया गया, लेकिन हकीकत यह है कि अप्रैल समाप्त होने को है और किसानों का पैसा अब तक अटका हुआ है।

पैक्स कर्मी किसानों के गुस्से और सरकार के आश्वासन दोनों के बीच फंसे हुए हैं। यह सिर्फ प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि संवेदनहीनता का उदाहरण है इधर, पैक्स गोदामों में पड़ा धान खराब हो रहा है। यह सिर्फ अनाज की बबार्दी नहीं, बल्कि किसान की मेहनत, समय और भरोसे का सड़ना है। रांची से लेकर दिल्ली तक गणेश परिक्रमा करने के बावजूद जब सिर्फ आश्वासन ही मिले।

# पेयजल और जाम की समस्या को लेकर राजेश सिन्हा ने अफसरों को सौंपा ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** शहर में लगातार गहराती पेयजल संकट और जाम की समस्या को लेकर भाकपा माले नेता राजेश सिन्हा ने पहल करते हुए संबंधित अधिकारियों से मुलाकात की और लिखित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने न केवल समस्याओं को विस्तार से रखा, बल्कि उसके व्यावहारिक समाधान भी सुझाए राजेश सिन्हा ने नगर निगम के उप नगर आयुक्त प्रशांत लायक से मुलाकात कर कहा कि गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र में पेयजल की समस्या को स्थायी रूप से खत्म किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि शहर में कई ह्यचाणकह्न जल स्रोत मौजूद हैं, जिनमें इतना पानी है कि कई गांवों और मुहल्लों को 24 घंटे पेयजल उपलब्ध कराया जा सकता है। कमलजोर चाणक का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वहां से लगभग दस मुहल्लों में नियमित पानी आपूर्ति हो रही है सिन्हा ने सुझाव दिया कि सभी चाणकों के पानी की आधुनिक मशीनों से जांच कर उसे उपयोग में लाया जाए। साथ ही फॉर लेन निर्माण के दौरान हुए हजारों अवैध जल कनेक्शनों की जांच कर संबंधित लोगों को लीगल नोटिस दिया जाए, ताकि जल प्रबंधन व्यवस्था पारदर्शी और नियंत्रित हो सके वहीं दूसरी ओर, शहर में बढ़ती जाम की समस्या को लेकर उन्होंने जिला परिवहन पदाधिकारी डीटीओ संतोष कुमार से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि टोटो और ऑटो के लिए निर्धारित रूट और स्टैंड की व्यवस्था सख्ती से लागू की जाए। नगर निगम द्वारा गांधी चौक रेलवे स्टेशन, मधुबन वेजिटेबल मार्केट, गिरिडीह हाई स्कूल और बस स्टैंड के पास चार अधिकृत ऑटो स्टैंड दिए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद झंडा मैदान, नटराज सहित कई स्थानों पर अवैध स्टैंड बना लिए गए हैं, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है उन्होंने सुझाव दिया कि या तो अधिकृत स्टैंड की संख्या बढ़ाई जाए या फिर नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए। साथ ही नाबालिग चालकों पर सख्त कार्रवाई, वाहनों की नियमित जांच, रजिस्ट्रेशन और टोटो की संख्या का आकलन करने के लिए विक्रेताओं से आंकड़े जुटाने की भी बात कही।राजेश सिन्हा ने शहर के ट्रैफिक प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए चारों दिशाओं में अलग-अलग रूट तय करने, प्रत्येक रूट को अलग रंग और पहचान देने तथा इस कार्य में नगर निगम और परिवहन विभाग के समन्वय पर जोर दिया अंत में उन्होंने कहा कि ह्यसरकारी संस्थाओं की इच्छाशक्ति के बिना कोई भी कल्याणकारी योजना सफल नहीं हो सकती। साथ ही जनता को भी सिर्फ चुनाव के समय जागने की आदत छोड़कर निरंतर जागरूक रहना होगा उन्होंने विश्वास जताया कि यदि प्रशासन और जनता मिलकर प्रयास करें, तो गिरिडीह में पेयजल और जाम की समस्या से स्थायी निजात संभव है।



# सांसद ढुल्लू महतो का धनबाद में विशाल प्रदर्शन

## राज्य सरकार से एयरपोर्ट के लिए जमीन की मांग





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** कोयला नगरी धनबाद में एयरपोर्ट की मांग को लेकर राजनीतिक पारा चढ़ता जा रहा है। इसको लेकर सांसद ढुल्लू महतो के नेतृत्व में शुक्रवार को विशाल धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सांसद ने साफ शब्दों में कहा है कि यदि झारखंड सरकार ने जल्द एयरपोर्ट को मंजूरी नहीं दी, तो शहर में चक्का जाम किया जाएगा। धरना-प्रदर्शन में हजारों लोग सड़क पर नजर आए।

धनबाद में एयरपोर्ट की मांग को लेकर सांसद ढुल्लू महतो ने मोर्चा खोल दिया है। शहर के रणधीर वर्मा चौक से सांसद के नेतृत्व में बड़ा धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। इससे पहले गोल्फ ग्राउंड से हजारों कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली, जो शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए धरना स्थल तक पहुंची।

**एयरपोर्ट के लिए जमीन उपलब्ध कराने की मांग**

धरने को संबोधित करते हुए सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि एयरपोर्ट निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध कराना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने भरोसा जताया कि केंद्र सरकार से फंड की व्यवस्था वे स्वयं करेंगे, लेकिन राज्य सरकार इस दिशा में गंभीर नहीं दिख रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द स्वीकृति नहीं मिली, तो धनबाद में चक्का जाम और जरूरत पड़ने पर रेल रोको आंदोलन भी किया जाएगा।

**पूर्व सांसद पीएन सिंह भी प्रदर्शन में हुए शामिल**

इस प्रदर्शन में पूर्व सांसद पीएन सिंह भी शामिल हुए। उन्होंने जानकारी दी कि बलियापुर क्षेत्र में लगभग 640 एकड़ जमीन एयरपोर्ट के लिए चिन्हित की जा चुकी है, जबकि कुल करीब 750 एकड़ जमीन की आवश्यकता है। उन्होंने राज्य सरकार से इस दिशा में तेजी से निर्णय लेने की अपील की।

सांसद ढुल्लू महतो ने यह भी कहा कि यदि राज्य सरकार केंद्र के साथ मिलकर इस परियोजना को आगे नहीं बढ़ाना चाहती, तो पश्चिम बंगाल के अंडाल एयरपोर्ट मॉडल की तर्ज पर भी इसे विकसित किया जा सकता है। फिलहाल, धनबाद में एयरपोर्ट को लेकर सियासत और जन दबाव दोनों तेज होते नजर आ रहा है। नेताओं की चेतावनी साफ है अगर जल्द फैसला नहीं हुआ, तो आने वाले समय में सड़क से लेकर रेलवे ट्रैक तक आंदोलन की गूंज सुनाई दे सकती है।

# पतरातू में 'गर्ल्स एम्पावरमेंट मिशन' की शुरुआत, 50 छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण






**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पतरातू (रामगढ़)।** पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड में 'गर्ल्स एम्पावरमेंट मिशन' की औपचारिक शुरुआत आज उत्साहपूर्वक की गई। इस पहल के तहत स्थानीय सरकारी विद्यालयों की 50 छात्राओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण पीटीपीएस अस्पताल में कराया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वर्णरेखा महिला समिति की अध्यक्षा रेनू सहगल ने छात्राओं से संवाद किया तथा उन्हें आत्मविश्वास, शिक्षा और स्वास्थ्य के महत्व के बारे में प्रेरित किया। उन्होंने बच्चियों को इस मिशन का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर छात्राओं के अभिभावक एवं शिक्षक भी उपस्थित रहे। सभी को जेम कार्यशाला के उद्देश्यों, गतिविधियों एवं इसके माध्यम से मिलने वाले समग्र विकास के अवसरों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा एवं व्यक्तित्व विकास पर विशेष जोर दिया गया। यह कार्यक्रम मई महीने में शुरू होगा। कार्यक्रम में पंचायत के कार्यपालक सहायक प्रियंका कुमारी, स्वच्छता पर्यवेक्षक मोहम्मद मूसा, नगर पंचायत वार्ड-13 के वार्ड पार्षद सुबोध शर्मा, सभी वार्ड सदस्य, वार्ड पंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उपायुक्त की शिष्टाचार मुलाकात



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची/खूंटी।** झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आज खूँटी के उपायुक्त श्री सौरभ कुमार भुवानिया ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान जिले के समग्र विकास, चल रही योजनाओं की प्रगति और आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा हुई।

मुलाकात के क्रम में उपायुक्त ने मुख्यमंत्री को खूंटी जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं, आधारभूत संरचनाओं के विस्तार तथा जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने जिले में प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों और उपलब्धियों की भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और आमजन तक लाभ पहुंचाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देते हुए प्रशासन को पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ कार्य करने पर जोर दिया। इस अवसर पर उपायुक्त को मुख्यमंत्री का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, जिससे जिले में विकास कार्यों को और गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# तीन साल से जमे बिलिंग क्लर्क के स्थानांतरण पर जोर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने शुक्रवार को टाउन हॉल में जिले के सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।बैठक में सर्वप्रथम उन्होंने सभी से कहा कि जिस तरह आप सभी अपने निजी पैसों को खर्च करने में सतर्कता बरतते हैं,अगर वही सतर्कता कोषागार से निकासी करते समय बरती जाये तो अवैध निकासी की संभावना न के बराबर रह जायेगी। उन्होंने सभी डीडीओ को कोषागार से संबंधित वित्तीय प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता एवं अवैध निकासी पर रोक लगाने के लिए कड़े निर्देश दिए गए।उपायुक्त श्री शेखावत ने स्पष्ट कहा कि वेतन भुगतान से पूर्व प्रत्येक कर्मी का समुचित सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाए। कर्मियों के नाम, पदनाम, जन्म तिथि, नियुक्ति तिथि सहित सभी विवरणों का मिलान सर्विस बुक एवं अभिलेखों से सुनिश्चित किया जाए। बिना सत्यापन के वेतन निर्गत नहीं होगा।उन्होंने निर्देश दिया कि बैंक खाता से संबंधित जानकारी जैसे खाता संख्या,आईएफएससी कोड आदि का सत्यापन पासबुक अथवा रद्द चेक के माध्यम से अनिवार्य रूप से किया जाए। साथ ही आधार, पैन, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी जैसे विवरण भी अभिलेखों में अद्यतन रहें। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि सभी कर्मियों का एम्पोलायी प्रोफाइल पूर्ण रूप से अपडेट कर उसे फ्रीज किया जाए, ताकि अनधिकृत बदलाव की संभावना समाप्त हो। विशेष परिस्थिति में ही प्रोफाइल अनफ्रीज किया जाए और उसकी निगरानी सुनिश्चित की जाये।उपायुक्त ने डीडीओ लेवल मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से सभी प्रविष्टियों को ऑनलाइन अपडेट करने, समय पर अग्रसारित करने तथा आईटीसी कोड के अनुरूप सत्यापन करने पर बल दिया।इसके अलावा एसीपी/ एमएसीपी जैसी सेवा संबंधित प्रविष्टियों को भी अद्यतन रखने का निर्देश दिया गया।उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी परिस्थिति में अस्थायी आईडी का दुरुपयोग न हो तथा अनावश्यक आईडी को हटाया जाए।सुरक्षा को लेकर उपायुक्त ने सख्त निर्देश दिया कि कोई भी पदाधिकारी अपना ओटीपी किसी के साथ साझा नहीं करेंगे।वित्तीय अनुशासन को और मजबूत करने के लिए उन्होंने तीन वर्षों से अधिक समय से एक ही पद पर कार्यरत बिलिंग क्लर्कों का स्थानांतरण या कार्य परिवर्तन सुनिश्चित करने को कहा। जिन कार्यालयों में केवल एक ही लिपिक हैं, वहां विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।उन्होंने कहा कि सभी बिंदुओं के अनुपालन के प्रमाण स्वरूप डीडीओ द्वारा विपत्रों में प्रमाण-पत्र अंकित करना अनिवार्य होगा। बिना प्रमाण-पत्र के कोषागार से कोई भी भुगतान नहीं किया जाएगा।इसके पूर्व अपर समाहर्ता कुंदन कुमार एवं कोषागार पदाधिकारी ने सभी को ट्रेजरी से जुड़े विभिन्न नियमों से सभी डीडीओ को अवगत कराया।बैठक में अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, कोषागार पदाधिकारी, एलआरडीसी प्यारे लाल, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रमंडलीय आयुक्त से गढ़वा एसपी ने की शिष्टाचार मुलाकात




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** प्रमंडलीय आयुक्त कुमुद सहाय से गढ़वा के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने आयुक्त को गुलदस्ता भेंट कर अभिवादन किया तथा जिले की विधि-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और सुरक्षा से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी दी। आयुक्त ने कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करते हुए जिले में शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने पर जोर दिया। साथ ही, असामाजिक तत्वों पर सख्त नजर रखते हुए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने की बातें कही।

# स्टीयरिंग-सह-मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक संपन्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया के निर्देशानुसार आज समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में परियोजना निदेशक आईटीडीए-सह- प्रभारी उप विकास आयुक्त श्री आलोक शिकारी कच्छप की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत जिला स्तरीय स्टीयरिंग-सह-मॉनिटरिंग कमिटी, खूंटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में योजना के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु विभिन्न बिंदुओं पर गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में उप विकास आयुक्त द्वारा मुख्य रूप से स्कूली बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने, मध्याह्न भोजन एवं इससे संबंधित एसएमएस भेजने की स्थिति, रसोईया-सह-सहायिका को मानदेय भुगतान, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना का बेहतर संचालन समेत अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि विद्यालयों में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति, नियमित एवं मेनू अनुसार मध्याह्न भोजन की उपलब्धता और मध्याह्न भोजन में पौष्टिकता का विशेष ध्यान रखते हुए अनिवार्य रूप से हरी सब्जी तथा अन्य पोषक आहार का समावेश किया जाए।

बच्चों का स्वास्थ्य जांच एवं आईएफए की गोली वितरण की जानकारी लेते हुए उप विकास आयुक्त ने नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच करने, टीकाकरण को लेकर जागरूकता बढ़ाने एवं दवा का वितरण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त ने निर्देशित किया कि बीईओ समेत अन्य संबंधित अधिकारी प्रत्येक माह अपने क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण कर ऑनलाइन रिपोर्ट प्रस्तुत करें ताकि विद्यालयों का संचालन सुचारू रूप से सुनिश्चित किया जा सके।उन्होंने कहा कि विद्यालयों में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण पठन-पाठन, मिड-डे मील की ससमय आपूर्ति, मेनू के अनुसार भोजन वितरण एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर दिया जाए। विद्यालयों की नियमित मोनिटरिंग एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित की जाए। शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें, पूरी तत्परतापूर्वक बच्चों के पठन-पाठन के अलावा बच्चों को स्वच्छता, शिष्टाचार समेत अन्य जरूरी विषयों के प्रति उन्हें जागरूक करें, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके।

इस बैठक में सिविल सर्जन, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, बीईओ सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# डीआईजी से गढ़वा एसपी ने की शिष्टाचार मुलाकात



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) किशोर कौशल से आज गढ़वा के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान जिले की विधि-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। डीआइजी किशोर कौशल ने गढ़वा जिले में विधि- व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु निरंतर सतर्क एवं सक्रिय रहने की सलाह दी। उन्होंने संगठित अपराध, नक्सली गतिविधियों, असामाजिक एवं अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर बल दिया। साथ ही, अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखते हुए त्वरित कार्रवाई करने तथा पुलिस-पब्लिक समन्वय को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। डीआईजी ने कहा कि आमजन में सुरक्षा का भरोसा बनाए रखना है। इसके लिए सभी स्तरों पर बेहतर समन्वय, त्वरित कार्रवाई एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करना आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने जिले में चल रही विधि-व्यवस्था की स्थिति, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में किए जा रहे अभियानों तथा अपराध नियंत्रण के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी भी डीआईजी को दी। उन्होंने निर्देशों का पालन करते हुए जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने का भरोसा दिया।

# ड्रॉपआउट बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु 30 अप्रैल तक चलेगा विशेष अभियान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा "स्कूल रुआर 2026" अभियान का शुभारंभ किया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन, मेदिनीनगर में आयोजित एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला में उपायुक्त शेखावत ने अभियान की शुरुआत की।उन्होंने कहा कि यह अभियान ड्रॉपआउट बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु चलाया जा रहा है जो आगामी 30 अप्रैल तक चलेगा। उन्होंने कहा कि बचपन में शिक्षा की अनदेखी केवल एक बच्चे का नुकसान नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र की क्षति है।हम यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए। उन्होने कहा कि इसे सिर्फ सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि अपना एक नैतिक जिम्मेवारी समझे। उन्होंने कहा कि बच्चों का एनरोलमेंट कैसे बढ़ाया जाये और जो बच्चे किसी कारण स्कूल छोड़ें हैं, उन्हें कैसे वापस लाया जाये इस विषय पर समीक्षा करने की आवश्यकता है।उन्होंने कहा कि बच्चों को स्कूल से जोड़ने की जिम्मेदारी केवल प्रशासन या अभिभावकों की नहीं, बल्कि पूरे समाज की है।उन्होंने इस कार्य से जुड़े सभी स्टेक होल्डर्स से इस कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने क्षेत्रों में स्कूल से बाहर बच्चों की पहचान कर उन्हें पुनः शिक्षा से जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभायें। उन्होंने कहा कि वास्तविक विकास केवल सड़क और भवन निर्माण से नहीं,बल्कि शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य के सुदृढ़ीकरण से संभव है। जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि नये शैक्षणिक सत्र 2026-27 में विशेष नामांकन अभियान चलाया जायेगा, जिसके तहत गांव-स्तर पर सर्वे कर स्कूल से बाहर बच्चों की पहचान की जायेगी। कार्यक्रम के अंत में पोषण पखवारा के तहत सभी को शपथ दिलायी गयी और स्वस्थ व शिक्षित समाज के निर्माण का संकल्प लिया गया।

**आंगनबाड़ी से स्कूल तक का सफर**

अभियान के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों में पढ़ रहे बच्चों के शत-प्रतिशत पारगमन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि उनकी बुनियादी शिक्षा सुचारू रूप से प्राथमिक विद्यालयों में शुरू हो सके। उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि कक्षा 1 से 11वीं तक के प्रत्येक बच्चे का अगली कक्षा में नामांकन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, यू-डाइस के ड्रॉप बॉक्स में मौजूद बच्चों को अनिवार्य रूप से स्कूल के डाटा सिस्टम से जोड़ने की जिम्मेदारी शिक्षकों को सौंपी गयी हैकार्यशाला में पीपीटी के माध्यम से किस स्तर से क्या-क्या किया जाना है,इसकी विस्तृत जानकारी दी गयी।इस अवसर पर अपर समाहर्ता कुंदन कुमार,जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी सेविका समेत अन्य उपस्थित रहे।

# सेवा संपुष्टि पर समीक्षा,शिक्षकों की सेवा पुस्तिका अद्यतन रखने के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में शुक्रवार को शिक्षा विभाग अंतर्गत शिक्षकों की सेवा संपुष्टि से संबंधित स्थापना समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2023 में नियुक्त 253 टीजीटी शिक्षकों के सेवा में तीन वर्ष पूर्ण होने के उपरांत उनकी सेवा संपुष्टि के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी।उपायुक्त श्री शेखावत ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से शिक्षकों की सेवा पुस्तिका से जुड़े बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी ली तथा निर्देश दिया कि सभी शिक्षकों के सेवा अभिलेखों को अद्यतन एवं त्रुटिरहित रखा जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सेवा संपुष्टि की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं नियमसंगत होनी चाहिए, ताकि शिक्षकों को समय पर उनका वैधानिक लाभ मिल सके।बैठक में शिक्षकों की नियुक्ति, योगदान तिथि, शैक्षणिक योग्यता, सेवा अभिलेखों की सत्यता एवं अन्य आवश्यक औपचारिकताओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी एवं जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कुटुंबा गढ़ में प्राचीन काल के मिले हैं कई अवशेष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले में इतिहास की कई गुत्थियों को समेटे हुए है। चाहे वह प्राकृतिक संपदा हो या पुरातात्विक। जिले के कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां अब तक रहस्य उजागर हो। ऐसा ही है कुटुंबा गढ़। औरंगाबाद-डाल्टेनगंज पथ के अंबा से कुटुंबा गढ़ किला की दूरी करीब छह किलोमीटर दूर है। गढ़ पर ही उच्च विद्यालय स्थित है। गढ़ का इतिहास जानने एवं देखने दूर-दूर से लोग पहुंचते हैं। यहां जाने के लिए हर समय वाहन उपलब्ध रहता है। यहां प्राचीन काल के कई अवशेष मिले। बिहार की सबसे पुरानी सभ्यता के संकेत भी मिले लेकिन आज भी यह स्थल उपेक्षित है। इसे वह स्थान नहीं मिल सका है जो ऐसे स्थल को मिलना चाहिए। प्राचीन सभ्यता का अवशेष यह समझने के लिए काफी है कि भारतीय सभ्यता का विस्तार इस स्थल से होकर गुजरा है। इसके रहस्य से पर्दा उठना शुरू हुआ लेकिन वह पूरी तरह उठ नहीं सका। पुरातत्व विभाग इसकी खुदाई कराए तो गढ़ के इतिहास का पता चलेगा। हमे अपने इतिहास को और विरासत को सहेजकर रखने की जरूरत है। आने वाली पीढ़ी के लिए यह प्राचीनकाल का आइना बनेगा। कई शताब्दियों की मानव सभ्यता के विकास के बावजूद हमारी निगाहें उनपर टीकी है जिससे हमारा महत्व परिभाषित हो। पुरातत्व विभाग की टीम ने कई दिनों तक कुटुंबा गढ़ की खोदाई की थी। खुदाई में शुंगकालीन अवशेष मिले। हर्षवर्द्धन काल के सिक्के और धातु बरामद हुए। यह देखकर इस स्थान की महत्ता सामने आने लगी थी। खोदाई के दौरान पुरातत्व विभाग के डा. अनंताशुतोष द्विवेदी को वैष्णव काल का भी कुछ अवशेष मिला तो स्पष्ट हो गया कि बिहार की सभ्यता सबसे पुरानी होने का संकेत दे रही है। खुदाई में कई देवी-देवताओं की मूर्तियां मिली थी। धर्म परिवर्तकों की मूर्तियां, शीशे का बर्तन एवं लौह ताम्र पाषाणकालीन नमूने मिले थे।

कुटुंबा गढ़ कुल 53 एकड़ में फैला है। भूमि के बाहरी भाग में प्राचीन के अवशेष, भव्य तालाब, गढ़ पर बना मठ एवं किले का अवशेष है। इससे यह प्रमाणित होता है कि गढ़ में इतिहास के स्वर्णिम काल के बिखरे पन्ने इधर-उधर पड़े हैं। अल्प खोदाई में प्राचीन मूर्तियां, सिक्के, मिट्टी के बर्तन, मिलने से यह साफ है कि यहां विभिन्न धर्मों के प्रवर्तकों ने भी समय बिताया था। पुरातत्व विभाग की टीम ने खोदाई के दौरान यह माना था कि गढ़ के गर्भ से जो असाधारण तत्व मिले हैं वह बिहार के किसी अन्य हिस्से में नहीं मिले थे। स्थानीय ग्रामीण पर्व के दौरान घर की पुताई के लिए कुटुंबागढ़ मिट्टी लेने आते थे। खोदाई के दौरान कई बार मूर्तियां, बर्तन, सिक्के एवं अन्य सामान निकलते थे। गढ़ का इतिहास जानने की उत्सुकता बचपन से थी जिसे पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आदेश पर पुरातत्व विभाग ने पूरा किया लेकिन अभी भी कई राज सामने आने बाकी है।

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया
बोकारो इस्पात संयंत्र
बोकारो स्टील सिटी -827001, झारखण्ड, भारत

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 26 अप्रैल, 2026, दिन रविवार को बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा आर्ट एंड साइंस स्ट्रीट कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के लिए गांधी चौक से बोकारो मॉल मोड़ तक दोनों तरफ की लेन (सड़क) वाहनों के आवागमन के लिए अपराहन 02:00 बजे से रात के 11:00 बजे तक पूरी तरह से बंद रहेगी।

आर्ट एंड साइंस स्ट्रीट कार्यक्रम में सभी नगरवासी सादर आमंत्रित हैं, साथ ही इस आयोजन की सफलता के लिए सभी से इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की जाती है।

**आदेशानुसार**
**नगर प्रशासन**

पंजीकृत कार्यालय : इस्पात भवन, लोदी रोड, नयी दिल्ली- 110003
कॉर्पोरेट आइडेंटिटी नम्बर L27109DL1973GO1006454 वेबसाइट www/sail.com

हर किसी की जिन्दगी से जुड़ा हुआ है सेल

# घूस लेते बीसीओ धराया

## गोदाम सत्यापन के नाम पर मांगी थी राशि

### निगरानी की टीम लायी पटना, करेगी पूछताछ



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** रोहतास जिले में शुक्रवार को निगरानी विभाग ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक, राजपुर प्रखंड के प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी जनार्दन कुमार को 10 हजार रुपये घूस लेते पकड़ा गया है। गिरफ्तारी के बाद निगरानी टीम उन्हें आगे की कार्रवाई के लिए अपने साथ पटना ले गई।

बताया जा रहा है कि जनार्दन कुमार, राजपुर प्रखंड के पैक्स प्रबंधक प्रशांत कुमार से पैक्स गोदाम के सत्यापन के लिए 10 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहे थे। इस पर पैक्स प्रबंधक ने निगरानी विभाग से शिकायत की। शिकायत की जांच और सत्यापन के बाद निगरानी टीम ने जाल बिछाकर आरोपी अधिकारी को घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई के बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है और लोग इस कदम की सराहना कर रहे हैं।

निगरानी डीएसपी के अनुसार, जनार्दन कुमार के खिलाफ विभाग को शिकायत मिली थी। जब इस शिकायत का सत्यापन किया गया, तो आरोप सही पाए गए। इसके बाद निगरानी टीम ने पूर्व नियोजित योजना के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को रिश्वत की रकम के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद निगरानी टीम ने जनार्दन कुमार के सासाराम स्थित घर पर भी तलाशी ली। हालांकि तलाशी के दौरान कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिला। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई के लिए पटना ले जाया गया।

# तीन दिनों से लापता युवक की मिली लाश

## परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जहानाबाद।** जिले में तीन दिन से लापता एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान करीब 30 वर्षीय अरुण कुमार के रूप में हुई है। उनका शव परस बीघा थाना क्षेत्र के बदलू बीघा गांव के बधार से शुक्रवार सुबह बरामद किया गया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है।

परिजनों के अनुसार, अरुण कुमार का गांव के ही एक व्यक्ति से गेहूं की पलारी जलाने को लेकर कुछ दिन पहले विवाद हुआ था। इसी विवाद के बाद से वह अचानक लापता हो गए थे। काफी खोजबीन के बावजूद जब उनका कोई सुराग नहीं मिला, तो परिजनों ने पुलिस को इसकी सूचना दी थी। शुक्रवार सुबह जब गांव के लोग खेत की ओर गए, तो बधार में एक शव पड़ा देखा। पास जाकर पहचान करने पर वह अरुण कुमार का निकला। इसके बाद इसकी सूचना तुरंत परिजनों और पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि जिस व्यक्ति से अरुण का विवाद हुआ था, उसी ने उनकी हत्या की है। इस आरोप के बाद मामले ने और गंभीर रूप ले लिया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को मामले की गहन जांच के निर्देश दिए।

# अज्ञात बदमाशों ने बाप-बेटे को सरेआम मारी गोली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** जिला मुख्यालय के बिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत सूफी नगर मोहल्ले में गुरुवार की शाम बदमाशों ने सरेआम गोलीबारी कर बाप-बेटे को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। इस अचानक हुई वारदात से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। घायलों की पहचान मोहम्मद मोहन और उनके पुत्र अली फरहान के रूप में हुई है। हमलावरों ने मोहम्मद मोहन के चेहरे पर निशाना साधा, जबकि उनके बेटे अली फरहान के सीने में गोली लगी है।

घटना के तुरंत बाद परिजनों ने आनन-फानन में दोनों को इलाज के लिए स्थानीय मॉडल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने मोहम्मद मोहन को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

घटना के संबंध में परिजनों और प्रत्यक्षदर्शियों ने रोंगटे खड़े कर देने वाली दास्तां सुनाई है। जख्मी अली फरहान के भाई ने बताया कि उसके पिता और भाई घर के पास खड़े थे, तभी मोहल्ले का ही बेचू नामक युवक अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा। पीड़ित पक्ष का दावा है कि बिना किसी विवाद या पूछताछ के अचानक गोली चला

## पुलिस कर रही मामले की छानबीन

दी गई। हमलावर मन्नू नामक युवक के साथ सामान लेकर पहुंचा था और अचानक हिंसक हो गया। हैरानी की बात यह है कि घटना के वक्त वहां कई अन्य लोग भी मौजूद थे, लेकिन हमलावर के खौफ के कारण कोई बीच-बचाव करने नहीं आया।

पीड़ित परिवार का कहना है कि उनकी किसी से कोई पुरानी रंजिश या दुश्मनी नहीं थी और हमला पूरी तरह अचानक किया गया। मोहम्मद मोहन की पत्नी तमन्ना ने रोते हुए बताया कि उनके पति नमाज पढ़कर लौटे थे और दूध लेकर घर के बाहर ही थे, तभी अचानक गोलियों की तड़तड़ाहट और शोर सुनाई दिया। इस हमले में उनके मासूम बेटे को भी निशाना बनाया गया है, जिससे परिवार पूरी तरह सदमे में है।

इधर, सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और सदर डीएसपी वन नुरुल हक मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए हैं और हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है।

# दूध गाड़ी और हाईवा की टक्कर में तीन जख्मी

## आधे घंटे तक केबिन में फंसा रहा चालक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमुई।** जिले के गिद्धौर-झाझा मुख्य मार्ग एनएच-333 पर शुक्रवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें दूध गाड़ी और तेज रफ्तार हाईवा की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि दूध वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। चालक करीब 30 मिनट तक केबिन में फंसा रहा, जिसे स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला।जानकारी के अनुसार, दूध गाड़ी समस्तीपुर से सुधा दूध लेकर झारखंड के देवघर की ओर जा रही थी। इसी दौरान बनझुलिया गांव के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार हाईवा से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और

## स्थानीय लोगों ने दिखायी तत्परता

आसपास के लोग तुरंत बचाव कार्य में जुट गए। दुर्घटना में चालक मो मुख्तार, उपचालक मो मुबारक और कर्मी संजीत साव गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस पहुंची और घायलों को सदर अस्पताल जमुई भेजा गया। चिकित्सक डॉ. मृत्युंजय पंडित ने बताया कि चालक की हालत गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। हादसे के बाद करीब दो घंटे तक एनएच-333 पर जाम की स्थिति बनी रही, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी हुई। बाद में क्रेन की मदद से दोनों वाहनों को हटाकर यातायात बहाल किया गया। गिद्धौर थाना अध्यक्ष राशि मलिक ने बताया कि हाईवा चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# याद किये गये बाबू वीर कुंवर सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** स्थानीय विद्यालय न्यू शिशु प्रतियोगिता निकेतन सत्येंद्र नगर के प्रांगण में बुद्धिजीवी चेतना मंच के जिलाध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

मंच का संचालन कर रहे जिला सचिव संतोष कुमार सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि वीर कुंवर सिंह का जन्म 13 नवंबर 1777 को शाहाबाद जिले के जगदीशपुर रियासत के बाबू साहबजादा सिंह के घर हुआ था। परन्तु आज का दिन बाबू वीर कुंवर सिंह की न तो जन्मोत्सव है और न ही पुण्यतिथि का दिन। आज का दिन उनके महान व्यक्तित्व, कृति, कर्तव्य और शौर्य का दिन है।

उन्होंने कहा कि 23 अप्रैल 1858 को बाबू वीर कुंवर सिंह अंग्रेजों को पराजित कर अपने गृह नगर जगदीशपुर लौटे थे। तभी से 23 अप्रैल को हम सभी विजय दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं ।

उन्होंने कहा कि आज पूरा देश वीर कुंवर सिंह की वीरता को सलाम कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस धरा पर कोई अमर बन कर नहीं रहता है और न मर कर भी अमरता के लिए किसी को किसी विद्यालय में नामांकन लेना पड़ता है। हर इंसान को उसका कर्म,वाणी, व्यवहार, शौर्य और वीरता ही महान बनाता है। बाबू वीर कुंवर सिंह में ये सब गुण कूट-कूट भरा हुआ था।आज वे मर कर भी अमर हैं।

सभा में उपस्थित मंच के प्रदेश संयोजक डॉ संतोष कुमार यादव और जिला संयोजक श्यामता प्रसाद यादव, उप जिलाध्यक्ष लवलेश कुमार यादव, प्रवक्ता रामजन्म सिंह, जी पी सिंह , कोषाध्यक्ष इंजीनियर दूधेश्वर प्रसाद,गोपाल यादव , डॉक्टर अजय यादव, अधिवक्ता विजय कुमार सिंह,समाज सेवी सत्येंद्र शर्मा, बड़ाबाबू विजय कुमार सिंह , सिद्धेश्वर यादव ने अपनी संयुक्त अभिव्यक्ति में कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह जगदीश पुर रियासत के शासक थे । वे अंग्रेजों के खिलाफ कई अहम लड़ाइयां लड़ी । 80 वर्ष के उम्र में बिहार में विद्रोह का नेतृत्व किया। 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम महानायक बने ।

उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के समानांतर सरकार चलाकर काफी समय तक संघर्ष जारी रखा । अपनी अदम्य बहादुरी , गुरिल्ला युद्ध नीति और कुशल नेतृत्व के बल पर अंतिम सांस तक अंग्रेजों को कड़ी टक्कर दी । युद्ध के दौरान बाएं हाथ में गोली लगने पर और शरीर में संक्रमण फैलने की डर से उन्होंने अपनी बांह काट कर गंगा मैया को अर्पित कर दिया।

जिला अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव धन्यवाद ज्ञापन के दौरान कहा कि भारत सरकार ने 23 अप्रैल 1966 को उनके सम्मान में डाक टिकट जारी किया था ।आज पूरा देश वीर कुंवर सिंह का विजयोत्सव दिवस मना रहा है।बुद्धिजीवी चेतना मंच की ओर से मैं कामना करता हूं कि ऐसे महान व्यक्तित्व का जन्म हमारे देश में बार बार हो ।इन्हीं चंद शब्दों के साथ संगोष्ठी समापन की घोषणा की ।

# गर्मी से लोग हलकान

**लखीसराय।** जिले में गर्मी ने अब अपना प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया है। अब तक जहां तापमान 38 से 39 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ था, वहीं बुधवार को अचानक इसमें तेज वृद्धि दर्ज की गई। आसमान से जैसे आग बरसने लगी और धरती तपने लगी। दिन के समय अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। नौ बजे ही तापमान 38 डिग्री तक पहुंच गया, और तेज धूप ने लोगों को झुलसाना शुरू कर दिया। 10 बजे तक पारा 39 डिग्री और 11 बजे 40 डिग्री को पार कर गया। इसके बाद दोपहर एक से दो बजे के बीच तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे हीट वेव का प्रभाव चरम पर रहा।

दिनभर लगभग 24 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म हवाएं चलती रहीं, जिससे लू का असर और अधिक खतरनाक हो गया। गर्म हवाओं के थपेड़ों से लोग बेहाल रहे और बाहर निकलना मुश्किल हो गया।

# डॉ. कलाम फाउंडेशन फॉर रूरल डेवलपमेंट की वार्षिक बैठक




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित शिवाजी नगर प्लस टू उच्च विद्यालय के विज्ञान भवन में डॉ. कलाम फाउंडेशन फॉर रूरल डेवलपमेंट पब्लिक लाइब्रेरी की विशेष वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह ने की, जबकि मंच संचालन सचिव राज नारायण ने किया।

इस दौरान संस्था के आय-व्यय का वार्षिक विवरण कोषाध्यक्ष राजन कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया बैठक में मुख्य रूप से प्रतियोगी परीक्षाओं तथा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में छात्रों की बेहतर सफलता सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा हुई। विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया गया कि फाउंडेशन से जुड़े बच्चों का टॉप-10 में स्थान कैसे सुनिश्चित किया जाए और इसके लिए शिक्षकों व छात्रों को किस तरह मेहनत करनी होगी।

उपस्थित शिक्षकों ने अपने-अपने सुझाव रखते हुए कहा कि किसी एक विषय में अच्छे अंक लाने से नहीं, बल्कि सभी विषयों में संतुलित प्रदर्शन से ही छात्र शीर्ष स्थान प्राप्त कर सकते हैं वक्ताओं ने शिक्षकों से अपील की कि वे अपने-अपने विषय में बच्चों को गहराई से समझाएं और पढ़ाई-लिखाई पर अधिक ध्यान दें। साथ ही छात्रों को नियमित अभ्यास और अनुशासन के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। बैठक में संस्था के संचालन को लेकर भी चर्चा हुई।

# पंचायती राज को सशक्त बनाने में कॉंग्रेस पार्टी की भूमिका विषय पर गोष्ठी




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर गया के स्थानीय चौक स्थित महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल प्रांगण में राष्ट्रीय पंचायती राज को सशक्त बनाने में कॉंग्रेस पार्टी की भूमिका विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि प्रो विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष दामोदर गोस्वामी, विपिन बिहारी सिन्हा, इंटक के जिला महासचिव टिंकू गिरी, प्रद्युम्न दुबे, अशोक राम, रूपेश चौधरी, अमरजीत कुमार, रमेश कुमार गुप्ता, आदि ने कहा कि पंचायती राज सच्चे लोकतंत्र का प्रतिनिधित्व करता है, पंचायती राज संस्थाएं हमारे लोकतंत्र की मजबूत नींव है, भारत की असली ताकत गांवों में बसती है, इसलिए गांवों का सशक्त विकास ही देश की प्रगति का मार्ग है। महात्मा गांधी और विनोबा भावे के ग्राम स्वराज के विचारों से प्रेरित होकर राजीव गांधी के प्रयासों से कॉंग्रेस ने 73 वां संविधान संशोधन लागू किया, जिससे पंचायती राज को संस्थागत मजबूती मिली और लोकतंत्र जमीनी स्तर तक पहुंचा।

आज देश की पंचायतों में 33% महिला आरक्षण, केवल काँग्रेस की वजह से है, कहीं, कहीं ये 50 % तक है, इसके चलते 15 लाख महिलाएं पंचायतों का हिस्सा है और जमीनी स्तर पर अपना राजनीतिक योगदान दे रही है, दूसरे किसी भी देश में इतनी महिलाएं जमीनी स्तर से नहीं जुड़ी है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व डॉ मनमोहन सिंह ने 2010 में इसी दिन को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के रूप में घोषित किया था, कॉंग्रेस पार्टी ग्राम स्वराज की भावना को मजबूत करने के लिए पूरी तरह समर्पित है।

# मंदिरों में चोरी करने वाले गिरोह के दो धराये

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** काजीमोहम्मदपुर थाने की पुलिस ने मंदिरों को निशाना बनाकर चोरी करने वाले अंतरजिला गिरोह का पदाफाश किया है। इस दौरान दो शातिरों को गिरफ्तार किया गया है। इनके ठिकाने से चोरी की गई तीन दान पेटियों को जब्त किया गया है।

पूछताछ में शहर के विभिन्न इलाकों से मंदिरों से हुई चोरी की घटनाओं में संलिप्तता स्वीकार की है। इस गिरोह में और कई शातिर शामिल है। निशानदेही पर कई जगहों पर छापेमारी की जा रही हैं।

बताया गया कि पिछले दिनों रामदयालु इलाके में मुक्तिनाथ मंदिर से दान पेटी की चोरी कर ली गई थी। मामला सामने आने के बाद पुलिस चोरों के पीछे लगी थी। इसी क्रम में गुप्त सूचना व सीसी कैमरे के फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरू की गई।

इसी क्रम में सादपुरा शंकरपुरी इलाके में रह रहे दोनों बदमाशों के बारे में सूचना मिली। ये दोनों दान पेटियों को दूसरे जगह ठिकाना लगाने की तैयारी कर रहे थे। इसी क्रम में काजीमोहम्मदपुर थानाध्यक्ष नवलेश कुमार आजाद ने पुलिस टीम के साथ छापेमारी कर दोनों को दबोच लिया। इस दौरान भागने की भी कोशिश की थी, लेकिन मजबूत घेराबंदी के कारण भाग नहीं सके।

पूछताछ में शातिरों की पहचान वैशाली जिले के हरलोचनपुर सुक्की इलाके के हर्ष कुमार व सकरा इलाके के राहुल कुमार के रूप में हुई है। ये दोनों उक्त इलाके में किराये के मकान में रहकर रात के अंधेरे में घूम-घूमकर मंदिरों से चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे।

पूछताछ में पता चला कि दूसरे शहरों में भी मंदिरों से चोरी की है। इसके लिए वैशाली, समस्तीपुर समेत अन्य जिलों की पुलिस से संपर्क कर पूर्व का रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। पुलिस का कहना है कि लंबित केस सामने आने के बाद रिमांड लेने की कवायद की जाएगी।

# ड्रोन और डॉग स्क्वायड ने खोली अवैध शराब के धंधे की पोल पट्टी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेतिया।** आसमान में मंडराते ड्रोन और जमीन पर मुस्तैद डॉग स्क्वायड ने इलाके में छुपे राज उजागर करने शुरू किए।गलियों और सुनसान ठिकानों पर एक के बाद एक पड़ते छापों ने अवैध शराब के अड्डों का पदार्फाश किया। जो लंबे समय से कानून की नजरों से बचता आ रहा था। तकनीक और सूंघने की पैनी क्षमता के इस संयुक्त ऑपरेशन ने अपराधियों को चौंका दिया।

शराब के धंधे पर रोक के लिए मद्य निषेध उत्पाद विभाग की टीम जिले के विभिन्न इलाकों में लगातार छापेमारी कर रही है। इसी कड़ी में उत्पाद विभाग की अलग-अलग टीम ड्रोन के साथ जिले के विभिन्न इलाकों में छापेमारी कर बड़ी मात्रा में शराब जब्त कर 27 लोगों को गिरफ्तार की है।

उत्पाद विभाग की टीम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पिपरा, मझौलिया के लाल सरैया, सेमरा में ड्रोन और डॉग स्क्वायड की टीम के साथ पहुंची।वहां शराब बनाने के लिए रखे गए 5610 किलोग्राम जावा, गुड़ आदि के घोल और 362 लीटर चुलाई शराब मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

टीम बलथर में छापेमारी के दौरान शिकारपुर थाना क्षेत्र के विक्रमपुर वार्ड छह निवासी सत्यदेव प्रसाद को 300 लीटर नेपाली देसी कस्तूरी प्रीमियम शराब के साथ गिरफ्तार की। रेलवे सुरक्षा बल ने रामनगर के विक्रम साह को चार लीटर 855 मिलीलीटर विदेशी शराब के साथ उत्पाद विभाग को सौंपा। जबकि उत्पाद विभाग की टीम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पिपरा पकड़ी के समीप से पिपरा पकड़ी निवासी रजनेश

## बड़ी मात्रा में शराब बरामद, 27 गिरफ्तार

कुमार को डेढ़ लीटर चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार की। नगर के हरिवाटिका चौक से हरिवाटिका चौक निवासी राजकुमार को 180 मिलीलीटर के 27 बोतल एट पीएम स्पेशल ब्लेंडर के सात पकड़ा गया। पांच विभाग की टीम बेतिया, नरकटियागंज और बगहा अनुमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी कर 27 अभियुक्तों को गिरफ्तार की है। छापेमारी में मद्य निषेध विभाग के सहायक अवर निरीक्षक बिकु कुमार, आशुतोष कुमार, किरण कुमारी, आर किरण, अंकित कुमार, गौतम कुमार व अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

# पैक्स अध्यक्ष के निधन पर शोक

**नगरनौसा(नालंदा)।** प्रखंड के खजुरा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद की गुरुवार को निधन हो गया। उनके निधन के बाद प्रखंड के पैक्स अध्यक्षों के बीच शोक की लहर व्याप्त है। पैक्स अध्यक्षों ने कहा कि श्री प्रसाद की मौत से पैक्स को एक अपूरणीय क्षति हुई है। उनके के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें निर्भीक एवं किसानों व पैक्स अध्यक्ष की समस्याओं को मुखरता से उठाने वाला बताया।श्री प्रसाद कई माह से बीमार चल रहे थे। उनका यह चौथा टर्म था। इनका बड़ा पुत्र महेंद्र सिंह वर्तमान में खजुरा पंचायत का मुखिया हैं।

# भू माफिया गिरफ्तार

## संपत्ति की होगी जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** जिले में पुलिस ने फर्जी कागजात के जरिए जमीन की खरीद-बिक्री करने वाले सक्रिय भू-माफिया गिरोह का पदार्फाश किया है। इस मामले में एक पंचायत रोजगार सेवक को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कृष्णनंदन पासवान के रूप में हुई है, जो ट४९ां१स्त्र४१ जिले के बोचहा में ढफ्र के पद पर कार्यरत था। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार आरोपी ने अपने पैतृक गांव में 2 से 3 करोड़ रुपये की लागत से आलीशान मकान बनवाया है। अब उसकी संपत्ति की जांच कर आगे कार्रवाई की जाएगी। जांच में खुलासा हुआ कि गिरोह साइबर कैफे के जरिए फर्जी दस्तावेज तैयार करता था। इसके बाद अंचल कार्यालय में दाखिल-खारिज कराकर जमीन की बिक्री की जाती थी।

17 मार्च 2026 को बिदुपुर थाना क्षेत्र के एक पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। एसडीपीओ सुबोध कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने निबंधन कार्यालय से कागजातों का सत्यापन कराया।

पूछताछ में सामने आया कि 5 से 7 लोगों का गिरोह मिलकर इस अवैध कारोबार को चला रहा था। इसमें कुछ अंचल कर्मियों की मिलीभगत भी शामिल थी।

गिरोह फर्जी कागजात के आधार पर जमीन अपने नाम कराकर उसे भोले-भाले लोगों को बेच देता था, जिससे उन्हें भारी नुकसान होता था। कृष्णनंदन पासवान के खिलाफ पहले से भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। लालगंज थाना में उसके खिलाफ दो केस दर्ज होने की जानकारी मिली है।

पुलिस ने आरोपी के पास से तीन फर्जी दस्तावेज बरामद किए हैं। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

# एचआईवी के नए मरीजों की पहचान से लग रहे तरह-तरह की कयास

## आजाद ख्याल से जिला बन रहा एचआईवी संक्रमण का हॉटस्पॉट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेखपुरा।** महज 682 वर्ग किमी भौगोलिक क्षेत्रफल तथा अनुमानित 9 लाख की आबादी वाले शेखपुरा जिला की पुरानी पहचान गुलाबी प्याज और पत्थर उत्खनन के रूप में रही है। मगर बदलते जीवन शैली के इस नए युग में जिला की एक भयावह नई पहचान उभर रही है। यह भयावह नई पहचान एचआईवी संक्रमितों की बढ़ती संख्या के रूप में उभर रही है। इस भयावह खतरे का अंदाजा इस आंकड़े से लगाया जा सकता है कि पिछले महीने मार्च में जिला में एचआईवी से संक्रमित 10 नए मरीजों की पहचान हो चुकी है।

जनवरी से लेकर 18 अप्रैल तक इस जानलेवा संक्रमण के 21 नए मरीज चिंहित हो चुके हैं। इससे पहले जिला में एचआईवी से संक्रमित 500 मरीजों का इलाज चल रहा है। यह समूचा आंकड़ा सिर्फ सरकारी है और अधिकांश लोग इसकी जांच ही नहीं कराते हैं। तेजी से बढ़ रहे संक्रमितों के इस भयावह आंकड़ों से शेखपुरा के एचआईवी का हॉटस्पॉट बनाने की आशंका जताई जाने लगी है।

राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम की महिला परामर्शी प्रो सुनीता कुमारी ने बताया सरकार ने सभी गर्भवती तथा उनके पति की एचआईवी जांच को अनिवार्य तथा निःशुल्क किया हुआ है,मगर आधी गर्भवती महिलाएं भी इसकी जांच नहीं कराती हैं तथा जो गर्भवती इसकी जांच कराती हैं,उसमें आधे के पति



अपनी जांच से भाग जाते हैं।

एचआईवी संक्रमण को लेकर पिछला मार्च महीना सबसे खतरों वाला साबित हुआ है। मार्च महीने में 10 नए संक्रमित मिले हैं। इस वर्ष जनवरी से अब तक जिला में एचआईवी के 21 नए संक्रमित मिले हैं। इसमें एक गर्भवती सहित 13 महिला तथा 8 पुरुष शामिल हैं।

संक्रमित गर्भवती महिला को स्पेशल केयर में रखकर दवा दी जा रही है। जिला में इससे पहले लगभग 500 ऐसे व्यक्ति का निःशुल्क इलाज और दवा चल रहा है,जो एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत एचआईवी संक्रमित मिले हैं। मुख्य रूप से असुरक्षित यौन संबंध के कारण होने वाले इस संक्रमण में आजाद ख्याल और खतरों से अनजान रहना है। महिला परामर्शी प्रो सुनीता बताती हैं केस स्टडी में ऐसा पाया गया है जो परदेस में रहने वाले पुरुष परस्त्री से असुरक्षित यौन संबंध बनाकर अनजाने में एचआईवी से संक्रमित होकर फिर अपनी पत्नी को भी यह लाइलाज रोग दे देते हैं। इस महीने संक्रमित मिली एक महिला का तीन महीने पहले ही शादी हुई है। संक्रमितों में अविवाहित किशोर भी शामिल हैं।

# जनगणना कर्मियों को किया गया प्रशिक्षित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवाजीनगर के सभागार भवन में बुधवार को जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारी को लेकर तीसरे दिन भी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण सुपरवाइजर और पर्यवेक्षकों के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला के रूप में संचालित किया गया। 13 अप्रैल से 24 अप्रैल तक चार चरणों में आयोजित किया जाएगा। बीडीओ ने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है जिसकी सफलता पूरी तरह सभी कर्मियों पर निर्भर करती है जो घर-घर जाकर आंकड़ा संग्रह करते हैं। परगनकों और पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया गया कि हुए इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरी जिम्मेदारी ईमानदारी और सतर्कता के साथ निभाए। उन्होंने बताया कि जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकान की गणना की जाएगी जिसके तहत प्रत्येक घर तक पहुंच कर विस्तृत जानकारी लेनी होगी। यह जानकारी लेने से भविष्य की योजनाओं एवं नीतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाएगी। प्रशिक्षक के रूप में मृत्युंजय कुमार सिंह, मृत्युंजय कुमार राय, संतोष कुमार, उमेश प्रसाद राय ,अमित कुमार मिश्रा ने प्रतिभागियों को जनगणना की रूपरेखा ,कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मौके पर प्रवेक्षकों के रूप में पारस नाथ महाराज ,नीलू कुमारी, विपिन बिहारी प्रसाद सहित अन्य प्रवेक्षकों ने भाग लिया।

# आंगनबाड़ी सेविकाओं को मिलेगा स्मार्टफोन

## पोषण पखवाड़ा-2026 के समापन पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत आने वाले आईसीडीएस निदेशालय की ओर से पटना के ज्ञान भवन में पोषण पखवाड़ा-2026 का समापन किया गया। इस मौके पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद उपमुख्यमंत्री सह समाज कल्याण मंत्री बिजेंद्र यादव ने दिव्यांगता प्रोटोकॉल तथा दिव्यांगता जांच अनुसूची (डीएसएस) का औपचारिक शुभारंभ किया। विभागीय सचिव बंदना प्रेयषी ने कहा कि आगामी दो महीने में आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका को एंड्रायड आधारित मोबाइल फोन दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि डीएसएस एक सरल चेकलिस्ट है जिससे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं 0-6 वर्ष के बच्चों में मोटर विकास, भाषा-संचार, संज्ञानात्मक विकास, सामाजिक-भावनात्मक व्यवहार, दृष्टि और श्रवण जैसे छह क्षेत्रों में विकासात्मक देरी की आसानी से पहचान कर सकेंगी। इसके साथ ही आंगनबाड़ी आशा/एएनएम, आरबीएसके टीम जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र (डीईआईसी) तक मजबूत रेफरल प्रणाली स्थापित की जा रही है। इसके अलावा उन्होंने 'हमारे बच्चे, हमारा परिवार' नाम से व्हाट्सएप कम्युनिटी चैनल का लोकार्पण किया। इसके माध्यम से पोषण, देखभाल, प्रारंभिक शिक्षा और मस्तिष्क विकास से जुड़ी जानकारियां सीधे परिवारों तक पहुंचेंगी। उपमुख्यमंत्री सह मंत्री के माध्यम से प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) के तहत 6 वर्ष पूर्ण कर चुके बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरित किया गया। उन्होंने आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका और कर्मियों के लिए गए कार्यों का सराहना किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद समाज कल्याण विभाग की सचिव बंदना प्रेयषी ने कहा कि पोषण पखवाड़ा-2026 के दौरान पूरे बिहार में लगभग 71 लाख से अधिक गतिविधियां आयोजित की गईं। पोषण माह-2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद बिहार ने देशभर में प्रथम स्थान हासिल किया था। उसी निरंतरता में पोषण पखवाड़ा-2026 में भी बिहार ने राष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सचिव ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में दी जा रही सुविधाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने आगे कहा कि वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार, बच्चे के जीवन के पहले 6 वर्ष शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास की मजबूत नींव होते हैं। इस अवधि में लगभग 85 प्रतिशत मस्तिष्क विकसित हो जाता है। यदि इस दौरान उचित पोषण, संवाद, खेल-आधारित सीख और समय पर हस्तक्षेप नहीं मिलता तो बच्चे के पूरे भविष्य पर गहरा असर पड़ सकता है।

# विधानसभा सत्र के सफल संचालन हेतु सीएम ने दी अध्यक्ष प्रेम कुमार को बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** अष्टादश बिहार विधानसभा के द्वितीय सत्र के उपवेशन का सफल संचालन संपन्न होने के बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि यह सत्र लोकतांत्रिक परंपराओं, संसदीय मर्यादाओं और संवैधानिक दायित्वों के अनुरूप अत्यंत सुचारु रूप से संपन्न हुआ जो विधानसभा की गरिमा और परिपक्वता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि अध्यक्ष प्रेम कुमार के कुशल नेतृत्व और संतुलित संचालन के कारण सदन की कार्यवाही व्यवस्थित, सार्थक और परिणामोन्मुख रही। सम्राट चौधरी ने कहा कि विधानसभा केवल कानून निर्माण का मंच नहीं, बल्कि जनता की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। ऐसे में सत्र का शांतिपूर्ण और अनुशासित संचालन लोकतंत्र की मजबूती का संकेत है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष की निष्पक्षता और सभी पक्षों को समान अवसर देने की नीति ने सदन में स्वस्थ संवाद का वातावरण बनाया। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी प्रकार सदन की कार्यवाही उच्च मानकों के अनुरूप संचालित होती रहेगी। मुख्यमंत्री ने पुनः अध्यक्ष प्रेम कुमार को सफल संचालन के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में बिहार विधानसभा आगे भी नई मिसाल कायम करेगी और राज्य के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहेगी।

# विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने दी विश्वास मत हासिल करने पर सीएम को बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा में आयोजित विशेष सत्र में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सदन का विश्वास मत प्राप्त कर लिया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने अपने संबोधन में इसे लोकतंत्र की मजबूती और जनता के विश्वास की जीत बताया। सत्र की शुरुआत में अध्यक्ष ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि यह उपवेशन लोकतांत्रिक परंपराओं, मर्यादा और उत्तरदायित्व का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विधानसभा केवल बहुमत का मंच नहीं, बल्कि विचार और जन-आस्था का केंद्र भी है। सत्ता का वास्तविक आधार जनता का विश्वास है जिसकी अभिव्यक्ति सदन के माध्यम से होती है। अध्यक्ष ने सदस्यों से शालीनता और संयम के साथ चर्चा में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि मतभेद लोकतंत्र की शक्ति हैं, लेकिन मर्यादा उसकी पहचान है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह संसदीय प्रक्रिया पारदर्शिता, शुचिता और संविधान के प्रति निष्ठा को और मजबूत करेगी। विश्वास मत पारित होने के बाद अपने समापन भाषण में अध्यक्ष ने कहा कि यह केवल राजनीतिक जीत नहीं, बल्कि बिहार की जनता के विश्वास और अपेक्षाओं की विजय है। उन्होंने सम्राट चौधरी को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके नेतृत्व, नीतियों और जनता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। अध्यक्ष ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में बिहार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आधारभूत संरचना के क्षेत्रों में नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' के मंत्र के साथ प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।

सदन में उपस्थित उपमुख्यमंत्री, मंत्रिमंडल के सदस्य, अन्य विधायक, अतिथियों और पत्रकारों की मौजूदगी में अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करते हुए राज्य के समग्र विकास के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया।

# विश्वास मत मिलने पर संजय सरावगी ने सम्राट चौधरी को दी बधाई

## किसी को भ्रम पालने की जरूरत नहीं, एनडीए एकजुट : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा के विशेष सत्र में नई सरकार के विश्वास मत हासिल करने के बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मिलकर बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि फ्लोर टेस्ट का सफलतापूर्वक पास होना मजबूत नेतृत्व और जनविश्वास की बड़ी जीत है। इस ऐतिहासिक सफलता के बाद उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के सक्षम एवं दूरदर्शी नेतृत्व में बिहार विकास, सुशासन और स्थिरता के नए मानदंड स्थापित करते हुए प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर रहेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि सरकार ने सदन में आज बिहार के विकास और प्रदेश के समृद्ध बनाने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता स्पष्ट कर दी है। राज्य में एनडीए सरकार जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नई सरकार के लक्ष्य पहले से ही स्पष्ट हैं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी कहा है और हम सभी सहमत हैं कि बिहार विकास, सुशासन और समावेशी विकास के उस पथ पर आगे बढ़ेगा जो नीतीश कुमार ने स्थापित किया है। हम बिहार को उसी पथ पर आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो पहले ही निर्धारित किया गया है। समृद्ध बिहार के निर्माण का वादा पूरा किया जाएगा। एनडीए सरकार पहले भी सत्ता में थी और आज भी है।

# एनबीबीएल ने पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस को नए बिलर के रूप में जोड़ा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, एनपीसीआई भारत बिलपे लिमिटेड ने भारत कनेक्ट इकोसिस्टम पर बीमा श्रेणी के तहत डाक जीवन बीमा को एक बिलर के रूप में जोड़ा है। भारतीय स्टेट बैंक ने बिलर ऑपरेटिंग यूनिट के रूप में डाक जीवन बीमा को इस प्लेटफॉर्म पर लाने का कार्य किया है। इस सुविधा से अब पॉलिसीधारक अपनी पसंद के किसी भी भारत कनेक्ट-सक्षम ऑनलाइन और ऑफलाइन चैनलों के माध्यम से आसानी से अपने प्रीमियम का भुगतान कर सकेंगे।

# ए एन कॉलेज के लोक प्रशासन विभाग में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर विभागीय बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर आज ए एन कॉलेज के लोक प्रशासन विभाग द्वारा एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. कविता राज ने की। विभागीय परिषद की बैठक में सदस्यों ने अपने-अपने ग्रामीण अनुभव को साझा भी किया। डॉ. कामना ने पंचायती राज संस्थाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह व्यवस्था भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करती है और ग्रामीण स्तर पर जनभागीदारी को सुनिश्चित करती है। डॉ प्रीति ने स्थानीय स्वशासन को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसहभागिता के माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में डॉ. अमीरुल्लाह ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पंचायती राज व्यवस्था की उपलब्धियों, चुनौतियों तथा इसके सुदृढ़ीकरण के उपायों के लिए हमें विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना चाहिए। इसके लिए जिम्मेदार नागरिक की जरूरत विद्यार्थियों के द्वारा पूरी की जा सकती है। बैठक में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। पूर्ववर्ती छात्र अमीषा और आदित्य नारायण ने बताया कि ग्रामीण स्तर के घरेलू उद्योगों से जुड़े लोगों की लोक कला, पारम्परिक भोजन बनाने से संबंधित कार्यक्रम को विकसित करने के लिए महाविद्यालय में लघु मेला का आयोजन किया जा सकता है। अंत में धन्यवाद ज्ञापन किया गया और लोक प्रशासन के विभागीय परिषद के सभी सदस्यों ने लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने हेतु प्रेरित किया गया।

# बिहार का गौरव बढ़ाएंगे डॉ. आनंद रंजन झा, बॉलीवुड अभिनेत्री स्नेहा उलाल करेंगी सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना/वैशाली।** बिहार के शिक्षा एवं कौशल विकास क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे कैरियर मिशन कम्पयूटर एकेडमी, जन्दाहा (वैशाली) के संचालक डॉ. आनंद रंजन झा एक बार फिर राज्य का नाम रोशन करने जा रहे हैं। उन्हें आगामी 'बिहारी हीरो अवार्ड 2026' में सम्मानित किया जाएगा। यह भव्य सम्मान समारोह 26 अप्रैल 2026 को राजधानी पटना में आयोजित होगा जिसमें बॉलीवुड अभिनेत्री स्नेहा उल्लाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी और अपने कर-कमलों से डॉ. झा को सम्मानित करेंगी। डॉ. आनंद रंजन झा को यह सम्मान 'बेस्ट कम्प्यूटर एजुकेशन, स्किल डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट' के लिए दिया जा रहा है। उन्होंने अपने संस्थान के माध्यम से हजारों युवाओं को कंप्यूटर शिक्षा एवं कौशल प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनने का मार्ग दिखाया है। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाशाली व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। डॉ. झा की इस उपलब्धि से वैशाली जिले सहित पूरे बिहार में खुशी की लहर है। शिक्षा जगत, छात्रों एवं समाज के लोगों ने इसे गर्व का क्षण बताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, बीमा आयुक्त (पूर्वी क्षेत्र), प्रणय सिन्हा एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक, सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स आदित्य कंस्ट्रक्शन के अंतर्गत साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड पंजीकृत बीमित व्यक्ति स्व. अशोक कुमार गिरी जो फतेहपुर, पटना में मानव बल के पद पर कार्यरत थे उनकी आश्रिता पत्नी - सीमा देवी, पुत्री सृष्टि कुमारी एवं श्वेता कुमारी, पुत्र आदर्श कुमार गिरी को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. अशोक कुमार गिरी की मृत्यु 2-08-2025 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा ईएसआईसी द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 369 रु. प्रतिदिन की दर से प्रतिमाह रु. 11,070/- आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग रु. 99630-/ रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कार्य के दौरान व कार्यस्थल और निवास स्थान के मध्य आवागमन के कारण होने वाली दुर्घटना को इएसआइ कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के तहत रोजगार चोट के रूप में स्वीकृत करने का प्रावधान है जिसके अंतर्गत बीमित कर्मचारी की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रित परिवारजनों को ईएसआई योजना के तहत वेतन का 90% तक मासिक आश्रित पेंशन दिया जाता है।

# भाजपा 26 को मनाएगी भामाशाह जयंती

## समारोह में गणमान्य विद्वान, राजनेता, व्यवसायी, सामाजिक कार्यकर्ता भी होंगे शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा 26 अप्रैल को शूरवीर, धर्मवीर, दानवीर भामाशाह की जयंती भव्य तरीके से मनाएगी। इसको लेकर पार्टी के कार्यकर्ता तैयारी में जुटे हैं। पंचायती राज प्रकोष्ठ के बैनर तले (रविवार) को पटना स्थित बीआईए सभागार में भव्य जयंती समारोह आयोजित किया जा रहा है। भाजपा पंचायती प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुकेश कुमार नंदन ने बताया कि 26 अप्रैल को बड़ी संख्या में लोग इस समारोह में भाग लेंगे और भामाशाह के जीवन-दर्शन, त्याग, राष्ट्रभक्ति और समाजसेवा के आदर्शों को समझेंगे और आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि लोकहित और आत्म-सम्मान के लिए अपना सर्वस्व दान कर देने वाली उदारता के गौरव-पुरुष भामाशाह के आदर्श और प्रेरणा को चिरस्थायी रखने के लिए आयोजित इस भव्य जयंती समारोह में समाज के गणमान्य विद्वान, राजनेता, व्यवसायी, सामाजिक कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी और उनकी जीवन गाथा का बखान करेंगे। उन्होंने कहा कि यह समारोह ऐतिहासिक होने जा रहा है। अब तक यह आयोजन सामाजिक स्तर पर होता था, लेकिन इस बार पार्टी के बैनर तले बड़े पैमाने पर आयोजित किया जा रहा है जिससे कार्यकर्ताओं और समाज में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि समारोह को सफल बनाने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। समाज के सभी वर्गों को जोड़ते हुए भामाशाह के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे महापुरुष की जयंती को पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाया जाना चाहिए। समाज की नई पीढ़ी को भामाशाह के जीवन और उनके आदर्शों से परिचित कराना जरूरी है।

# बलराम दुबे बने विधि विभाग के सचिव-सह-विधि परामर्शी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए मधेपुरा जिले में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर कार्यरत बलराम दूबे को पटना स्थित विधि विभाग में सचिव-सह-विधि परामर्शी के पद पर नियुक्त किया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी आदेश के अनुसार यह नियुक्ति बिहार के राज्यपाल के आदेश से प्रभावी मानी जाएगी। बलराम दूबे न्यायिक सेवा में लंबे अनुभव के लिए जाने जाते हैं और विभिन्न जिलों में न्यायिक पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। औरंगाबाद और मधेपुरा में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में उनके कार्यकाल को प्रशासनिक दक्षता और न्यायिक निष्पक्षता के लिए सराहा गया है। विधि विभाग में सचिव-सह-विधि परामर्शी का पद राज्य सरकार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है जहां नीतिगत मामलों, कानूनी सलाह और विभिन्न प्रशासनिक निर्णयों में विधिक मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। ऐसे में बलराम दूबे की नियुक्ति को विभाग के लिए अहम माना जा रहा है।

# एनएसई ने किया सीइआरसी नियम 2026 में मार्केट कपलिंग लागू करने का स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ने हाल ही में इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन (सीईआरसी) द्वारा जारी पावर मार्केट (ड्राफ्ट सेकंड संशोधन) नियम, 2026 की अधिसूचना का स्वागत किया जो मार्केट कपलिंग लागू करने से संबंधित है। प्रस्तावित संशोधन के अनुसार ग्रिड इंडिया (भारत सरकार का उपक्रम) आयोग की मंजूरी से अगले 6 महीनों के भीतर पावर मार्केट कपलिंग प्रोसीजर (पीएमसीपी) तैयार करेगा, ताकि अलग-अलग पावर एक्सचेंजों में मार्केट कपलिंग को लागू किया जा सके। इस पर एनएसई ने कहा कि मार्केट कपलिंग की शुरुआत भारतीय पावर मार्केट में पारदर्शिता, कामकाज की दक्षता और एक समान कीमत तय करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। 'वन नेशन, वन ग्रिड, वन प्राइस' के सिद्धांत के अनुसार, मार्केट कपलिंग लागू करना एक लंबे समय से इंतजार किया जा रहा सुधार है। बाजार से जुड़े लोगों का मानना है कि इससे पावर मार्केट और मजबूत होगा तथा सही तरीके से कीमत तय करने में मदद मिलेगी। मार्केट कपलिंग लागू होने के बाद, मार्केट कपलिंग ऑपरेटर (ग्रिड इंडिया) सभी तीनों स्पॉट पावर एक्सचेंजों से बोली को एक साथ इकट्ठा करेगा और एक केंद्रीकृत सिस्टम के जरिए उनका मिलान करेगा, ताकि एक ही मार्केट-क्लियरिंग प्राइस तय की जा सके। इसके बाद सभी स्पॉट एक्सचेंज अपने-अपने ट्रेड इसी एक तय कीमत के आधार पर सेटल करेंगे। यह तरीका मूल रूप से एनएसई के मंथली इलेक्ट्रिसिटी फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स के सेटलमेंट के तरीके से मिलता-जुलता है। इसमें किसी महीने की अंतिम सेटलमेंट प्राइस/ड्यू डेट रेट (डीडीआर) सभी तीन स्पॉट पावर एक्सचेंज (पीएक्सआईएल, आईईएक्स और एचपीएक्स) की रोजाना कीमतों के वॉल्यूम-वेटेड एवरेज के आधार पर तय की जाती है। यह गणना डीएएम के सभी सेगमेंट (कन्वेंशनल, ग्रीन और हाई प्राइस) और हर दिन के 96 टाइम ब्लॉक्स को ध्यान में रखकर की जाती है। इसके विपरीत कुछ एक्सचेंज केवल रोजाना कीमतों का साधारण औसत लेते हैं जिसमें ट्रेडिंग वॉल्यूम को नजरअंदाज किया जाता है। एनएसई का डीडीआर तरीका वैज्ञानिक रूप से तैयार किया गया है जिसमें असली ट्रेडिंग वॉल्यूम के आधार पर कीमतों को सही वेटेज दिया जाता है जिससे ज्यादा सटीक और भरोसेमंद कीमत निकलती है।

# विश्वास मत से बिहार में स्थिर और मजबूत सरकार का मार्ग प्रशस्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने बिहार विधानसभा में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में सरकार को विश्वास मत प्राप्त होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. सुमन ने कहा कि यह विश्वास मत केवल संख्याओं की जीत नहीं, बल्कि बिहार की जनता के विश्वास, आकांक्षाओं और स्थिर एवं सशक्त नेतृत्व में भरोसे का प्रतीक है। यह स्पष्ट संदेश है कि बिहार की जनता विकास, सुशासन और सकारात्मक राजनीति के साथ खड़ी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में यह सरकार राज्य को प्रगति, समृद्धि और सामाजिक न्याय के नए आयामों तक ले जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) इस सरकार के साथ मिलकर बिहार के सर्वांगीण विकास और जनकल्याण के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। अंत में डॉ. सुमन ने कहा कि यह विश्वास मत बिहार के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक मजबूत कदम है और राज्य में स्थिरता एवं विकास का नया अध्याय लिखेगा।

# ग्रामीण सड़कों को मिली नई मजबूती, 2,869 किमी सड़कों का हुआ उन्नयन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के सभी 38 जिलों में ग्रामीण सड़क नेटवर्क को सुदृढ़, सुरक्षित और दीर्घकालिक बनाने के उद्देश्य से ग्रामीण कार्य विभाग के स्तर से मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के तहत व्यापक स्तर पर कार्य किये जा रहे हैं। इस योजना का मुख्य लक्ष्य पुरानी एवं जर्जर सड़कों का उन्नयन कर उन्हें आधुनिक मानकों के अनुरूप विकसित करना है, ताकि ग्रामीण संपर्कता हर मौसम में निर्बाध बनी रहे। इस योजना के अंतर्गत अबतक राज्यभर में हजारों किलोमीटर लंबी ग्रामीण सड़कों का कायाकल्प कर उन्हें नई संरचनात्मक मजबूती प्रदान की गई है। विशेष रूप से वे सड़कें, जिनकी पंचवर्षीय अनुरक्षण अवधि समाप्त हो चुकी थी। इस योजना के माध्यम से फिर से सुदृढ़ कर दीर्घकालिक उपयोग के योग्य बनाई जा रही हैं। उल्लेखनीय है कि इस योजनान्तर्गत कुल 859 ग्रामीण सड़कों को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है जिनकी लम्बाई 3,036 किलोमीटर है। इनमें से 783 सड़कों का उन्नयन कार्य पूर्ण हो चुका है। इससे 2,869 किलोमीटर ग्रामीण सड़कें मजबूत हुई हैं। इस दिशा में मिथिला क्षेत्र के मधुबनी जिले में सर्वाधिक 199 किलोमीटर, पश्चिमी चंपारण में 152 किलोमीटर, समस्तीपुर में 145 किलोमीटर तथा इसके अलावा गया जिले में 142 किलोमीटर सड़कों का उन्नयन किया गया है। इन कार्यों से स्थानीय स्तर पर यातायात व्यवस्था को नई गति मिली है। ग्रामीण कार्य विभाग के स्तर से इस योजना को एक्शन मोड में संचालित करते हुए गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता पर विशेष बल दिया जा रहा है। उन्नयन के पश्चात सड़कों की संरचनात्मक मजबूती और समतल सतह सुनिश्चित की जा रही है।

# विपक्ष का महिला विरोधी चेहरा उजागर : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बिहार विधानसभा में महिला आरक्षण संशोधन विधेयक को संसद में पारित नहीं होने देने पर कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) समेत विपक्षी दलों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किए जाने का समर्थन और स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे महिला अधिकार के विरोधियों की निंदा की ही जानी चाहिए। महिला आरक्षण संशोधन विधेयक को महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताते हुए उन्होंने कहा कि इसका विरोध करने वाले दलों ने महिलाओं के अधिकारों के प्रति नकारात्मक रवैया अपनाया है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण संशोधन विधेयक पास नहीं होना महिलाओं के साथ धोखा हुआ है। राजद, कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों पर सीधा निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इससे विपक्ष का महिला विरोधी चेहरा भी उजागर हो गया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पारित न होने के लिए विपक्ष को दोषी ठहराते हुए कहा कि विपक्ष का असली चेहरा बेनकाब हो गया है।

# संगठन सृजन साथी जनसंपर्क अभियान से बिहार कांग्रेस को मिलेगी नई ऊर्जा

## प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने बीपीसीसी पर्यवेक्षकों के साथ की समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम की अध्यक्षता में 'संगठन सृजन साथी जनसंपर्क अभियान' को लेकर बीपीसीसी पर्यवेक्षकों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीपीसीसी ऐप तथा संगठन सृजन साथी जनसंपर्क अभियान की रणनीति और कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कांग्रेस संगठन को गांव और बूथ स्तर तक मजबूत और सक्रिय बनाना है। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि संगठन सृजन साथी जनसंपर्क अभियान बिहार कांग्रेस के लिए संजीवनी का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से हर गांव और हर बूथ पर संगठन को मजबूती दी जाएगी तथा पार्टी कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए सीधे संगठन से जोड़ा जाएगा। उन्होंने अभियान की रूपरेखा बताते हुए कहा कि 25 अप्रैल को सभी बीपीसीसी पर्यवेक्षक अपने-अपने प्रभार वाले जिलों के लिए रवाना होंगे और 30 अप्रैल तक जिलों में रहकर अभियान से संबंधित गतिविधियों को संचालित करेंगे। इस दौरान जिला अध्यक्षों एवं जिला कमेटी के साथ बैठक, प्रदेश कमेटी के दावेदारों और ब्लॉक अध्यक्षों के साथ समन्वय बैठक तथा सृजन साथी अभियान के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रेस वार्ता भी आयोजित की जाएगी। राजेश राम ने आगे बताया कि अभियान के अगले चरण में 2 मई को दक्षिण बिहार के सभी नवनियुक्त जिला अध्यक्षों तथा 3 मई को उत्तर बिहार के नवनियुक्त जिला अध्यक्षों एवं सभी पर्यवेक्षकों का स्वागत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष के साथ विशेष बैठक आयोजित की जाएगी।

# संपादकीय

## युद्धविराम बढ़ा, तनाव कायम!

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि उन्होंने यह कदम तेहरान के आंतरिक मतभेदों से जूझ रहे नेतृत्व को सात सप्ताह से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए एक प्रस्ताव तैयार करने का समय देने के उद्देश्य से उठाया है।अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्धविराम को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया गया है। इससे उन आशंकाओं पर फिलहाल विराम लग गया है कि पश्चिम एशिया में फिर से बारूद बरसने लगेगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से की गई इस घोषणा को अस्थायी रूप से भले ही एक अच्छी पहल माना जा रहा है, लेकिन जब तक दोनों पक्षों के बीच विवाद का स्थायी समाधान नहीं होगा, तब तक युद्ध की चिंगारी अंदर ही अंदर सुलगती रहेगी।यही नहीं, युद्धविराम की अवधि बढ़ाने का फैसला तभी सार्थक साबित होगा, जब होर्मुज जलमार्ग को दुनिया के लिए खोल दिया जाएगा, क्योंकि इसकी वजह से वैश्विक स्तर पर ऊर्जा का संकट पैदा हो गया है। इसका प्रभाव उन देशों पर भी पड़ रहा है, जिनका युद्ध से सीधे तौर पर कोई संबंध नहीं है। होर्मुज जलमार्ग को लेकर ईरान के अड़ियल रवैये के बाद अमेरिका की नाकेबंदी से हालात और जटिल हो गए हैं। ऐसे में जरूरी है कि अब दोनों पक्ष उस शांति वार्ता को आगे बढ़ाने को प्राथमिकता दें, जो पाकिस्तान के इस्लामाबाद में बेनतीजा रही थी।गौरतलब है कि पश्चिम एशिया में दो सप्ताह के युद्धविराम की अवधि बुधवार को खत्म हो रही थी, जबकि अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता के दूसरे दौर को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई थी। अमेरिका चाहता था कि वार्ता आगे बढ़े, लेकिन ईरान ने अमेरिका की ओर से मिल रही धमकियों का हवाला देते हुए बातचीत की मेज पर आने की सहमति नहीं जताई। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि उन्होंने यह कदम तेहरान के आंतरिक मतभेदों से जूझ रहे नेतृत्व को सात सप्ताह से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए एक प्रस्ताव तैयार करने का समय देने के उद्देश्य से उठाया है।मगर, सवाल है कि ईरान की ओर से जो प्रस्ताव पूर्व में दिया गया था और जिसे पहले दौर की शांति वार्ता में रखा गया था, जब उस पर किसी तरह की सहमति नहीं बन पाई, तो नए प्रस्ताव की स्वीकार्यता कैसे संभव हो पाएगी? क्या ईरान अपनी शर्तों में नरमी लाएगा या फिर अमेरिका अपने रुख में बदलाव लाने पर विचार करेगा? वर्तमान में दोनों पक्षों की ओर से जिस तरह के तेवर दिखाए जा रहे हैं, उससे स्थिति सुधरने के बजाय जटिल होती जा रही है।अमेरिका के राष्ट्रपति ने युद्धविराम बढ़ाने के एलान के साथ यह भी स्पष्ट कर दिया है कि ईरान पर हमले तभी तक रुकेंगे रहेंगे, जब तक उसके नेता और प्रतिनिधि समेकित प्रस्ताव तैयार नहीं कर लेते। साथ ही कहा कि ईरान के बंदरगाहों पर आर्थिक नाकेबंदी जारी रहेगी। इस घोषणा के बाद ईरान की ओर से होर्मुज में तीन जहाजों पर हमले किए गए। इससे पहले अमेरिका की नौसेना ने ईरानी कच्चे तेल को ले जा रहे एक जहाज को अपने कब्जे में ले लिया था।इस बीच, ईरान ने कहा है कि अमेरिका की ओर से जब तक नाकेबंदी नहीं हटाई जाती है, तब तक बातचीत दोबारा शुरू नहीं होगी। इससे साफ है कि भले ही युद्धविराम काफी हद तक कायम रहे और ईरान तथा अमेरिका बड़े हमले दोबारा शुरू न करें, फिर भी यह तनाव वैश्विक अर्थव्यवस्था पर दबाव बनाए रखेगा। सवाल है कि क्या अमेरिका और ईरान की यह जिम्मेदारी नहीं है, जिन देशों का इस युद्ध से सीधा संबंध नहीं है, उन पर इसका कोई प्रभाव न पड़े? दोनों देशों को इस बात पर गंभीरता से विचार करना होगा कि वे शांति वार्ता की मेज पर आएं और ईमानदारी से विवाद का स्थायी हल खोजने की कोशिश करें।

# अंतरिक्ष में युद्ध की दस्तक! मानव सभ्यता अपने ही बनाए तकनीकी जाल में फंसने जा रही है

**आज का युद्ध सीमाओं पर खड़े सैनिकों से ज्यादा उन उपग्रहों पर निर्भर है, जो हजारों किलोमीटर ऊपर चुपचाप पूरी दुनिया की गतिविधियों को संचालित करते हैं। सैन्य रणनीतियों से लेकर मिसाइल और ड्रोन हमलों तक, संचार से लेकर मार्गदर्शन तक, हर चीज अंतरिक्ष से नियंत्रित हो रही है। यही वह बिंदु है, जहां युद्ध एक ऐसे आयाम में प्रवेश कर सकता है, जिसके परिणाम पूरी व्यवस्था के ध्वस्त हो जाने की त्रासदी के रूप में सामने आएंगे। ऐसे में अब समूची मानव सभ्यता को इस बात पर गंभीरता से विचार करना होगा कि कहीं वह अपनी ही विकसित की गई तकनीकी शक्ति को अपने विनाश का साधन तो नहीं बना रही है?**

**(विजन कुमार पांडेय)**

अंतरिक्ष युद्ध की भयावहता इसी में है कि उसका असर बहुत व्यापक और दूरगामी होता है। एक उपग्रह का नष्ट होना केवल एक उपकरण का खत्म होना नहीं होता, बल्कि यह उस तंत्र के टूटने की शुरुआत होती है, जिस पर आधुनिक जीवन टिका हुआ है।

विश्व भर में युद्ध का स्वरूप जिस तेजी से बदल रहा है, उससे यह आशंका भी गहराती जा रही है कि आने वाले दिनों में यह केवल जमीन, समुद्र या हवा तक सीमित नहीं रहेगा। यह अंतरिक्ष की ओर भी बढ़ता हुआ एक ऐसा संभावित संकट है, जिसकी भयावहता का अंदाजा लगाना भी मुश्किल है। पश्चिम एशिया में संघर्ष से स्पष्ट संकेत मिले हैं कि भविष्य के युद्ध में आसमान और अंतरिक्ष से लड़ने की रणनीति को प्राथमिकता दी जा सकती है। इसमें मानवीय भूमिका कम होगी, लेकिन इसके असर का दायरा व्यापक होगा।

आज का युद्ध सीमाओं पर खड़े सैनिकों से ज्यादा उन उपग्रहों पर निर्भर है, जो हजारों किलोमीटर ऊपर चुपचाप पूरी दुनिया की गतिविधियों को संचालित करते हैं। सैन्य रणनीतियों से लेकर मिसाइल और ड्रोन हमलों तक, संचार से लेकर मार्गदर्शन तक, हर चीज अंतरिक्ष से नियंत्रित हो रही है। यही वह बिंदु है, जहां युद्ध एक ऐसे आयाम में प्रवेश कर सकता है, जिसके परिणाम पूरी व्यवस्था के ध्वस्त हो जाने की त्रासदी के रूप में सामने आएंगे। ऐसे में अब समूची मानव सभ्यता को इस बात पर गंभीरता से विचार करना होगा कि कहीं वह अपनी ही विकसित की गई तकनीकी शक्ति को अपने विनाश का साधन तो नहीं बना रही है?

अंतरिक्ष युद्ध की भयावहता इसी में है कि उसका असर बहुत व्यापक और दूरगामी होता है। एक उपग्रह का नष्ट होना केवल एक उपकरण का खत्म होना नहीं होता, बल्कि यह उस तंत्र के टूटने की शुरुआत होती है, जिस पर आधुनिक जीवन टिका हुआ है। जब उपग्रह पर हमले होंगे, तो अंतरिक्ष मलबे के खतरनाक जाल में बदलने लगेगा। हजारों टुकड़ों में बिखरा यह मलबा बंदूक की गोलियों की तरह तेजी से घूमेगा और दूसरे उपग्रहों से टकराकर उन्हें नष्ट कर सकता है। यह एक ऐसा चक्र है, जो शुरू तो किया जा सकता है, लेकिन उसे रोकना संभव नहीं होता। इसका अंजाम यह हो सकता है कि अंतरिक्ष दशकों तक खतरनाक मलबे का कब्रिस्तान बन जाए और समूची मानव सभ्यता तकनीकी रूप से फिर अंधकार युग में धकेल दी जाए।

जब अंतरिक्ष में कोई गड़बड़ी होगी, तो उसका असर धरती पर व्यापक रूप से महसूस होगा। एक ऐसी दुनिया की कल्पना भी डराती है, जहां इंटरनेट अचानक बंद हो जाए, मोबाइल नेटवर्क गायब हो जाएं और संचार के सभी साधन पूरी तरह से ठप पड़ जाएं। हवाई जहाज अपने रास्ते से भटक जाए, समुद्र में जहाज अपना रास्ता खो दें, और यहां तक कि आपातकालीन सेवाएं भी काम करना बंद कर दें। अस्पताल के उपकरण, बैंकिंग प्रणाली और आपदा प्रबंधन सब कुछ ठप पड़ जाए। फिर यह किसी एक देश की समस्या नहीं होगी, बल्कि पूरी मानव सभ्यता के ठहर जाने जैसा होगा। तब यह युद्ध बिना बम गिराए भी जीवन की रफ्तार को रोक देगा। तब यह प्रभाव केवल एक तकनीकी समस्या तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सीधे-सीधे पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था की नींव को हिला देगा। आज की दुनिया में डिजिटल तंत्र सिर्फ सुविधा नहीं, बल्कि आर्थिक जीवन रेखा बन चुके हैं। बैंकिंग प्रणाली, आनलाइन वित्तीय लेन-देन, शेयर बाजार, अंतरराष्ट्रीय व्यापार, आपूर्ति शृंखला, ये सब कुछ उपग्रह आधारित संचार और मार्गदर्शन पर निर्भर है।



वर्तमान परिदृश्य में जहां 'क्रिप्टोकरेंसी' और 'रियल-टाइम ग्लोबल ट्रेडिंग' तेजी से बढ़ रही है, ऐसे में संभावित अंतरिक्ष युद्ध का खतरा और भी गंभीर हो जाता है। इसके अलावा, बंदरगाहों और हवाई अड्डों पर कामकाज ठप हो जाने का सीधा असर आम लोगों के जीवन पर पड़ेगा। जरूरी वस्तुओं की कमी हो जाएगी, महंगाई अचानक बढ़ जाएगी और रोजगार पर भी खतरा मंडराने लगेगा। सरकारें आपातकालीन उपाय अपनाने पर मजबूर होंगी, लेकिन डिजिटल निर्भरता इतनी गहरी हो चुकी है कि पारंपरिक प्रणाली तुरंत उसकी भरपाई नहीं कर पाएगी। सबसे खतरनाक बात यह है कि इससे होने वाली तबाही अचानक दबे पांव आएगी- न कोई धमाका, न युद्ध का शोर। व्यवस्था एक ऐसे संकट में घिर जाएगी, जिसकी तुलना किसी भी पारंपरिक युद्ध से करना मुश्किल होगा।

दुनिया आज उस खतरनाक मोड़ पर खड़ी है, जहां अब परमाणु ठिकाने भी युद्ध की मार से सुरक्षित नहीं हैं। जो स्थान कभी वर्जित माने जाते थे, आज वे सैन्य रणनीति का हिस्सा बनते जा रहे हैं। यह सिर्फ एक सैन्य रणनीतिक बदलाव नहीं, बल्कि वैश्विक सुरक्षा व्यवस्था के ढहने का संकेत है। रूस-यूक्रेन युद्ध ने इस खतरे को स्पष्ट रूप से उजागर किया है। यूक्रेन का जापोरिजिया परमाणु संयंत्र, जो यूरोप का सबसे बड़ा संयंत्र है, वह रूसी सेना के हमलों की जद में है। अगर वहां कोई बड़ी दुर्घटना होती है, तो उसका प्रभाव केवल यूक्रेन तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वह पूरे यूरोप को अपनी चपेट में ले सकता है। इसी तरह पश्चिम एशिया में तनाव कम होता नजर नहीं आ रहा है। अमेरिका और इजराइल लंबे समय से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को खाड़ी देशों के लिए खतरा मानता रहे हैं। पिछले वर्ष अमेरिका की ओर से फोर्दो, नतांज और इस्फहान पर हमले यह दिखाते हैं कि दुनिया की महाशक्तियां भी अब 'लाल रेखा' को लांघ रही हैं। इस तरह के हमले समाधान नहीं, बल्कि जोखिम और अस्थिरता को कई गुना बढ़ा देते हैं।

इस पूरे परिदृश्य का एक और चिंताजनक पहलू है- साइबर युद्ध। अमेरिका की परमाणु सुरक्षा एजंसी में सेंध की कोशिश और वैश्विक ऊर्जा कंपनियों पर 'रैंसमवेयर' हमले यह दिखाते हैं कि परमाणु ढांचों पर अब केवल बम और मिसाइल का नहीं, बल्कि डिजिटल खतरा भी मंडरा रहा है। एक साइबर हमला किसी भी परमाणु रिएक्टर को अस्थिर कर सकता है, जिसके परिणाम किसी परमाणु विस्फोट से कम नहीं होंगे। अंतरराष्ट्रीय कानून स्पष्ट रूप से कहते हैं कि ऐसे ठिकानों पर हमला नहीं किया जाना चाहिए, जहां से खतरनाक विकिरणों का उत्सर्जन हो सकता है। मगर जब अमेरिका, रूस और इजरायल जैसे देश ही इन सीमाओं को नजरअंदाज करने लगें, तो अंतरराष्ट्रीय कानूनों के महत्त्व और प्रासंगिकता पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

इसका समाधान यही है कि परमाणु ठिकानों को हर हाल में युद्ध के दायरे से बाहर रखा जाए, चाहे वह पारंपरिक युद्ध हो या साइबर युद्ध। इसके लिए वैश्विक सहमति और कड़े प्रतिबंध जरूरी हैं। साथ ही, आइएईए जैसी संस्थाओं को और अधिक पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाना होगा, ताकि उन पर सभी देशों का विश्वास कायम रह सके। अगर आज भी दुनिया नहीं चेती, तो कल एक छोटी-सी चूक एक बड़े परमाणु हादसे में बदल सकती है। उस समय न कोई विजेता होगा, न पराजित, बल्कि केवल विनाश बचेगा। दुनिया पहले ही एक नाजुक दौर में है, जहां मौसम पूर्वानुमान और पर्यावरण निगरानी उपग्रहों पर निर्भर हैं। अंतरिक्ष संघर्ष इन प्रणालियों को कमजोर कर सकता है, जिससे आपदा चेतावनी तंत्र प्रभावित होगा और ऊर्जा संकट के चलते देश फिर से जीवाश्म ईंधनों की ओर लौटेंगे, जिससे पेरिस समझौते के लक्ष्य खतरे में पड़ सकते हैं।

यह केवल रणनीतिक नहीं, बल्कि एक नैतिक संकट भी है। अंतरिक्ष, जो मानवता की साझा धरोहर है, अब शक्ति प्रदर्शन का मंच बनता जा रहा है। उपग्रह-रोधी हथियारों की होड़ विज्ञान के उद्देश्य पर ही सवाल उठा रही है। ऐसे में भारत की भूमिका महत्त्वपूर्ण हो जाती है। इसरो ने अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग का उदाहरण पेश किया है। भारत को वैश्विक मंचों पर अंतरिक्ष के सैन्यीकरण के खिलाफ मजबूत आवाज उठानी चाहिए। यह पूरी मानवता के भविष्य का प्रश्न है, जिसमें कोई विजेता नहीं होगा।

अंतरिक्ष में जिसका दबदबा रहेगा, वही दुनिया का सबसे बड़ा बादशाह बनेगा। पिछले वर्ष रूस ने अपने एक उपग्रह से मिसाइल हमला कर दूसरे उपग्रह को मार गिराया था। तब से रूस का यह कदम अंतरिक्ष को युद्ध के मोर्चे के रूप में बदलने की दिशा में एक बड़ी रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। यही नहीं चीन भी बहुत तेजी से अंतरिक्ष जंग के लिए अपने को तैयार कर रहा है।

# 10-20 रुपये में मिलने वाली झालमुड़ी, लाखों लोगों का रोजगार है, हल्के में मत लीजिए सरकार

**(सुधांशु माहेश्वरी)**

20 रुपये की झालमुड़ी में किसानों से लेकर मजदूरों तक, व्यापारी से लेकर रेहड़ी वालों तक, सभी की मेहनत शामिल होती है।पश्चिम बंगाल चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का झालमुड़ी खाना चर्चा का विषय बन गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 24 घंटे के अंदर पीएम मोदी के उस वीडियो को 100 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिले। जिस झालमुड़ी का स्वाद पीएम मोदी ने चखा, पश्चिम बंगाल के साथ भारत के कई दूसरे राज्यों में ये लोगों का पसंदीदा स्नैक है। बात चाहे उत्तर प्रदेश की हो, पंजाब की हो, झारखंड की हो या फिर ओडिशा, अलग-अलग नामों से प्रचलित यह स्नैक वहां भी खूब खाया जाता है।

इसको बनाना जितना आसान है, इसकी कीमत भी उतनी ही किफायती है। 10 से लेकर 20 रुपये तक में पेट भर झालमुड़ी लोगों को मिल जाती है। झालमुड़ी से लाखों लोगों का घर चलता है। जिन चीजों से मिलकर यह स्नैक तैयार होता है, वही उसकी असल इकोनॉमिक्स है। झालमुड़ी बनाने में मुख्य रूप से मुरमुरा, सरसों का तेल, बारीक कटी सब्जियां, भुनी मूंगफली, उबले आलू, हरी मिर्च और मसालों का इस्तेमाल होता है।

इसका मतलब है कि एक 20 रुपये की झालमुड़ी में किसानों से लेकर मजदूरों तक, व्यापारी से लेकर रेहड़ी वालों तक, सभी की मेहनत शामिल है। शुरुआत खेत में फसल की उगाई से होती है, फिर फैक्ट्री में प्रोसेसिंग और अंत में एक ठेले वाले तक उसकी सप्लाई पहुंचती है। इस पूरी प्रक्रिया को झालमुड़ी के उदाहरण से ही समझने की कोशिश करते हैं।

झालमुड़ी में सबसे मूल सामग्री मुरमुरा है जो चावल से बनता है। इस अकेले मुरमुरा बनने की प्रक्रिया में खेत में काम करने वाले मजदूर, राइस मिल में काम करने वाले मशीन ऑपरेटर,पैकिंग स्टाफ और ट्रांसपोर्ट सप्लाई में शामिल ड्राइवर्स को नौकरी मिलती है। इसी तरह सरसों का तेल भी झामुढ़ी में इस्तेमाल होता है। इसकी बनने की प्रक्रिया में भी किसान शामिल है, फिर फैक्ट्रियों में उसकी सफाई करने वाला मजदूर है और अंत में उनकी पैकेजिंग में शामिल दूसरे कारीगर।

यहां पर भी किसानों से लेकर फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर, पैकेजिंग में शामिल स्टाफ और ट्रांसपोर्ट में इस्तेमाल हो रहे ड्राइवरों को नौकरी मिल रही है।

मसाले भी झालमुड़ी की एक बड़ी यूएसपी हैं जिनके बिना इस स्नैक का स्वाद ही नहीं आ सकता। यहां भी नमक उद्योग, मसाला उद्योग, पैकेजिंग इंडस्ट्री और ट्रांसपोर्ट-लॉजिस्टिक्स तक सब शामिल हैं।

झालमुड़ी की सप्लाई चेन तो समझ आ गई है, यह स्नैक देश के लाखों ठेले वालों की एक बड़ी आजीविका भी बन चुका है। केंद्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी के मुताबिक भारत में 49.48 लाख रजिस्टर्ड स्ट्रीट वेंडर्स हैं। यहां भी सबसे ज्यादा स्ट्रीट वेंडर उत्तर प्रदेश में मौजूद हैं जिनकी संख्या 8.49 लाख से भी ज्यादा है। पश्चिम बंगाल में भी बड़ी संख्या में स्ट्रीट वेंडर्स मौजूद हैं, हालांकि जानकार मानते हैं कि बड़ी संख्या अब भी रजिस्ट्रेशन के दायरे से बाहर है।

यह ध्यान रखना भी जरूरी है कि सभी स्ट्रीट वेंडर फूड आइटम नहीं बेचते हैं। कपड़े, घरेलू सामान और दूसरी चीजें भी बेची जाती हैं। लेकिन यहां ज्यादा बड़ी संख्या फूड स्ट्रीट वेंडर्स की होती है, शहरों में यह चलन और ज्यादा प्रबल दिख जाता है। यही वेंडर्स सड़कों पर झालमुड़ी जैसे नाश्ते बेचते हैं। उसी से उनका घर चलता है और दो वक्त की रोटी मिल पाती है।

झालमुड़ी को एक तरह से 'रेल स्नैक' भी कहा जा सकता है। प्लेटफॉर्म पर इंतजार करता यात्री हो या ट्रेन पकड़ने की जल्दी में भागता मुसाफिर, इसकी लोकप्रियता वहां भी साफ दिखती है। भारतीय रेलवे के 7,300 से ज्यादा स्टेशनों के नेटवर्क में ज्यादातर स्टेशनों पर यह स्नैक बड़ी संख्या में बिकता है। ऐसे में 10 से 20 रुपये में मिलने वाली यह झालमुड़ी रेल इकोनॉमी से भी गहराई से जुड़ी हुई है।

इसके ऊपर भारत जैसा देश चावल का एक बड़ा उत्पादक है, दुनिया में उसकी हिस्सेदारी 28 फीसदी के करीब बैठती है। भारत में चावल की खेती लगभग 50 से 52 मिलियन हेक्टेयर में होती है। ऐसे में अगर झालमुड़ी जैसा स्नैक ना बनाया जाए तो भारत के चावल का एक बड़ा हिस्सा कहां जाएगा, उसका इस्तेमाल कैसे होगा?

ऐसे में झालमुड़ी को सिर्फ एक 10 या 20 रुपये के नाश्ते के रूप में नहीं देखा जा सकता, यह भारत की असंगठित अर्थव्यवस्था का अहम अंग है जिसका कागजों में भले ही टर्नओवर ना दिखे, लेकिन लाखों लोगों का यह सहारा है।

# ब्रिगेड मैदान की जंग में ममता बनाम अमित शाह की जंग

**प्रधानमंत्री रहते अटल बिहारी वाजपेयी ने कोलकाता की यात्रा की थी। उस दौरे पर उन्होंने तत्कालीन रेल मंत्री के कालीघाट स्थित घर का दौरा किया था। तब उन्होंने मंत्री की मां से उलाहना दिया था, आपकी बेटी मुझे बहुत परेशान करती हैं। कहना न होगा कि वह शख्सियत डेढ़ दशक से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री है। ममता बनर्जी लड़ाका है। धूल से उठकर राजनीतिक आसमान का तारा अगर वे बनी हुई हैं, उसकी वजह उनका सघर्षशील व्यक्तित्व ही है। लेकिन कोलकाता के मैदान में इस बार यह योद्धा फंसा नजर आ रहा है। भारतीय जनता पार्टी जिस तरह उनसे दो-दो हाथ कर रही है, निश्चित तौर पर उसके पीछे नरेंद्र मोदी की अगुआई में बंगाल की धूल में लगातार परिश्रम कर रहे बीजेपी के कार्यकर्ता हैं। आज अगर बंगाली की सियासी लड़ाई आर-पार के दौर में आ चुकी है तो इसके पीछे अमित शाह की रणनीति काम कर रही है।**

**(उमेश चतुर्वेदी)**

साल 2021 में राज्य में तृणमूल कांग्रेस को 213 सीटें और करीब 44 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि बीजेपी को 38 प्रतिशत वोट के साथ 77 सीटों पर संतोष करना पड़ा था। हालांकि 2016 के विधानसभा चुनावों के मुकाबले देखें तो पार्टी ने तीन सीट और करीब 28 प्रतिशत वोट की तुलना में बड़ी छलांग लगाई।

प्रधानमंत्री रहते अटल बिहारी वाजपेयी ने कोलकाता की यात्रा की थी। उस दौरे पर उन्होंने तत्कालीन रेल मंत्री के कालीघाट स्थित घर का दौरा किया था। तब उन्होंने मंत्री की मां से उलाहना दिया था, आपकी बेटी मुझे बहुत परेशान करती हैं। कहना न होगा कि वह शख्सियत डेढ़ दशक से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री है। ममता बनर्जी लड़ाका है। धूल से उठकर राजनीतिक आसमान का तारा अगर वे बनी हुई हैं, उसकी वजह उनका सघर्षशील व्यक्तित्व ही है। लेकिन कोलकाता के मैदान में इस बार यह योद्धा फंसा नजर आ रहा है। भारतीय जनता पार्टी जिस तरह उनसे दो-दो हाथ कर रही है, निश्चित तौर पर उसके पीछे नरेंद्र मोदी की अगुआई में बंगाल की धूल में लगातार परिश्रम कर रहे बीजेपी के कार्यकर्ता हैं। आज अगर बंगाली की सियासी लड़ाई आर-पार के दौर में आ चुकी है तो इसके पीछे अमित शाह की रणनीति काम कर रही है।

साल 2021 के विधानसभा चुनाव नतीजे आने के बाद कहा गया था कि बीजेपी चुनाव जीतते-जीतते हार गई है। ममता का संघर्ष बीजेपी की रणनीतियों पर भारी पड़ गया था। पांच साल बाद कोलकाता के रायटर्स बिल्डिंग पर कब्जे को लेकर सेनाएं सज गई हैं। लेकिन इस बार हालात बदले नजर आ रहे हैं। इसकी वजह अमित शाह का चुनाव प्रचार की कमान खुद संभालना है, जिन्होंने 170 सीटें जीतने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय कर रखा है। पिछले विधानसभा चुनाव में पिछड़ने के बावजूद अमित शाह ने राज्य की यात्राएं जारी रखीं और इसके जरिए अपने कार्यकर्ताओं को उत्साहित बनाए रखा। इस बार बीजेपी अगर सत्ता की प्रबल दावेदार के रूप में उभरी है तो इसकी बड़ी वजह बूथ प्रबंधन तो है ही, घुसपैठ और महिला सुरक्षा को मुद्दा बनाना भी है। बंगाल के बारे में कहा जाता है कि वह जो आज सोचता है, पूरा देश उस पर बाद में आगे बढ़ता है। शक्ति पूजा की संस्कृति वाले राज्य में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर ममता के राज में कई बार सवाल उठे। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कालेज में रेजिडेंट डाक्टर से दुष्कर्म और बर्बर हत्या के बाद अंग्रेजों की पहली राजधानी का भद्रलोक उद्वेलित हो उठा। अभी इसकी आंच ठंडी पड़ी नहीं कि कस्बा लॉ कालेज की छात्रा के साथ बलात्कार हुई। इसके पहले संदेशखाली में हुई कथित तौर पर यौन हिंसा और ज़मीन हड़पने के मामलों से पश्चिम बंगाल का समाज उद्वेलित रहा। अमित शाह के बार-बार के बंगाल दौरे के चलते बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने महिला सुरक्षा के मसले को कभी धीमा नहीं पड़ने दिया। इन्हीं वजहों से महिला सुरक्षा को लेकर तृणमूल कांग्रेस सवालों के घेरे में आ गई। राष्ट्रीय क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की 2023 की रिपोर्ट भी राज्य में महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा की ही तसदीक करती है, जिसके अनुसार, राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 34,691 मामले दर्ज किए गए और एसिड हमलों में इसका हिस्सा सबसे ज़्यादा करीब 27.5 प्रतिशत रहा। बीजेपी को महिला सुरक्षा को बड़ा मुद्दा बनाने में ममता बनर्जी के एक बयान से भी मिला, जिसमें उन्होंने कहा था कि महिलाओं को शाम सात बजे के बाद बाहर नहीं निकलना चाहिए। बीजेपी ने महिला सुरक्षा के मुद्दे पर आरजी कर की पीड़िता की मां मंजू देवनाथ को पनियाहाटा से उम्मीदवार बनाकर एक तरह से राज्य की महिलाओं को संदेश दे दिया है, संदेश यह कि वह उनकी सुरक्षा के लिए संजीदा है। बीजेपी ने महिलाओं को लुभाने के लिए दुर्गा सुरक्षा दस्ते बनाने और नौकरियों में महिलाओं को 33 फीसद आरक्षण देने का भी वादा किया है। इसके साथ ही महिलाओं को मध्य प्रदेश, हरियाणा और महाराष्ट्र की तरह प्रतिमाह तीन हजार रूपए देने का वादा किया है। यहां याद रखना चाहिए कि ममता सरकार हर महीने महिलाओं को डेढ़ हजार रूपए दे रही है।

साल 2021 में राज्य में तृणमूल कांग्रेस को 213 सीटें और करीब 44 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि बीजेपी को 38 प्रतिशत वोट के साथ 77 सीटों पर संतोष करना पड़ा था। हालांकि 2016 के विधानसभा चुनावों के मुकाबले देखें तो पार्टी ने तीन सीट और करीब 28 प्रतिशत वोट की तुलना में बड़ी छलांग लगाई। अमित शाह ने इसी बुनियाद को मजबूत करते हुए आगे बढ़ने की रणनीति बनाई। इसके तहत उन्होंने दो बातों पर जोर दिया। उन्होंने उन गढ़ों को और मज़बूत बनाने की रणनीति बनाई, जहां पहले से ही पार्टी मजबूत स्थिति में है। इसके साथ ही उन चुनाव क्षेत्रों में आधार बढ़ाने की कोशिश तेज की, जहां 2021 में वह बहुत कम अंतर से हारी थी। इसके साथ ही अमित शाह ने पार्टी के भीतर की गुटबाज़ी को भी सुलझाने की कोशिश की। राज्य में पार्टी के अध्यक्ष रहे दिलीप घोष के बारे में माना जा रहा था कि वे नाखुश हैं। अमित शाह ने उनसे मुलाकात करके तृणमूल से आए शुभेंदु अधिकारी से बीच उनके मतभेदों को दूर करने की कोशिश की।

ममता बनर्जी ने पिछली बार बंगाली माटी और मानुष यानी स्थानीय को मुद्दा बनाया था। उन्हें इस मुद्दे से पिछली बार मदद भी मिली। इस बार भी ममता विपक्ष यानी बीजेपी के नेताओं के बाहरी होने का आरोप लगा रही हैं। इसके जवाब स्वरूप अमित शाह ने ऐलान किया है कि अगर पश्चिम बंगाल में पार्टी सत्ता में आई तो राज्य का मुख्यमंत्री 'धरती का बेटा' यानी स्थानीय व्यक्ति ही बनेगा। पार्टी ने इस बार घुसपैठ को भी बड़ा मुद्दा बनाया है। राज्य में विशेष पुनरीक्षण अभियान के दौरान राज्य में नब्बे लाख वोटरों के नाम हटाने को लेकर ना सिर्फ सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस समेत समूचा गैर बीजेपी दल मुद्दा बना रहे हैं। हालांकि अमित शाह चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान यानी एसआईआर के कदम को सही बताया है। बीजेपी यहीं नहीं रूकी है, उसने वादा किया है कि अगर वह सत्ता में आई तो राज्य से अवैध घुसपैठियों की पहचान करेगी और उन्हें बाहर करेगी। इसके साथ ही पार्टी ने सत्ता में आने के पैंतालीस दिनों के अंदर सीमा पर बाड़ लगाने के लिए केंद्र सरकार को जमीन देगी। बीजेपी ने इसके जरिए बांग्लादेश की ओर हो रही पशु तस्करी को रोकने का भी ऐलान किया है।

राज्य में भ्रष्टाचार को भी बड़ा मुद्दा बनाने में बीजेपी कामयाब रही है। इसमें अतीत में हुई भ्रष्टाचार की घटनाओं ने मदद की है। यहां का शिक्षक भर्ती घोटाला रहा, जिसकी सुनवाई करते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट ने 26 हजार नौकरियां रद्द कर दी थी। इसके साथ ही राशन और मिड-डे मील, मनरेगा , जॉब कार्ड घोटाला भी सुर्खियां बनता रहा है। बीजेपी ने इस बार इसे भी मुद्दा बनाया है। इन मामलों में तृणमूल के बीस से ज्यादा नेताओं को जेल भेजा गया। हालांकि तृणमूल कांग्रेस इसे केंद्र की बदले की कार्रवाई बताती रही है। यही वजह है कि पार्टी ने दागी नेताओं को टिकट भी दिया है। इसकी वजह से भद्रलोक के बीच तृणमूल को सवालों के घेरे में लाने की पुरजोर कोशिश अमित शाह और उनकी बीजेपी कर रही है।

ऐसे ढेरों मामले हैं, जिनकी वजह से बीजेपी सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस को जबरदस्त चुनौती देती नजर आ रही है। इसका मतलब यह नहीं है कि तृणमूल कांग्रेस ने सरेंडर कर दिया है। ममता की अगुआई में पार्टी अब भी पुरजोर तरीके से मैदान में खड़ी है। इस वजह से इस बार भी मुकाबला सीधे तौर पर ममता बनाम बीजेपी ही नजर आ रहा है। हालांकि सही तौर पर कहें तो इस बार मुकाबला ममता बनाम अमित शाह है। इस जंग में अमित शाह सफल होंगे या ममता एक बार फिर उन्हें मात देने में कामयाब रहेंगी, यह तो चार मई को मतगणना के बाद ही पता चल पाएगा।

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## संक्षिप्त समाचार

### महानंदा नदी में डूबे 5 वर्षीय बालक का शव बरामद

**अमदाबाद/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र के लखनपुर ग्राम पंचायत में दोपहर करीब डेढ़ बजे झुमरा टोली के पास महानंदा नदी में स्नान के दौरान एक 5 वर्षीय बालक लापता हो गया था। दुसरे सुबह लगभग आठ बजे घटनास्थल से लगभग सात सौ मीटर दूर जमाई पाड़ के समीप बालक का शव बरामद किया गया।जानकारी के अनुसार, लखनपुर पंचायत वार्ड संख्या 10 निवासी मोहम्मद शफीक का पुत्र आरिफ अपनी मां के साथ स्नान करने घाट किनारे नदी पर गया था।आरिफ की मां नदी में स्नान करने के बाद उसे किनारे बैठ कर स्वयं नदी में स्नान करने चली गई थी। इसी दौरान बालक दोबारा नदी में उतर गया। गहरे पानी में जाने से लापता हो गया। मां के शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और देर शाम तक खोजबीन जारी रही। लेकिन कुछ पता नही चल सका था।अगले दिन ग्रामीणों ने पुनः खोजबीन शुरू की और जमाई पाड़ के पास बालक का शव बरामद हुआ। बालक के शव मिलते ही बड़ी संख्या में लोग घाट किनारे जुट गए और परिवार में कोहराम मच गया। मृतक तीन भाइयों में दूसरे स्थान पर था। ग्रामीणों व परिजनों ने बताया कि घटना के कई घंटे बीतने के बाद भी एसडीआरएफ की टीम मौके पर नहीं पहुंची, जिससे लोगों में नाराजगी देखी गई। वहीं, परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है।इस दुखद घटना पर पंचायत की मुखिया श्वेता राय ने गहरा शोक व्यक्त किया है, साथ ही उन्हें जिला पदाधिकारी से अमदाबाद प्रखंड में स्थायी एसडीआरएफ टीम की तैनाती की मांग की है।

### बांका चौक के पास शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**फरारी/कटिहार (नबिटासं)।** बरारी थाना क्षेत्र के बरेटा पंचायत स्थित बांका चौक के समीप एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह स्थानीय लोगों की नजर सड़क किनारे पड़े शव पर पड़ी। जिसके बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई और तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई।सूचना मिलते ही बरारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। लेकिन खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। बरारी थानाध्यक्ष सुमेश कुमार ने बताया कि लगभग 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है।

### 305 लीटर देशी शराब के साथ दो गिरफ्तार

**आलमारी/कटिहार (नबिटासं)।** बलिया बेलौन पुलिस ने रात्रि गश्ती के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के कारोबार पर शिकंजा कसा है। पुलिस ने पीपल गाछी शेखपुरा इलाके में छापेमारी कर 305 लीटर देशी शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष शाहिद हुसैन ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण और तस्करी को लेकर लगातार निगरानी रखी जा रही थी। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर रात्रि गश्ती के दौरान पुलिस टीम ने पीपल गाछी शेखपुरा में छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान मौके से भारी मात्रा में देसी शराब बरामद की गई। जिसे जब्त कर लिया गया।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार शेखर राय, मेघु शर्मा दोनों ग्राम शेखपुरा थाना बलिया बेलौन का निवासी है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों के बीच हड़कंप मच गया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इस तरह के अवैध कार्यों में शामिल लोगों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि यदि कहीं अवैध शराब के निर्माण या बिक्री की सूचना मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में कानून-व्यवस्था मजबूत होगी और अवैध गतिविधियों पर रोक लगेगी।

### शराबी पति ने पत्नी को बेरहमी से पीटा

**फलका/कटिहार (नबिटासं)।** शराब के नशे में धुत होकर पती को मारपीट करने एवं वाहन को क्षतिग्रस्त करने के आरोप में एक महिला ने फलका थाना में आवेदन देकर अपने दामाद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाई है। पीड़िता बबिता देवी मेहंदी वार्ड संख्या-छह थाना- टीकापट्टी, जिला पूर्णिया निवासी ने दर्ज प्राथमिकी में जिक्र किया है कि मैं अपनी पुत्री सोनी कुमारी का विवाह चार वर्ष पूर्व हिंदू रीति रिवाज से मनीष कुमार बेटरा दाहा टोला के साथ करवाई थी।मनीष कुमार अपनी सौतेली मां लक्ष्मी देवी के द्वारा बहकावे में आकर दारू पीकर अपनी पती सोनी कुमारी को बुरी तरीके से मारपीट करता है। जबकि सोनी कुमारी को गोद में छोटा बच्चा है।उसे छीनकर मेरी बेटी के साथ मारपीट करते हुए उनका सर फोड़ दिया। जिसका उपचार फलका अस्पताल में चल रहा है।पीड़िता ने आगे जिक्र किया है कि वे अपनी बाइक मनीष कुमार को चलाने दी थी।आरोपी द्वारा उसे भी तोड़फोड़ दिया और गाड़ी की कागजात जला कर क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाई है। मामले में फलका थानाध्यक्ष प्रह्लाद यादव ने बताया कि पीड़िता के मां के आवेदन पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### नागर नदी किनारे अवैध शराब निर्माण सामग्री की गई ध्वस्त, 70 लीटर शराब जब्त

**समेली/कटिहार (नबिटासं)।** पोठिया थाना क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए टीकापट्टी स्थित नागर नदी किनारे संचालित देसी शराब निर्माण स्थल की सभी सामग्री को किया ध्वस्त किया । गुप्त सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष नवीन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी कर पूरी सामग्री को ध्वस्त कर दिया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने देसी चुलाई शराब बनाने में प्रयुक्त करीब 250 लीटर कच्चा माल मौके पर ही नष्ट कर दिया। साथ ही निर्माण में इस्तेमाल किए जा रहे उपकरणों को भी तोड़ दिया गया। टीम ने 70 लीटर तैयार देसी शराब बरामद कर जब्त कर लिया। इसी अभियान के क्रम में पुलिस ने पोठिया दुर्गा स्थान मंदिर के पास एक विधि-विरुद्ध बालक को 10 लीटर देसी शराब और एक मोटरसाइकिल के साथ पकड़ लिया। बरामद शराब और वाहन को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण और बिक्री के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

### एसएच 77 पर टोटो से 13.5 किलो गांजा बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

**कुरसेला/कटिहार (नबिटासं)।** कुरसेला पुलिस ने शुक्रवार को एसएच 77 पर पुराना हवाई अड्डा के समीप एक टोटो से 13.5 किलो गांजा बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान नवगछिया पुलिस जिला के खरीक थाना क्षेत्र के हरियो निवासी नीतीश कुमार के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नवाबगंज से एसएच 77 के रास्ते गांजा की खेप लेकर एक तस्कर नवगछिया जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने पुराना हवाई अड्डा के पास वाहनों की सघन जांच शुरू की। जांच के दौरान नवाबगंज की ओर से आ रही एक संदिग्ध टोटो को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में टोटो से 13.5 किलो गांजा बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने मौके पर ही टोटो को जब्त कर आरोपी तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### मॉक ड्रील के माध्यम से दिया गया अग्नि सुरक्षा का प्रशिक्षण

**डंडखोरा/कटिहार (नबिटासं)।** अग्निशमन दस्ता के पदाधिकारियों एवं कर्मियों का एक दल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डंडखोरा पहुंचकर वहाँ स्थापित अग्निशामक यंत्र एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों का जांच किया।इस दौरान उनके द्वारा फायर ऑडिट भी किया गया।उसके बाद दल के द्वारा अस्पताल में कार्यरत चिकित्सा पदाधिकारी,स्वास्थ्य कर्मियों तथा सुरक्षा गार्ड को मॉक ड्रिल के माध्यम से आग से निपटने का प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर डा.आर.पी.मंडल, डा. अमित कुमार,स्वास्थ्य प्रबंधक भवेश रंजन,प्रधान सहायक विनय कुमार, बीएमएंडई अजीत कुमार, शंभू शंकर झा, राजु कुमार, दीपक कुमार सहित सीएचओ, एएनएम एवं कई रोगी भी उपस्थित रहे।

# डीएम ने बाबा गोरखनाथ धाम का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**सालमारी (कटिहार)।** जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी देर शाम में प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर पहुंचकर पर्यटन विभाग द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति एवं निर्धारित समय-सीमा की विस्तार से समीक्षा की गई। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने मंदिर परिसर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों को बारीकी से देखे और संबंधित अधिकारियों से कार्य की स्थिति की जानकारी ली।

उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, डिजाइन और कार्य की गति पर विशेष ध्यान दिये। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी स्थिति में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से समझौता न किया जायेगा। निरीक्षण के बाद जिला पदाधिकारी ने निर्माण एजेंसी एवं बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर समिति के सदस्यों को आवश्यक निर्देश दिये। जिला पदाधिकारी ने कहा कि सभी कार्य तय समय-सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किया जाये। ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि बाबा गोरखनाथ धाम जिले का एक प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल है। जहां दूर-दूराज से श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। इसे विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में पर्यटन विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि विकास कार्यों में तेजी लाई जाये और समय पर सभी योजनाओं को पूर्ण किया जाये। ताकि श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने विधिवत पुजा अर्चना किये। एवं क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि की कामना किये। इस मौके एडीएम डॉ. विनोद कुमार,एसडीएम राजु कुमार, प्रखंड के पदाधिकारी,मंदिर सचिव पिन्टु यादव सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे ।

# पूर्व मंत्री के परिजनों से मिले सांसद तारिक अनवर

## बोले - उनका निधन क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ग्रामीण।** जिले के बरारी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व मंत्री मंसूर आलम के निधन के बाद उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का सिलसिला लगातार जारी है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकताओं और समर्थकों का उनके घर पहुंचना लगातार जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को कटिहार सांसद तारीक अनवर अपने समर्थकों के साथ पूर्व मंत्री के आवास पहुंचे।



इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और दिवंगत नेता के निधन पर गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। सांसद तारिक अनवर ने कहा कि पूर्व मंत्री मंसूर आलम का निधन न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे कटिहार और बरारी क्षेत्र के लिए बड़ी क्षति है। उन्होंने कहा कि मंसूर आलम एक लोकप्रिय, सरल स्वभाव और जनसेवा के लिए समर्पित नेता थे, जिन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में हमेशा आम लोगों की आवाज उठाई। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र के विकास और सामाजिक सौहार्द के लिए उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। उनके निधन से राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में जो रिक्तता आई है, उसकी भरपाई आसान नहीं होगी। इस मौके पर बड़ी संख्या में समर्थक और स्थानीय लोग भी मौजूद रहे, जिन्होंने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की। पूरे इलाके में उनके निधन को लेकर शोक का माहौल बना हुआ है। मौके पर कटिहार कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव, दिलीप विश्वास, शहनवाज खान, जहांगीर आलम, मंजूर मुखिया, तनवीर मुखिया, पूर्व प्रमुख मंजूर आलम, मोहम्मद हकीम, आलमगीर, मस्कूर आलम, तरंजूम दीवान, मूसा मास्टर सहित कई कांग्रेस नेता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# तीन नर्सिंग होम की जांच, खामियां उजागर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**प्राणपुर (कटिहार)।** प्राणपुर प्रखंड अंतर्गत लाभा एवं बभनी चौक के समीप संचालित तीन नर्सिंग होम को प्रशासनिक टीम ने निरीक्षण किया। जांच के दौरान कई गंभीर खामियां पाई गईं। जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर सवाल खड़ा हो गया हैं। निरीक्षण के दौरान जब आवश्यक कागजातों की मांग की गई तो नर्सिंग होम के स्टाफ ने बताया कि संबंधित डॉक्टर पश्चिम बंगाल गए हुए हैं और चुनाव में वोट डालने के कारण अनुपस्थित हैं।




वे अगले दिन लौटेंगे। इस पर टीम ने कड़ी नाराजगी जताई। प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीषा कुमारी ने निर्देश दिया कि सभी संबंधित दस्तावेजों के साथ एक दिन के भीतर कार्यालय में उपस्थित हों। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि कागजात सही और पूर्ण नहीं पाए गए तो संबंधित नर्सिंग होम को सील करने की कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ ने कहा कि यह जांच विभागीय आदेश के तहत की गई है और जो भी तथ्य सामने आएंगे उसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र के अन्य नर्सिंग होम संचालकों में भी हड़कंप मच गया है।

# एक ही दिन मां और बेटे की मृत्यु

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के कुरेठा पंचायत के रामनगर बलुआ में शिवजी यादव ( 58) विगत कई माह से बीमार चल रहे थे। इसको लेकर उनकी मां जलेश्वरी देवी चिंतित एवं शोक में थी। इसी दौरान शुक्रवार की सुबह जलेश्वरी देवी की अचानक मृत्यु हो जाती हैं। जबकि चंद घंटे के बाद उनके बेटे के भी मृत्यु हो जाती हैं। उक्त घटना को लेकर जहां परिवार के लोग में शोक की लहर दौड़ पड़ा। वहीं स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ पूरा गांव शोक में डूबा हुआ हैं। बता दें कि मृतक जलेश्वरी देवी के एक ही पुत्र शिवजी यादव था वह कुछ दिन से बीमार चल रहे थे इसी चिंता में उनकी मां ने बेटा के गुजरने से पहले मौत को गले लगा लिया।

# सामान्य मासिक बैठक बहिष्कार मामले में एक पार्षद का हस्ताक्षर फर्जी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ग्रामीण ।** जिले के मनिहारी नगर पंचायत के सभागार में होने वाले सामान्य मासिक बैठक के बहिष्कार को लेकर ईमेल के जरिये दो पार्षदों के मेल से दिए गए कार्यपालक को आवेदन की जांच करने पर एक पार्षद का हस्ताक्षर जांच के बाद फर्जी पाया गया।



इस संबंध में कार्यशाला पदाधिकारी अरविंद कुमार पासवान ने पत्रकारों को बताया कि आज की सामान्य मासिक बैठक को लेकर मेल द्वारा दो पार्षदों द्वारा आवेदन भेजा गया था। जिसमें आठ पार्षदों का हस्ताक्षर था और जब उसकी जांच हस्ताक्षर से की गई तो वार्ड पार्षद तीन के पार्षद की हस्ताक्षर दस्तावेज में किए गए हस्ताक्षर से मेल नहीं खाया। इसके बाद उक्त आवेदक को सामान्य घोषित करते हुए बैठक की कार्रवाई संपन्न की गई। आज की बैठक में मुख्य पार्षद, उपमुख्य पार्षद सहित कुल 10 सदस्य शामिल रहे।

# कटिहार मंडल में पीसीसीएम नीरज सहाय ने किया सघन निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के मुख्य वाणिज्य प्रबंधक पीसीसीएम नीरज सहाय ने गुरुवार को कटिहार रेल मंडल अंतर्गत कटिहार जोगबनी रेलखंड का निरीक्षण किया। जिस दौरान पीसीसीएम श्री सहाय ने रानीपतरा, जलालगढ़ एवं बथनाहा स्टेशनों का व्यापक निरीक्षण कर रेल प्रशासन की कार्यप्रणाली और यात्रियों की सुविधा का जायजा लिया। जानकारी के अनुसार अपने निरीक्षण के दौरान पीसीसीएम श्री सहाय ने संबंधित स्टेशनों के गुड्स शेड एवं सकुर्लेटिंग एरिया का बारीकी से अवलोकन किया।



इस क्रम में स्टेशन परिसर में उपलब्ध बुनियादी ढांचे, यात्री सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था तथा परिचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं का गहन आकलन किया गया। पीसीसीएम श्री सहाय ने वाणिज्य अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि यात्रियों को बेहतर एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके अलावा रेल राजस्व के इजाफा को लेकर माल ढुलाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, तेज एवं प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने गुड्स हैंडलिंग सिस्टम को व्यवस्थित एवं सुचारु बनाने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनूप कुमार सिंह, सहायक वाणिज्य प्रबंधक मुख्यालय सुमित कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित वाणिज्य अधिकारी आदि उपस्थित रहे। पीसीसीएम श्री सहाय काफी सक्रिय और अनुभवी रेल अधिकारी के रूप में जाने जाते है। जिनके कुशलमार्गदर्शन में बीते वर्ष वाणिज्य विभाग ने जोनल लेबल पर ऐतिहासिक रिकॉर्ड कायम करने में सफलता हासिल किया है।

# विभागों को समन्वय से करे कार्य : प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय कटिहार के कॉन्फ्रेंस हॉल में प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक नीरज सहाय के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण रिव्यू मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में रेलवे से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक के दौरान रेलवे कार्यों की गुणवत्ता में सुधार, रेल राजस्व में बढ़ोतरी, यात्रियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं का विकास, सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण जैसे मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया।



प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक नीरज सहाय ने अपने संबोधन में विभिन्न महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए कहा कि रेलवे के सभी विभागों को समन्वय के साथ टीम वर्क के रूप में कार्य करना चाहिए। जिससे रेलवे के समग्र विकास को गति मिल सके और यात्रियों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कटिहार किरेंद्र नरह, अपर मंडल रेल प्रबंधक शमनोज कुमार सिंह,वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनूप कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल अभियंता निर्माण प्रभात रंजन तथा वरिष्ठ मंडल सुरक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह सहित मंडल के सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का समापन सकारात्मक दिशा-निर्देशों एवं भविष्य की कार्ययोजना के साथ किया गया।

# राजमिस्त्रियों को भूकंपरोधी भवन निर्माण प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढा (कटिहार)।** बिहार सरकार एवं बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बीएसडीएमए के तत्वाधान में प्रखंड मुख्यालय के कोढ़ा के सभागार भवन में भूकंपरोधी भवन निर्माण हेतु 10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । इस मौके पर कार्यक्रम का उद्घाटन अंचलाधिकारी संजीव कुमार, प्रभोदिता सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रशिक्षक ओम प्रकाश कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विशेष प्रशिक्षण की शुरूआत की गई।




मौके पर अंचलाधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि प्रखंड के विभिन्न पंचायत से चयनित 30 राजमिस्त्रियों को इस प्रशिक्षण में शामिल किया गया हैं। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर राजमिस्त्रियों को भूकंपरोधी भवन निर्माण की आधुनिक तकनीकों द्वारा दक्ष बनाना हैं,ताकि गांवों में सुरक्षित,टिकाऊ और आपदा - रोधी भवन का निर्माण संभव हो सके। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक दोनों प्रकार के प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा हैं। इसमें सही निर्माण सामग्री के चयन,निर्माण मानकों के मजबूती तथा भूकंपरोधी भवन निर्माण के अन्त विधियों पर विशेष बल दिया जा रहा हैं। मौके पर प्रशिक्षक ओमप्रकाश कुमार ने बताया कि 20 अप्रैल को शुरू हुए प्रशिक्षण 29 अप्रैल पूर्ण होने के उपरांत सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र एवं भवन निर्माण की उपकरण सामग्री प्रदान की जाएगी, साथ ही डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से सात हजार की प्रोत्साहन राशि के रूप में उनके बचत खाते में भेजी जाएगी। इस अवसर पर अंचलाधिकारी संजीव कुमार, प्रशिक्षक ओमप्रकाश कुमार आदि उपस्थित रहे ।

# बिजली संकट और विकास कार्यों में गड़बड़ी पर भड़के सांसद पप्पू यादव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र में विकास कार्यों में अनियमितता और मूलभूत सुविधाओं की बदहाल स्थिति को लेकर सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने गंभीर चिंता जताई है। पटना जाने के दौरान काढ़ागोला रेलवे स्टेशन पहुंचकर उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात की और क्षेत्रीय समस्याओं पर खुलकर अपनी बात रखी।ग्रामीणों ने सांसद को बिजली की गंभीर समस्या से अवगत कराया। इस पर पप्पू यादव ने मौके से ही बिजली विभाग के मंत्री और चीफ इंजीनियर से मोबाइल पर बात की।



उन्होंने जले हुए केबल को तत्काल बदलने तथा कालिकापुर फीडर को अलग कर जल्द बिजली आपूर्ति बहाल करने का निर्देश दिया।सांसद ने काढ़ागोला घाट स्थित गंगा नदी के स्पर संख्या 10 पर करीब 3 करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से चल रहे मरम्मत कार्य में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता का पालन नहीं किया जा रहा है, जिससे सरकारी राशि का दुरुपयोग हो रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने बरारी प्रखंड में लागू नल-जल योजना को पूरी तरह विफल बताते हुए कहा कि कहीं भी ग्रामीणों को नियमित पेयजल नहीं मिल रहा है।

# नगर पंचायत में सामान्य मासिक बैठक आयोजित

## लगभग 22 करोड़ की योजनाओं का लिया गया प्रस्ताव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** शुक्रवार को मनिहारी नगर पंचायत के सभागार में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सामान्य मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता नगर के मुख्य पार्षद राजेश कुमार उर्फ लाखो यादव ने किया। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी अरविंद कुमार पासवान, उप मुख्य पार्षद शुभम पोद्दार सहित 08 वार्ड पार्षद की मौजूदगी में बैठक की कार्रवाई शुरू की गई। जिसमें मनिहारी नगर में पार्षदों से मिली लिखित एवं मौखिक रूप से नगर मैं विकास की योजनाओं का प्रस्ताव दिया गया।




जिसे सरस्वती से पास किया गया जिसमें मुख्य रूप से गांधी टोला जाने वाली सड़क, लगभग सभी सार्वजनिक शौचालय कई वार्डो मे नाला सड़क सहित कई योजनाओं का सर्वसम्मति से प्रस्ताव लिया गया।वही मुख्य पार्षद राजेश कुमार उर्फ लाखों यादव ने सभी पार्षदों को बैठक में शामिल होने पर धन्यवाद देते हुए शुभकामना दिया कहा कि विकास की योजनाओं को लेकर हम सब एक होकर मिलकर काम करें जिससे मनिहारी नगर के संपूर्ण विकास चौमुखी विकास हो। बैठक में पार्षद वार्ड 03 के सुल्ताना प्रवीण, वार्ड 08 बेचन सिंह, वार्ड 09 के रीता देवी, वार्ड 10 स्मिता सिन्हा, वार्ड 11 ओम कुमार गुप्ता, वार्ड 12 से गुलाब चौधरी वार्ड संख्या 14 कुमुद देवी, वार्ड संख्या 15 से काजल देवी बैठक उपस्थित रही।

# महीनों पहले ऑर्डर बुक, चीन की डिमांड पर भारतीय मिलें दौड़ीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में हालात अभी भी तनावपूर्ण हैं। युद्ध के कारण सप्लाई चेन टूटी है। ईंधन आपूर्ति में दिक्कतें आई हैं। इन रुकावटों ने कई भारतीय फैक्ट्रियों को भारी नुकसान पहुंचाया है। लेकिन, फियोटेक्स कॉटस्पिन जैसी सूती धागा बनानी वाली कंपनियां इससे अछूती हैं। चीन के ग्राहकों से मिल रही जबरदस्त डिमांड के बीच वे अपना उत्पादन बढ़ाने में लगे हैं। चीन के बाद भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कॉटन (कपास) उत्पादक है। हालांकि, चीन अपनी डिमांड को पूरा करने के लिए लगभग 15 प्रतिशत रॉ कॉटन और लगभग 20 प्रतिशत धागे के लिए आयात पर निर्भर रहता है।

भारतीय व्यापारियों ने बताया कि मिडिल ईस्ट में युद्ध के कारण व्यापारिक रास्ते बाधित हुए हैं।

इस कारण भारत उसके लिए एक पसंदीदा और नजदीकी सप्लाई का केंद्र बन गया है। घरेलू कपास की सीमित सप्लाई के साथ अमेरिका और ब्राजील से आने वाली खेपों में देरी हुई है। इसके कारण चीन में आयातित धागे की मांग में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा, इस साल युआन के मुकाबले रुपया लगभग 7 प्रतिशत कमजोर हुआ है। इससे चीनी खरीदारों के लिए भारतीय सूती धागे का आयात सस्ता हो गया है।

गुजरात में स्थित स्पिनिंग मिल फियोटेक्स के एमडी रिपल पटेल ने बताया कि हाल के महीनों में उनके एक्सपोर्ट ऑर्डर में 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। उनकी फैक्ट्री अब 100 प्रतिशत क्षमता पर काम कर रही है। पहले यह 90 प्रतिशत थी। पटेल ने रॉयटर्स को बताया, 'चूंकि

## युद्ध और कमजोर रुपया बने वरदान



एक्सपोर्ट से मुनाफा कमाना ज्यादा फायदेमंद है। लिहाजा, हमने इसमें अपना हिस्सा बढ़ाया है... जून तक के ऑर्डर पहले ही बुक हो चुके हैं।' चीन की नेशनल टेक्सटाइल एंड अपैरल काउंसिल ने भारत से बढ़ते आयात पर कोई बोलने से इनकार कर दिया। भारत के कई मैन्युफैक्चरिंग केंद्रों को कमर्शियल गैस की कमी का नुकसान उठाना पड़ा है। प्लास्टिक और औद्योगिक स्पेयर पार्ट्स जैसे इनपुट की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण ऐसा हुआ है।

हालांकि, उद्योग के अधिकारियों ने बताया कि स्पिनिंग मिलें ईंधन की कमी से बची रही हैं। कारण है कि वे ज्यादातर ग्रिड या सोलर बिजली से चलती हैं। गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की टेक्सटाइल कमेटी के को-चेयर राहुल शाह ने बताया कि नवंबर से हर महीने भारत से चीन के लिए लगभग 1,500 कंटेनर भेजे जा रहे हैं। जबकि पहले औसतन 300 कंटेनर भेजे जाते थे। इनमें 30,000 टन सूती धागा होता है। पॉलिएस्टर की सप्लाई पर युद्ध के असर ने कपास को और भी ज्यादा आकर्षक बना दिया है। रुपये के कमजोर होने से इसकी खेपों को और भी ज्यादा बढ़ावा मिला है। शाह ने कहा कि गुजरात की कई स्पिनिंग मिलें चीन से बढ़ी हुई मांग का फायदा उठाने के लिए अप्रैल और मई के महीनों में भी इसी मात्रा में एक्सपोर्ट जारी रखेंगी। हालांकि, गुजरात की मिलों को इसका सबसे ज्यादा फायदा मिल रहा है। कारण है वे कपास उगाने वाले इलाकों और बंदरगाहों दोनों के ही काफी करीब हैं। दक्षिण के राज्य तमिलनाडु में हजारों स्पिनिंग मिलें हैं। लेकिन, उन्हें ट्रांसपोर्ट पर ज्यादा खर्च करना पड़ता है। कारण है कि कच्चा कपास उन्हें पश्चिमी और मध्य भारत से मंगाना पड़ता है। तमिलनाडु की गारमेंट बनाने वाली कंपनी केएम निटवियर के जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर विष्णु प्रभु ने कहा, 'इसमें हमारा खर्च भी लगता है।

## गौतम अडानी की लंबी छलांग, पहली बार बिल गेट्स से निकले आगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस गौतम अडानी की नेटवर्थ में गुरुवार को भारी तेजी आई। शेयर मार्केट में गिरावट के बावजूद अडानी ग्रुप के चेयरमैन की नेटवर्थ में 7.16 अरब डॉलर की तेजी आई। इसके साथ ही वह 100 अरब डॉलर क्लब में शामिल हो गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक अडानी की नेटवर्थ 106 अरब डॉलर पहुंच गई है और वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 17वें नंबर पर पहुंच गए हैं। वह माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स के भी आगे निकल गए हैं। अडानी की



नेटवर्थ में इस साल 21.4 अरब डॉलर की तेजी आई है जबकि गेट्स की नेटवर्थ में 12.7 अरब डॉलर की गिरावट आई है। गेट्स 104 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 18वें नंबर पर खिसक गए हैं। इस बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में गुरुवार को 1.11 अरब डॉलर की गिरावट आई। वह 90.2 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 20वें नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ 17.5 अरब डॉलर गिरी है। दुनिया के अमीरों की लिस्ट में एलन मस्क 645 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ पहले नंबर पर बने हुए हैं। गुरुवार को उनकी नेटवर्थ में 9.89 अरब डॉलर की गिरावट आई।

## निर्मला सीतारमण ने आरबीआई और बैंकों के साथ की मीटिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड आईटी मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को बैंकों के प्रमुखों के



साथ एक अहम बैठक की। यह मीटिंग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े खतरों को लेकर हुई। दरअसल, अमेरिकी कंपनी एंथ्रोपिक के मॉडल को लेकर दुनिया भर में चिंता जताई जा रही है कि यह बैंकिंग और वित्तीय प्रणालियों की डेटा सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है। दावा किया गया है कि इसने कई बड़े ऑपरेटिंग सिस्टमों में सुरक्षा संबंधी कमियां ढूंढ निकाली हैं। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में से होने वाले जोखिमों और उनसे निपटने के लिए जरूरी उपायों पर चर्चा हुई। सूत्रों ने बताया कि बैंकों से कहा गया है कि वे अपने सिस्टम, डेटा और ग्राहकों के पैसे को सुरक्षित रखने के लिए पहले से ही पुख्ता कदम उठाएं। इस बैठक में बैंकों के शीर्ष अधिकारी, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधिकारी शामिल हुए। वित्त मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार मंत्रालय और आरबीआई इस बात का अध्ययन कर रहे हैं कि इस सुरक्षा चूक से भारतीय वित्तीय क्षेत्र को किस हद तक जोखिम का सामना करना पड़ सकता है। अधिकारी ने कहा कि अब तक भारतीय प्रणालियां सुरक्षित हैं और अनावश्यक रूप से चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि आरबीआई अपने स्तर पर यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी जांच कर रहा है कि भारत का वित्तीय क्षेत्र सुरक्षित रहे। रिपोर्ट्स के अनुसार, एंथ्रोपिक का कहना है कि साइबर सुरक्षा के मामले में एआई मॉडल इंसानों से भी बेहतर काम कर सकता है। यह ऑपरेटिंग सिस्टम और वेब ब्राउजर में हजारों कमियां (बग्स) ढूंढ सकता है।

# तीन दिन में अमेरिका को आ गया समझ, ट्रेड डील पर अंदर की बात आई सामने

### व्यापार समझौते पर बातचीत के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल का अमेरिका दौरा खत्म

**नई दिल्ली, एजेंसी।** व्यापार समझौते पर बातचीत के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल का अमेरिका दौरा खत्म हो गया है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर ने नई दिल्ली को टेढ़ी खीर (हार्ड नट टू क्रैक) बताया है। यह प्रतिनिधिमंडल भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के पहले चरण पर बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए अमेरिका गया था। इसकी घोषणा सबसे पहले डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल फरवरी में की थी। प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते के तहत, अमेरिका ने भारत पर लगने वाले टैरिफ को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। पिछले साल अगस्त में ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत का रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया था। साथ ही रूसी तेल की खरीद के कारण भारत पर एक्स्ट्रा 25 प्रतिशत टैरिफ थोपा था। भारत टेढ़ी खीर है... उन्होंने बहुत लंबे समय से अपने कृषि बाजारों को सुरक्षित रखा है। इस समझौते के हिस्से के तौर पर वे इनमें से बहुत सी चीजों को सुरक्षित रखना चाहते हैं। 20 फरवरी को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले ने ट्रंप की टैरिफ नीतियों को झटका दिया था। सर्वोच्च अदालत ने डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ को रद्द कर दिया था। डोनाल्ड ट्रंप ने इन्हें लगाने के लिए इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट का इस्तेमाल किया था। इस फैसले के बाद भारत बदलते ग्लोबल टैरिफ फ्रेमवर्क के भीतर अपने हितों की रक्षा के लिए समझौते के कुछ पहलुओं पर फिर से विचार करने और उनमें संशोधन करने की सोच रहा है। वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव




दर्पण जैन की अगुवाई में 12 सदस्यों वाले भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने ब्रेंडन लिंच की अगुवाई वाले अमेरिकी पक्ष के साथ विस्तार से चर्चा की। यह बातचीत बुधवार को तीन दिनों के बाद समाप्त हो गई। इसका मुख्य उद्देश्य समझौते के अहम प्रावधानों को अंतिम रूप देना था। खबरों के मुताबिक, जेमिसन ग्रीर ने बुधवार को अमेरिकी कांग्रेस की 'वेज एंड मीन्स कमेटी' से कहा, 'भारत टेढ़ी खीर है... उन्होंने बहुत लंबे समय से अपने कृषि बाजारों को सुरक्षित रखा है।'

# गर्मी शुरू होते ही बाजार से 'रसना' गायब! डिमांड ज्यादा, प्रोडक्शन कम, ईरान युद्ध से है सीधा संबंध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गर्मियां शुरू होते ही सॉफ्ट ड्रिंक्स की मांग में काफी तेजी आई है। हालत यह हो गई है कि रसना जैसी कई कंपनियां डिमांड पूरी नहीं कर पा रही हैं। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि बाजार में रसना नहीं मिल रही है। मांग बढ़ने के साथ-साथ ईरान युद्ध के कारण पैकेजिंग मटीरियल्स की शॉर्टेज हो गई है। इससे उत्पादन भी प्रभावित हुआ है। हालांकि कई कंपनियां इसे आपदा में अवसर के रूप में देख रही हैं और अपना पुराना स्टॉक क्लियर करने में लगी हुई हैं। पूर्वी दिल्ली के कई इलाकों में रसना की किल्लत हो गई है। दुकानदारों का कहना है कि माल पीछे से नहीं आ रहा है। इस बारे में देश की टॉप इंस्टेंट वेबरेज कंपनी रसना इंटरनेशनल के चेयरमैन पीरूज खंबाटा का कहना है कि इस बार डिमांड बहुत ज्यादा है। कंपनी की बिक्री 12 से 13 फीसदी ग्रोथ आई है। अगर सबकुछ सही रहता तो हम 20 फीसदी ग्रोथ की उम्मीद कर रहे थे। लेकिन ईरान युद्ध के कारण कच्चे माल की सप्लाई टाइट हो गई है। पैकेजिंग के लिए जरूरी कच्चा माल दोगुने भाव पर मिल रहा है। खंबाटा ने कहा, 'ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमत में भारी तेजी आई है। इससे पैकेजिंग मटीरियल बनाने में यूज होने वाले प्लास्टिक दाने की सप्लाई बाधित हुई है। मटीरियल बनाने में यूज होने वाले प्लास्टिक दाने की सप्लाई बाधित हुई है। माल रुक-रुककर आ रहा है और इसकी कीमत भी दोगुनी हो गई है। पैकेजिंग मटीरियल नहीं होने के कारण प्रोडक्शन पर भी




माल रुक-रुककर आ रहा है और इसकी कीमत भी दोगुनी हो गई है। पैकेजिंग मटीरियल नहीं होने के कारण प्रोडक्शन पर भी असर पड़ा है। इतना ही नहीं डिमांड भी बहुत ज्यादा है। कंपनियां डिमांड के मुताबिक सप्लाई नहीं कर पा रही हैं।' उन्होंने कहा कि कच्चे माल की कीमत में भारी बढ़ोतरी के बावजूद कंपनी ने अपने प्रोडक्ट्स का रेट नहीं बढ़ाया है। ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमत में भारी तेजी आई है। इससे पैकेजिंग असर पड़ा है खंबाटा ने साथ ही कहा कि यह स्थिति फूड मार्केट के लिए अच्छी है क्योंकि इससे कंपनियों को पुराना स्टॉक क्लियर करने का मौका मिलेगा। उम्मीद जताई कि पश्चिम एशिया में हालात सामान्य होने से 7 से 10 दिन में सप्लाई बढ़ेगी। खंबाटा ने साथ ही सरकार ने एक्सपोर्टर्स के लिए इंश्योरेंस स्कीम लाकर अच्छा काम किया है। घरेलू कंपनियों के लिए भी इसी तरह की स्कीम आई जानी चाहिए।

# 15000 इलेक्ट्रिक गाड़ियों की सप्लाई करेगी कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अतुल ऑटो के शेयर शुक्रवार को 10 प्रतिशत से अधिक के उछाल के साथ 524 रुपये पर जा पहुंचे हैं। अतुल ऑटो ने बताया है कि उसने एक्सपोनेंट एनर्जी के साथ समझौता किया है। अतुल ऑटो को 15000 इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर्स की मैन्युफैक्चरिंग और सप्लाई करनी है। 15000 इलेक्ट्रिक गाड़ियों की सप्लाई करेगी कंपनी, शेयर में आई तूफानी तेजी, इस दिग्गज के पास 5000000 से ज्यादा शेयर अतुल ऑटो लिमिटेड के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। अतुल ऑटो के शेयर शुक्रवार को में इंट्राडे के दौरान 10 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 524 रुपये पर जा पहुंचे हैं। अतुल ऑटो ने बताया है कि उसने एक्सपोनेंट एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता किया है। इस समझौते के तहत अतुल ऑटो को 15,000 इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर्स की मैन्युफैक्चरिंग और सप्लाई करनी है। दिग्गज निवेशक विजय केडिया का अतुल ऑटो पर बड़ा दांव है। केडिया के पास अतुल ऑटो लिमिटेड के 50 लाख से भी ज्यादा शेयर हैं।

## विजय केडिया के पास 5000000 से ज्यादा शेयर



**490 करोड़ रुपये से ज्यादा है इस कॉन्ट्रैक्ट की वैल्यू:** इस कॉन्ट्रैक्ट की वैल्यू 490.5 करोड़ रुपये है। एक्सपोनेंट एनेबल्ड व्हीकल्स करीब 3.27 लाख रुपये प्रति यूनिट के दाम पर आ रहे हैं। इस ऑर्डर को 3 साल में पूरा किया जाना है, जिसे 6 महीने के एडिशनल ग्रेस पीरियड के साथ एक्सटेंड किया जा सकता है। इस कॉन्ट्रैक्ट में अतुल ऑटो लिमिटेड इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर्स के लिए ओरिजनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर (ह्रश्वरू) के रूप में काम करेगी। यह इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर्स एक्सपोनेंट के बैटरी सिस्टम और पावरट्रेन से इंटीग्रेटेड होंगे।

**व्हीकल-लेवल मैन्युफैक्चरिंग के लिए जिम्मेदार होगी अतुल ऑटो:** इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर्स 15 मिनट रैपिड चार्जिंग डिलीवर करेंगे और बैटरी लाइफ पर 2 लाख किलोमीटर तक वॉरन्टी होगी। अतुल ऑटो लिमिटेड ऑल व्हीकल-लेवल मैन्युफैक्चरिंग के लिए जिम्मेदार होगी, जिसमें एक्सपोनेंट के बैटरी सिस्टम और पावरट्रेन का इंटीग्रेशन शामिल है।

**विजय केडिया के पास हैं 50 लाख से ज्यादा शेयर:** दिग्गज निवेशक विजय केडिया का अतुल ऑटो लिमिटेड पर बड़ा दांव है। विजय केडिया के पास अतुल ऑटो के 50,52,423 शेयर हैं।

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की अफवाह और पैनिक बाइंग के चलते सेल में 13 प्रतिशत की उछाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चुनाव बाद पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ने की अफवाहों के चलते देशभर में उपभोक्ताओं में दहशत का माहौल है। इसी वजह से त्योहारी सीजन की तरह पेट्रोल पंपों पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे अप्रैल 2026 में ईंधन की रिटेल सेल में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत से अधिक की रिकॉर्ड तेजी दर्ज की गई है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के पंपों पर 1 से 21 अप्रैल के दौरान पेट्रोल-डीजल की बिक्री 13 प्रतिशत बढ़ी। हालांकि, सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ेंगे। बता दें युद्ध के बीच म्यांमार में पेट्रोल के दाम 101 प्रतिशत और डीजल के दाम 161 प्रतिशत से अधिक बढ़ गए हैं। लाओस में पेट्रोल जहां 35.8 प्रतिशत बढ़ा है वहीं, डीजल के दाम 150 प्रतिशत। फिलीपींस में डीजल 118.4 प्रतिशत और पेट्रोल 57.6 प्रतिशत महंगा हुआ है। न्यूजीलैंड में डीजल 105 प्रतिशत तो पेट्रोल 36.5 प्रतिशत महंगा हो गया है। नेपाल में पेट्रोल करीब 40 प्रतिशत और डीजल करीब 67 प्रतिशत महंगा हुआ है। अमेरिका भी महंगाई की आग में झुलस रहा है। यहां पेट्रोल 33.2 प्रतिशत और डीजल 41.8 प्रतिशत महंगा हो गया है।

# लगातार 11वें साल कच्चे तेल का प्रोडक्शन फिसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का कच्चा तेल (क्रूड ऑयल) उत्पादन 2025-26 में लगातार 11वें साल गिरा है। नैचुरल गैस प्रोडक्शन में भी लगातार दूसरे साल गिरावट आई है। उत्पादन में यह गिरावट मुख्य रूप से पुराने तेल क्षेत्रों के खाली होने और नए बड़े तेल क्षेत्रों की खोज न होने के कारण हुई है। यह आयात पर भारी निर्भरता को दिखाता है। घरेलू उत्पादन में लगातार कमी के कारण आयात पर निर्भरता बढ़ गई है। इस साल कच्चे तेल के लिए आयात पर निर्भरता बढ़कर 89 फीसदी हो गई। वहीं, प्राकृतिक गैस की बात करें तो यह उसके लिए 51 फीसदी रही।

## अमेरिका-ईरान युद्ध ने और बिगाड़ी स्थिति

अमेरिका-ईरान युद्ध ने इस कमजोरी को और उजागर किया है। कारण है कि तेल की सप्लाई हासिल करना ज्यादा मुश्किल हो गया है। रिफाइनरियों को तेल के जहाजों के लिए ज्यादा कीमतें चुकानी पड़ी रही है। फिर भी मार्च में उन्हें तेल की कमी का सामना करना पड़ा।

पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई सुधार लागू किए हैं। इनका मकसद तेल की खोज से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा देना है। इनमें एक राष्ट्रीय भूवैज्ञानिक डेटा भंडार (नेशनल जियोलॉजिकल डेटा रिपॉजिटरी) स्थापित करना, नियामक और पर्यावरणीय मंजूरियों को आसान बनाना और ऐसे फाइनेंशियल फ्रेमवर्क पेश करना शामिल है जो तेल खोज करने वाली कंपनियों को मुनाफे में ज्यादा हिस्सा देते हैं। हालांकि, इन प्रयासों के बावजूद दुनिया भर की तेल कंपनियों ने इस क्षेत्र में बहुत कम दिलचस्पी दिखाई है। ये पूंजी और आधुनिक तकनीक दोनों लाने के लिए जानी जाती हैं। ईटी की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक दशक में हुए ज्यादातर लाइसेंसिंग राउंड में घरेलू सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों का ही दबदबा रहा है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2025-26 में कच्चे तेल का उत्पादन 2.5 फीसदी लुढ़का। यह लुढ़ककर 2.8 करोड़ टन रह गया। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2014-15 से अब तक कुल मिलाकर 22 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है।

## गैस के मोर्चे पर भी बुरा हाल




## गिरावट की सबसे बड़ी वजह

एक इंडस्ट्री एग्जीक्यूटिव ने इस लगातार गिरावट का मुख्य कारण पिछले एक दशक में किसी भी बड़ी खोज का न होना बताया। तेल और गैस के भंडार समय के साथ स्वाभाविक रूप से कम होते जाते हैं। जब तक नई खोजों को विकसित नहीं किया जाता, उत्पादन के स्तर को बनाए रखना लगातार मुश्किल होता जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि कंपनियों ने उन संसाधनों का व्यवसायीकरण करने में पर्याप्त तेजी नहीं दिखाई है जिनकी पहचान वे पहले ही कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि अगर विकास कार्य तेजी से किया गया होता तो उत्पादन के स्तर को बनाए रखने में मदद मिल सकती थी। एक अन्य इंडस्ट्री एग्जीक्यूटिव ने कहा कि नीतिगत अनिश्चितता को लेकर चिंताओं के साथ संसाधनों की अपेक्षाकृत सीमित संभावनाओं ने भी निवेश को हतोत्साहित किया है।

# 2300 रुपये से अधिक सस्ती हुई चांदी, सोने के भाव में 600 रुपये से अधिक की गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय बाजार में शुक्रवार, 24 अप्रैल को सोने-चांदी की कीमतों में तेज गिरावट दर्ज की जा रही है। पिछले सत्र के मुकाबले चांदी 1 फीसदी से अधिक लुढ़क गई। इस गिरावट की मुख्य वजह कच्चे तेल की कीमतों में अचानक आई तेज उछाल, बढ़ते बॉन्ड यील्ड और मजबूत होते अमेरिकी डॉलर को माना जा रहा है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर चांदी 1 फीसदी यानी 2,300 रुपये से अधिक टूटकर 2,39,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। वहीं, सोने की कीमत 0.4 फीसदी यानी 600 रुपये से अधिक गिरकर 2,41,513 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सुबह स्पॉट सिल्वर 0.3 प्रतिशत फिसलकर 75.22 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। स्पॉट गोल्ड 0.1 प्रतिशत लुढ़ककर 4,686.29 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। बता दें सोना इस हफ्ते अब तक 3 प्रतिशत टूट चुका है, जिससे उसकी चार हफ्तों की लगातार बढ़त टूट गई है। अमेरिकी गोल्ड फ्यूचर्स 0.5 प्रतिशत गिरकर 4,702 डॉलर पर रहे।

ब्रेंट क्रूड की कीमतों में इस हफ्ते 17 प्रतिशत से अधिक का उछाल आया है और यह 105 डॉलर प्रति बैरल के पार जा पहुंची है। खास बात यह है कि ईरान युद्धविराम बढ़ाए जाने के बावजूद होर्मुज स्ट्रेट अभी भी बड़े पैमाने पर बंद है। यह पूरी दुनिया में तेल सप्लाई का अहम रास्ता है। तेल की बढ़ती कीमतों से ट्रांसपोर्ट और प्रोडक्शन लागत बढ़ जाती है, जिससे महंगाई को बल मिलता है। इससे यह उम्मीद और मजबूत होती है कि ब्याज दरें लंबे समय तक ऊंची बनी रह सकती हैं और यही बात सोने-चांदी जैसी नॉन-यील्डिंग (बिना ब्याज वाली) धातुओं पर भारी



पड़ती है। डॉलर और बॉन्ड यील्ड का दबाव: अमेरिकी डॉलर इस हफ्ते 0.7 प्रतिशत मजबूत हुआ है, जिससे अन्य मुद्राओं वाले खरीदारों के लिए सोना-चांदी महंगी हो गई है। वहीं, अमेरिकी 10-वर्षीय ट्रेजरी यील्ड 2 प्रतिशत से अधिक बढ़ गई है, जिससे नॉन-यील्डिंग धातुओं को होल्ड करने का अवसर लागत बढ़ गई है। विशेषज्ञों के अनुसार, जब तक भू-राजनीतिक स्थिति स्पष्ट नहीं होती और तेल की कीमतों का दबाव बना रहता है, तब तक चांदी और सोने में अस्थिरता बनी रह सकती है। हालांकि, लंबी अवधि के निवेश के नजरिए से कीमती धातुएं अब भी सुरक्षित दांव मानी जाती हैं।

# शौचालय की टंकी में उतरे दो भाईयों में एक की गयी जान, दूसरा भर्ती

## सेंटरिंग खोलने उतरा था छोटा भाई, दूसरा बचाने को कूदा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोड्डा।** महागामा के शांति नगर में गुरुवार को ऐसा हृदयविदारक हादसा हुआ, जिसने हर किसी की आंखें नम कर दीं। रोजी-रोटी की तलाश में काम कर रहे दो सगे भाई शौचालय की टंकी में उतरे लेकिन कुछ ही पलों में सब कुछ बदल गया। छोटा भाई हमेशा के लिए खामोश हो गया, जबकि बड़ा भाई जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा है।

थाना क्षेत्र के डलावर गांव निवासी गडल राउत का 35 वर्षीय बेटा रामकिशोर राउत अपने बड़े भाई 42 वर्षीय प्रमोद राउत के साथ महागामा में एक निमार्णाधीन मकान में काम कर रहा था। शांति नगर स्थित मकान मालिक रविंद्र मोदी के यहां शौचालय टंकी का सेंटरिंग खोलने का काम चल रहा था।

बताया जाता है कि जैसे ही रामकिशोर टंकी के अंदर उतरा, वह अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा।ऊपर खड़े बड़े भाई प्रमोद ने यह देखा तो खुद को रोक नहीं पाए। छोटे भाई की जान बचाने के लिए वह भी उसी टंकी में कूद पड़े लेकिन यह कोशिश भी भारी पड़ गई। कुछ ही क्षणों में एक भाई मौत के मुंह में समा गए व दूसरा जिंदगी के लिए जूझता रहा।

स्थानीय लोगों एवं थाना प्रशासन की मदद से दोनों को किसी तरह बाहर निकाला गया और महागामा रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने रामकिशोर को मृत घोषित कर दिया। प्रमोद की हालत नाजुक देख उसे तुरंत सदर अस्पताल गोड्डा रेफर कर दिया गया। हादसे की असली वजह अब तक रहस्य बनी हुई है।

भीषण गर्मी में लंबे समय से बंद टंकी के अंदर जहरीली गैस बनने की आशंका जताई जा रही है, जिससे दम घुटने से यह हादसा हुआ। वहीं, कुछ लोग बिजली करंट लगने की भी संभावना जता रहे हैं। चूंकी मृतक व घायल के शरीर पर राख लगे हुए थे।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, रिपोर्ट आने के बाद ही सच्चाई सामने आएगी।

उधर, जैसे ही मौत की खबर गांव पहुंची, लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। अस्पताल परिसर में पत्नी, मां, भाभी और बहन की चीख-पुकार से माहौल गूंज उठा।डेढ़ साल पहले ही रामकिशोर की शादी हुई थी। अभी उसकी दुनिया बसनी भी शुरू नहीं हुई थी कि उजड़ गई।

पत्नी रो-रोकर बेसुध हो रही थी। स्वजनों ने बताया कि रामकिशोर छह भाइयों में सबसे मेहनती और जिम्मेदार था। उसकी कमाई से ही घर का चूल्हा जलता था।अब उसके जाने से परिवार के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। घटना के बाद मुआवजे की मांग को लेकर परिजन आक्रोशित हो उठे और मकान मालिक के सामने डट गए।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल पुलिस बल के साथ पहुंचे और स्थिति को संभालने का प्रयास किया, लेकिन देर शाम तक माहौल गम और गुस्से के बीच झूलता रहा।

यह हादसा सिर्फ एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि उन तमाम मजदूरों की हकीकत है जो बिना किसी सुरक्षा के अपनी जान जोखिम में डालकर काम करने को मजबूर हैं।सवाल वही है आखिर मजदूरों की जान की कीमत कब समझी जाएगी।

## युवती ने फ्लाइओवर से लगायी छलांग

**पटना।** पटना के अशोक राजपथ स्थित डबल डेकर फ्लाइओवर पर गुरुवार शाम उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक युवती अचानक रेलिंग पर चढ़ गई और छलांग लगाने की कोशिश करने लगी।

पुलिस के अनुसार 24 वर्षीय युवती शिवहर जिले के तरियानी थाना क्षेत्र की रहने वाली है। घटना के बाद उसकी पहचान कर ली गई है।

बताया जा रहा है कि युवती की मां कोर्ट में अधिकार मित्र हैं। किसी बात को लेकर डांट-फटकार के बाद युवती नाराज होकर पटना आ गई थी।

फ्लाइओवर पर कुछ सेकेंड तक रेलिंग पर बैठी युवती को देख नीचे लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने काफी समझाने की कोशिश की, लेकिन उसने छलांग लगा दी।

जैसे ही युवती नीचे गिरी, वहां मौजूद लोगों ने हाथों के सहारे उसे पकड़ लिया। इस दौरान वह घायल हो गई और बेहोश हो गई।

घायल युवती को तुरंत भर्ती कराया गया, जहां इलाज के बाद उसकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## 17वीं शताब्दी के कीर्ति स्तंभ का अस्तित्व खतरे में



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** 17वीं शताब्दी का निर्मित एकाश्मक प्रस्तर खतरे में पड़ गया है। गुमला जिले के सिसई बसिया रोड पर नवरतनगढ़ से पहले नगर बगल टोली मोड़ के दाहिनी ओर एक प्राचीन तालाब है और उसी तालाब में यह कीर्ति स्तंभ है।

इसके शिखर पर कमल के आकार की आकृति बनी है और कैथी लिपि में कुछ लिखा हुआ है। संभवतः झारखंड का यह इकलौता प्रस्तर स्तंभ है जो 20 फीट लंबा एकाश्मक प्रस्तर का है। इसका निर्माण संभवतः नागवंशी राजा रघुनाथ शाह ने 17वीं शताब्दी में कराया होगा।

उन्होंने 1663 में अपने पिता राम शाह का स्थान लिया था। उनकी राजधानी नवरतनगढ़ थी। उन्होंने अपने शासनकाल में कई मंदिरों का भी निर्माण करवाया था। देखरेख व उपेक्षा के कारण इस स्तंभ की स्थिति बहुत खराब है। जहां यह स्तंभ है, वहां प्राचीन तालाब हुआ करता था।

गुमला जिले का भूजल संरक्षण विभाग इस प्राचीन तालाब को और अधिक गहरा कर रहा है और इस क्रम में यह स्तंभ भी खतरे में आ गया है। तालाब के बीचोबीच स्थित प्राचीन स्तम्भ के आसपास तक की मिट्टी हटा दी गई है, जिससे यह स्तंभ कभी भी जमींदोज हो सकता है।

एक ओर झाराखंड के पर्यटन, कला संस्कृति, खेल एवं युवा मामले के मंत्री सुदिव्य कुमार धरोहरों को संरक्षित करने की घोषणा कर रहे हैं, वहीं, सरकार के कुछ अधिकारी धरोहरों को नष्ट करने में अपनी प्रतिभा को लगा रहे हैं।

पुराविद डॉ नीरज मिश्र ने बताया कि झारखंड का क्षेत्र ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पुरावैभव से संपन्न है। झारखंड के प्रत्येक क्षेत्र में पुरातात्त्विक साक्ष्यों का भंडार देखा जा सकता है। यह बहुत कम विदित है कि नागवंश के राजाओं ने भी एक स्तंभ लेख को निर्मित किया था। इसलिए, इस स्तंभ का ऐतिहासिक स्तंभ है।

इस क्रम में नागवंश के शासकों द्वारा वर्तमान गुमला के सिसई प्रखंड में निर्मित प्राचीन डोइसानगर अर्थात नवरतनगढ़ के क्षेत्र में बहुसंख्यक स्थापत्य संरचनाएं, वास्तु अवशेष, निर्मित मंदिर, राजमहल, सैन्य महत्व की संरचनाएं सहित कई महत्वपूर्ण पुरातात्त्विक साक्ष्य देखे जा सकते हैं।

इस क्रम में यह भी उल्लेखनीय हैं कि प्राचीन परंपराओं में भारतवर्ष के अन्य राजाओं द्वारा जो स्तंभ लेख की स्थापना के प्रमाण बहुतायत मिलते हैं, जैसे अशोक मौर्य के स्तंभ लेख, गुप्त राजाओं के स्तंभ लेख सहित मध्यकाल में निर्मित तोरण एवं कीर्ति स्तंभ की परंपरा निरंतर प्रवाहमान रही है।

# छह वर्षीया किशोरी के साथ दरिंदगी, आरोपी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बगोदर।** झारखंड के गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र में एक बार फिर शर्मनाक घटना सामने आई है। एक गांव में छह वर्षीय बच्ची के साथ पड़ोस के 15 वर्षीय किशोर ने गंदा काम किया।

घटना के बाद स्वजन बच्ची को इलाज के लिए बगोदर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित किशोर को हिरासत में ले लिया है।

बगोदर-सरिया एसडीपीओ धनंजय कुमार राम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक टीम गठित की गई थी। टीम में इंस्पेक्टर अजय कुमार और बगोदर थाना प्रभारी राजेश कुमार शामिल थे। टीम ने घटना के करीब पांच घंटे के भीतर ही आरोपित को पकड़ लिया।

पुलिस के अनुसार, आरोपित ने बच्ची को अकेला पाकर बहला-फुसलाकर वारदात को अंजाम दिया। बच्ची को काउंसलिंग और मेडिकल जांच के लिए भेजा जा रहा है।

सूचना मिलने पर पूर्व विधायक विनोद कुमार सिंह, प्रमुख आशा राज बगोदर थाना पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पूर्व विधायक ने कहा कि इस मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

उन्होंने कहा कि अभिभावकों, स्कूल समाज को सचेत होकर ऐसे मामलों पर बच्चों से बात करने की जरूरत है। पुलिस पीड़िता की मां के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## नशे के खिलाफ पुलिसिया कार्रवाई होगी तेज

**भागलपुर।** जिले में तेजी से फैल रहे नशीली पुड़िया स्मैक-ब्राउन शुगर के काले कारोबार पर लगाम लगाने के लिए रेंज आईजी विवेक कुमार ने एक्शन प्लान तैयार किया है। रेंज के भागलपुर, नवगछिया और बांका में शराब के अलावा स्मैक-ब्राउन शुगर-गांजा की तस्करी, भंडारण और खरीद-बिक्री करने वालों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाने के लिए एसएसपी और एसपी को निर्देश दिया है।

रेंज आईजी ने कहा है कि जिस तेजी से यह किसी खास इलाके से फैलते हुए तेजी से गली-मोहल्ले और गांवों में पांव पसारने लगा है वह चिंताजनक है।

उन्होंने कहा कि नशीली पुड़िया की खरीद-बिक्री, तस्करी और भंडारण करने वालों की बाकायदा सूची तैयार कर उनके विरुद्ध सख्त कदम उठाएं। वरना उड़ता पंजाब की तर्ज पर कहीं भागलपुर न बन जाए उड़ता भागलपुर।

उन्होंने भागलपुर के एसएसपी प्रमोद कुमार यादव, बांका एसपी उपेंद्रनाथ वर्मा और नवगछिया एसपी राजेश कुमार को संयुक्त टास्क फोर्स बनाकर रोकथाम का निर्देश दिया है।

## लूटे गये आभूषण के साथ दो महिलाएं धरायी

**बिहारशरीफ।** झारखंड के रामगढ़ जिले के रजरप्पा के स्वर्ण व्यवसाई से 21 अप्रैल को लूटे गये आभूषण दो दिन बाद गुरुवार को हरनौत थाना पुलिस की सक्रियता से रजरप्पा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में हरनौत रेलवे कॉलोनी के बाहर कार में रखे लूट के जेवर और अन्य सामग्री बरामद हुई। अभियुक्त की अर्टिगा कार में भारत सरकार लिखा हुआ लाल साइन बोर्ड लगा है।

पुलिस ने लूट कांड में शामिल गैंग से जुड़े बदमाशों को भी गिरफ्तार किया जिसमें दो महिलाएं हैं। पुलिस को इनपुट मिला था कि इस कांड का मुख्य सरगना विभाष पासवान उर्फ मृगेंद्र पासवान है। विभाष तो नहीं मिले लेकिन उनके बहनोई मनीष पासवान पकड़े गए। मनीष हरनौत में सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना में सरकारी नौकरी करते हैं। लूट का सामान इन्हीं के यहां छुपाया गया था। मनीष की निशानदेही पर लूटे गये आभूषण उनकी अर्टिगा कार से बरामद की गई। कांड में संलिप्त मनीष की पत्नी रीना देवी (35) की गिरफ्तारी हुई। महेंद्र महतो की पत्नी चंद्रावती देवी (55) की भी गिरफ्तारी सलेमपुर से हुई।

## आवेदन विवाह भवन निर्माण का, कार्य कब्रिस्तान घेराबंदी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिरनी।** झारखंड के गिरिडीह जिले में निर्माण कार्य में अनियमितता का एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। आरोप है कि विवाह भवन निर्माण के लिए ग्रामीणों से हस्तात्रर करवाया गया। इसके बदले कब्रिस्तान की घेराबंदी कराई जा रही है। वह भी उस स्थान पर जहां कब्रिस्तान नहीं हैं। वह जगह कब्रिस्तान के लिए अनुपयोगी है।

तेतरिया सलयडीह पंचायत अंतर्गत फतेहपुर गांव में कल्याण विभाग की ओर से कब्रिस्तान की घेराबंदी कराई जा रही है। इसे अनुपयोगी बताया जा रहा है। दर्जनों ग्रामीणों ने उपायुक्त, बीडीओ, विधायक नागेंद्र महतो, प्रमुख रामू बैठा को संयुक्त हस्ताक्षरित आवेदन देकर संबंधित लोगों पर कार्रवाई करने और राशि के दुरुपयोग पर रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा है कि कल्याण विभाग से 22 लाख की लागत से कब्रिस्तान के लिए चारदीवारी का निर्माण कराया जा रहा है। कब्रिस्तान घेराबंदी के नाम पर जहां चारदीवारी का निर्माण कराया जा रहा है, वह अनुपयोगी है। जहां घेराबंदी की जा रही है वहां कब्रिस्तान नहीं है। साथ ही कब्रिस्तान के रास्ते को बंद कर दिया गया है। ऐसे में गांव में किसी की मौत होगी तो जनाजा को कब्रिस्तान जाने के लिए भविष्य में कोई रास्ता नहीं रहेगा।उक्त जमीन पर चारदीवारी का कोई औचित्य ही नहीं है। अभिकर्ता ने ग्राम सभा भी नहीं की है। घर-घर जाकर विवाह भवन बनाने की बात कहकर अंगूठा का निशान लगवा लिया गया है। विवाह भवन नहीं बनाकर चारदीवारी दी जा रही है।

ग्रामीणों के विरोध करने पर कहता है कि जहां शिकायत करना है करो हम देख लेंगे। कुछ नही बिगाड़ पाओगे। आवेदन में जमरुद्दीन अंसारी,कमरुद्दी अंसारी,सहबन अंसारी, मोकिम अंसारी लतीफ अंसारी, आफताब अंसारी, आजाद अंसारी आदि के हस्ताक्षर शामिल हैं।

## बिहार के लिए चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

## लोगों को होगी सहूलियत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** आगामी गर्मियों और यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने गुजरात के उधना से बिहार के दानापुर और जयनगर के लिए तीन जोड़ी नई अनारक्षित स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का एलान किया है।हालांकि, ये ट्रेनें सीधे धनबाद स्टेशन नहीं आएंगी, लेकिन धनबाद और आसपास के वे यात्री जो उत्तर प्रदेश या बिहार के डीडीयू जंक्शन से संपर्क रखते हैं वे इस ट्रेन का लाभ ले सकते हैं।

पहली ट्रेन 09007/09008 उधना-दानापुर स्पेशल 26 अप्रैल को उधना से चलेगी और अगले दिन सुबह 07:54 बजे डीडीयू पहुंचेगी।

दूसरी ट्रेन 09021/09022 उधना-दानापुर स्पेशल भी इसी रूट से चलेगी जो सोमवार रात 20:54 बजे डीडीयू पहुंचेगी।

वहीं तीसरी महत्वपूर्ण ट्रेन 09003/09004 उधना-जयनगर स्पेशल है। यह ट्रेन डीडीयू से पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर और दरभंगा होते हुए जयनगर जाएगी।

धनबाद से डीडीयू की बेहतर कनेक्टिविटी होने के कारण गुजरात की ओर जाने वाले प्रवासी कामगार और आम यात्री इन ट्रेनों का लाभ डीडीयू जंक्शन पर जाकर उठा सकते हैं।

रेल यात्रियों की सुविधा और सुगम आवागमन को देखते हुए रेलवे ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब गाड़ी संख्या 18609/18610 रांची-लोकमान्य तिलक टर्मिनस (एलटीटी)-रांची एक्सप्रेस का ठहराव झारखंड के महत्वपूर्ण पारसनाथ स्टेशन पर होगा।

# दिव्यांग ने 93.80 प्रतिशत अंक हासिल कर रचा इतिहास

## हाथ के बदले मुंह से लिखकर दी है परीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोड्डा।** जिले के शिवाजी नगर निवासी 100 प्रतिशत दिव्यांग (सेरेब्रल पाल्सी) छात्र मो. फैजानुल्लाह ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 93.80 प्रतिशत अंक हासिल कर शानदार सफलता प्राप्त की है।

उन्होंने कुल 500 अंकों में 469 अंक लाकर दिव्यांग वर्ग में जिला टॉपर बनने के साथ अपने विद्यालय यूपीजी गवर्नमेंट हाई स्कूल, शिवाजी नगर के स्कूल टॉपर बनने का गौरव भी हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, विद्यालय और जिले में खुशी की लहर है।

जन्म से शारीरिक रूप से अक्षम मो. फैजानुल्लाह हाथों से लिख पाने में असमर्थ हैं। विशेष बात यह है कि वे मुंह से लिखकर पढ़ाई और परीक्षा की तैयारी करते हैं, जिसने उनकी सफलता को और भी असाधारण बना दिया है।

उन्होंने कभी अपनी दिव्यांगता को अपनी राह की बाधा नहीं बनने दिया। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने मेहनत, आत्मविश्वास और मजबूत इच्छाशक्ति के बल पर यह मुकाम हासिल किया। दिव्यांग वर्ग में जिला टॉपर बनना उनके संघर्ष और लगन की बड़ी मिसाल माना जा रहा है।

मो. फैजानुल्लाह को होम बेस्ड एजुकेशन के तहत शिक्षा दी जाती थी। इस व्यवस्था के अंतर्गत शिक्षकों द्वारा उनके घर जाकर नियमित पढ़ाई कराई जाती थी, जिससे उनकी शिक्षा निर्बाध जारी रह सकी। सीमित संसाधनों और शारीरिक चुनौतियों के बावजूद पढ़ाई के प्रति उनकी लगन बनी रही।

इसी का परिणाम है कि उन्होंने झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की 10वीं परीक्षा में उर्दू में 96, हिंदी में 90, गणित में 98, विज्ञान में 93, सामाजिक विज्ञान में 92 तथा अंग्रेजी में 84 अंक प्राप्त कर सभी विषयों में ए ग्रेड हासिल किया।

इस सफलता के पीछे परिवार और शिक्षकों की भूमिका भी अहम रही। पिता मो. अनवर आलम और माता नजीमा ने हर कदम पर बेटे का हौसला बढ़ाया।

वहीं, रिसोर्स शिक्षक जीतेन्द्र कुमार भगत (प्रखंड संसाधन केंद्र, गोड्डा) नियमित रूप से घर जाकर उन्हें पढ़ाते थे। विशेष शिक्षण सहयोग और व्यक्तिगत मार्गदर्शन ने छात्र की सफलता की मजबूत नींव रखी।

बताया गया कि जिला प्रशासन की पहल पर डीडीसी के माध्यम से छात्र को एक लैपटॉप भी उपलब्ध कराया गया, जिससे पढ़ाई में काफी मदद मिली। तकनीकी सहयोग और शिक्षकों के समर्पण ने उनकी शिक्षा को नई दिशा दी।

मो. फैजानुल्लाह की उपलब्धि न केवल दिव्यांग बच्चों के लिए प्रेरणा है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि सही मार्गदर्शन, संसाधन और दृढ़ संकल्प से कोई भी मंजिल पाई जा सकती है।

उनकी सफलता पर स्थानीय लोगों, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। गोड्डा के लिए यह उपलब्धि गर्व और प्रेरणा दोनों बन गई है।

# जल्द बदलेगी पूर्णिया शहर की सूरत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** जल्द ही पूर्णिया आधुनिक शहरीकरण की दिशा में एक बड़ी छलांग लगाने वाला है। यहां एक बड़े क्षेत्र में ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप विकसित किया जाएगा। नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा इसके लिए जमीन का चयन कर लिया गया है। इसमें प्रस्तावित टाउनशिप की चौहद्दी, कोर एरिया और स्पेशल एरिया को भी चिह्नित किया गया है।नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा इसके लिए संकल्प जारी किया गया है। इसके तहत पूर्णिया एयरपोर्ट के आसपास की 1374 एकड़ जमीन पर कोर टाउनशिप विकसित किया जाएगा, जबकि केनगर और पूर्णिया पूर्व अंचल के 40 राजस्व गांवों में 26 हजार एकड़ क्षेत्र में स्पेशल एरिया विकसित किया जाएगा।

सरकार ने चिह्नित सभी एरिया में जमीन की खरीद-बिक्री तथा जमीन के विकास व निर्माण कार्य पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। 31 मार्च 2027 तक उक्त चिह्नित एरिया में यह प्रतिबंध प्रभावी रहेगा। इस बीच विभाग टाउनशिप के लिए मास्टर प्लान तैयार कर लेगी।

पूर्णिया में दो चरणों में कोर और स्पेशल एरिया विकसित किया जाएगा। कोर एरिया में पूर्णिया एयरपोर्ट के आसपास के केनगर अंचल के चार मौजों की 1374 एकड़ जमीन चिह्नित की गई है। कोर एरिया में गोआसी, परोरा, देवीनगर और बनभाग मौजों की जमीन शामिल है।स्पेशल एरिया के लिए केनगर अंचल की 40 और पूर्णिया पूर्व अंचल की नौ राजस्व ग्राम का चयन हुआ है। कोर और स्पेशल एरिया को मिलाकर टाउनशिप के लिए कुल 26 हजार एकड़ जमीन का चयन किया गया है।

सस्टेनेबल इंफ्रास्ट्रक्चर बनाई जाएगी। चौड़ी सड़कें, आधुनिक सीवेज सिस्टम और अच्छी जनसुविधाएं होंगी।

# घरेलू गैस की किल्लत से जूझ रहे लोग

## बाजारों में ऊंचे दामों पर मिल रहा सिलेंडर




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** हंसडीहा में इन दिनों एलपीजी गैस की भारी किल्लत से आम उपभोक्ताओं की परेशानी चरम पर पहुंच गई है। घर-घर गैस पहुंचाने वाली होम डिलीवरी सेवा पूरी तरह से बंद हो चुकी है। जिससे लोगों को घंटों एजेंसी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि उपभोक्ताओं को समय पर सिलिंडर नहीं मिल पा रहा, वहीं दूसरी ओर खुले बाजार में दोगुनी कीमत पर गैस सिलिंडर धड़ल्ले से बेचे जा रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले जहां गैस की नियमित आपूर्ति होती थी, वहीं अब हफ्तों इंतजार के बाद भी सिलिंडर नहीं मिल रहा। कई उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि होम डिलीवरी बंद कर देने से कालाबाजारी में गैस की उपलब्धता गम्भीर सवाल पैदा कर रहे हैं।

दूर-दराज के कस्बाई इलाकों में हालात और भी खराब हैं। महिलाओं को खाना बनाने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। कई परिवार फिर से लकड़ी और कोयले के चूल्हे पर लौटने को मजबूर हो गए हैं, जिससे स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

सूत्रों के अनुसार, जहां एक ओर उपभोक्ताओं को 45 दिन के बाद ओटीपी मंगाने के बाद भी आधिकारिक दर पर सिलिंडर उपलब्ध नहीं हो रहा, वहीं दूसरी ओर कुछ दुकानदार और बिचौलिए 2000 रुपये में सिलिंडर बेच रहे हैं। यह कीमत निर्धारित दर से लगभग दोगुनी है। प्रशासन की नजरों से बचकर यह अवैध कारोबार खुलेआम चल रहा है। बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है।

उपभोक्ताओं का आरोप है कि जगह-जगह सड़क किनारे गैस की रिफलिंग की जा रही है, लेकिन न तो इसकी जांच हो रही है और न ही दोषियों पर कोई कार्रवाई की जा रही है।

उपभोक्ताओं ने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द गैस आपूर्ति सुचारू करने, होम डिलीवरी बहाल करने और कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

साथ ही संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की भी बात कही है। बता दें कि हंसडीहा इलाके में एचपी का गैस सरैयाहाट स्थित मनोज ग्रामीण गैस वितरक तो इंडेन का गैस रामगढ़ के धोबनी स्थित वितरण केंद्र से पहुंचाया जाता है।

# जमीन विवाद ने लिया हिंसक रुप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** प्रतापपुर थाना क्षेत्र के टंडवा पंचायत अंतर्गत करमाचक गांव में गुरुवार सुबह गैरमजरूआ जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर हिंसक झड़प हो गई।

मकान निर्माण के दौरान शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया, जिसमें दोनों पक्षों से करीब दस लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना में प्रथम पक्ष की तीन बुजुर्ग महिलाओं के हाथ टूट गए, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया।

प्रथम पक्ष के लालू यादव, महेंद्र यादव व महिलाओं ने आरोप लगाया कि संबंधित 13 डिसमिल गैरमजरूआ जमीन उनके रैयती जमीन से घिरी हुई है और नियम के अनुसार उस पर उनका अधिकार बनता है।

उन्होंने बताया कि इस जमीन को लेकर पहले से अंचल कार्यालय में विवाद चल रहा है, बावजूद इसके कथित मिलीभगत से दूसरे पक्ष को जमीन का पर्चा दे दिया गया, जिससे विवाद और बढ़ गया।

उनका कहना है कि पंचायत स्तर पर दोनों पक्षों के बीच समझौता भी हुआ था, लेकिन दूसरे पक्ष द्वारा जबरन मकान निर्माण शुरू कर देने पर विरोध करने गए तो गाली-गलौज के बाद मारपीट शुरू कर दी गई।

वहीं, दूसरे पक्ष के राजेंद्र यादव, विकास यादव समेत अन्य का कहना है कि उन्हें अंचल द्वारा विधिवत जमीन का पर्चा दिया गया है। वे उसी आधार पर मकान निर्माण कर रहे थे, तभी पहले पक्ष ने आकर विवाद शुरू कर दिया, जो बाद में मारपीट में बदल गया।

घायलों में प्रथम पक्ष से बिगवा देवी, मुनी देवी, राजदेव यादव, रंजू कुमारी, लालू यादव, महेंद्र यादव, मीना देवी, गीता देवी समेत अन्य शामिल हैं, जबकि दूसरे पक्ष से प्रदीप यादव, विकास यादव, नीतू देवी सहित कई लोग घायल हुए हैं।

# लुटेरों ने गार्ड की हत्या कर दो दान पेटियों पर किया हाथ साफ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धुर्वा।** ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मंदिर के 300 साल के इतिहास में शुक्रवार की रात एक काला अध्याय जुड़ गया। लुटेरों ने मंदिर की सुरक्षा में तैनात 25 वर्षीय अनुभवी गार्ड बिरसा मुंडा की बेरहमी से हत्या कर दी और मंदिर की दो दान पेटियां तोड़कर लाखों के चढ़ावे पर हाथ साफ कर दिया।

हैरान करने वाली बात यह है कि अपराधियों ने दान पेटी से सिर्फ 500 के नोट और सोना-चांदी बटोरा, जबकि 100-50 के नोट और सिक्के वहीं फर्श पर बिखेर दिए।घटना की जानकारी शुक्रवार सुबह 5:00 बजे मिली, जब मंदिर के सेवक दिलीप और लालजी सफाई के लिए पहुंचे। उन्होंने देखा कि मुख्य गेट पर ताला लटका है। संदेह होने पर वे पीछे से सीढ़ी के सहारे अंदर घुसे, तो मंडप में सुरक्षा प्रहरी बिरसा मुंडा को लहुलुहान हालत में पाया।

बिरसा के सिर से भारी खून बह रहा था। मंदिर के पुजारी और प्रथम सेवक लाल सुधांशु नाथ शाहदेव को सूचना देने के बाद पुलिस को बुलाया गया। मौके पर एसएसपी राजीव रंजन, डीएसपी पारस राणा और हटिया डीएसपी प्रमोद मिश्रा सहित भारी संख्या में पुलिस बल पहुंचा।

मृतक बिरसा मुंडा (60 वर्ष) बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वे हॉकी के बेहतरीन खिलाड़ी थे और उन्होंने बिहार व झारखंड का प्रतिनिधित्व किया था। 1986 में कन्याकुमारी में आयोजित नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय हॉकी शिविर में उन्होंने टीम का नेतृत्व किया था।

2006 में उन्हें मंदिर प्रबंधन द्वारा उत्कृष्ट सेवा के लिए 'सर्वोत्तम उत्कृष्ट व्यक्ति' के प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया था। वह पदक और प्रमाण पत्र आज भी उनके घर की दीवार पर उनकी ईमानदारी के गवाह बनकर टंगे हैं।

परिजनों ने मंदिर कमेटी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बिरसा की पत्नी रूपम देवी ने रोते हुए बताया कि 25 सालों तक सेवा देने के बावजूद उन्हें सुरक्षा के लिए एक लाठी तक नहीं दी गई थी। बिरसा हर रात अपने घर से तीर-धनुष लेकर सुरक्षा के लिए मंदिर जाते थे।

विडंबना यह है कि मात्र 2000 रुपये महीने के वेतन पर काम करने वाले बिरसा को पिछले 2 साल से वह मानदेय भी नहीं मिला था। इसके बावजूद वे अपनी निष्ठा से पीछे नहीं हटे।

पुलिस ने जब सीसीटीवी फुटेज खंगाले, तो एक नकाबपोश युवक मंदिर के अंदर रॉड के सहारे दान पेटी तोड़ते हुए दिखाई दिया। पुजारी मदन पाढ़ी के अनुसार, सितंबर 2025 के बाद से दान पेटी नहीं खोली गई थी।

अभय सिंह ने एलेइनिन को हराया

# पहली बार पीएसए गोल्ड-लेवल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के स्क्वाश खिलाड़ी अभय सिंह ने ज्यूरिख में खेले जा रहे ग्रासहॉपर कप स्क्वैश टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है।भारत के अभय सिंह ने ज्यूरिख में खेले जा रहे ग्रासहॉपर कप स्क्वैश टूर्नामेंट में मिस्र के विश्व नंबर 13 अली अबू एलेइनिन को हराकर पहली बार पीएसए गोल्ड लेवल की प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज अभय दूसरे दौर के पहले गेम में 5-8 से पीछे चल रहे थे। उन्होंने हालांकि शानदार वापसी करते हुए सातवीं वरीयता प्राप्त एलेइनिन को 12-10, 11-9 से मात दी।



**अभय के सामने अब कड़ी चुनौती** – इस महीने की शुरुआत में भी अभय ने मिस्र में आयोजित एल गूना ओपन में भी एलेइनिन को हराया था। अभय के सामने अब क्वार्टर फाइनल में मिस्र के विश्व नंबर चार करीम गवाड की चुनौती होगी। उन्होंने शुरुआती दौर में स्विट्जरलैंड के डेविड बेर्नेट को 11-9, 9-11, 11-8 से हराया था। भारत के ही रमित टंडन को मिस्र के फारेस देसौकी के खिलाफ 6-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा।

सचिन तेंदुलकर बर्थडे

# 'क्रिकेट के भगवान' ने फैंस के साथ मनाया जन्मदिन

**मुंबइ, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर अपना 53वां जन्मदिन मना रहे हैं। सचिन को उनके जन्मदिन पर न सिर्फ क्रिकेट बल्कि समाज के अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े लोग भी बधाई दे रहे हैं। फैंस के दिल में राज करने वाले सचिन ने अपने जन्मदिन का केक फैंस के बीच काटा। सचिन ने अपनी पत्नी अंजली तेंदुलकर के साथ सैकड़ों फैंस के सामने केक काटा और फैंस की बधाइयों के लिए उनका शुक्रिया किया। इस अवसर पर उनके फैन के रूप में पहचान बनाने वाले सुधीर भी मौजूद थे। वह झंडा लहरा रहे थे और केक कटने के समय शंख बजा रहे थे। सचिन तेंदुलकर को उनके जन्मदिन पर उनके साथी खिलाड़ियों ने बधाई दी है। युवराज सिंह ने एक्स पर लिखा, 'जन्मदिन मुबारक पाजी। आपके साथ मैदान साझा करना मेरे लिए सम्मान की बात थी, लेकिन आपसे सीखना उससे भी बड़ी बात थी। आपका अनुशासन, विनम्रता और प्यार हम सभी के लिए एक मिसाल है। उन यादों और उस प्रेरणा के लिए धन्यवाद, जो आप आज भी हमारे लिए बने हुए हैं। ढेर सारा प्यार।' हरभजन सिंह ने एक्स पर सचिन तेंदुलकर के साथ अपनी फोटो साझा करते हुए लिखा, 'जन्मदिन मुबारक पाजी। वाहेगुरु आपको अच्छी सेहत, दौलत, खुशी और शांति का आशीर्वाद देते रहें। सच्चे लेजेंड, सिर्फ मैदान पर ही नहीं बल्कि मैदान के बाहर भी मास्टर। हमेशा प्यार।' ब्रेट ली ने फेसबुक पर लिखा, 'क्रिकेटर होते हैं, महान क्रिकेटर होते हैं, और फिर सचिन तेंदुलकर हैं। एक ऐसे इंसान को जन्मदिन की बधाई जिसने सिर्फ क्रिकेट नहीं खेला, बल्कि वह क्रिकेट बन गया। उसे देखना एक कला थी। एक लेजेंड, एक जेंटलमैन, और एक सच्चा दोस्त। और क्योंकि आज आपका जन्मदिन है और मैं दिल खोलकर खेल रहा हूं, तो यह रहा एक गिफ्ट—एक हाफ वॉली, स्ट्रेट और स्लॉट में राइट। आगे बढ़ो, सचिन। तुम्हें पता है कि इसके साथ क्या करना है। तुम्हें हमेशा पता था। जन्मदिन मुबारक हो, लिटिल मास्टर।'



फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान कल मना रहे बर्थडे

# सबसे ज्यादा कमाई करने वाले फुटबॉलर रहे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय फुटबॉल के इतिहास में आई. एम. विजयन का नाम बेहद सम्मान के साथ लिया जाता है। वह भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान भी रह चुके हैं। आई. एम. विजयन का जन्म 25 अप्रैल 1969 को त्रिशूर, केरल में हुआ था। उनका पूरा नाम इनिवलाप्पिल मणि विजयन है। विजयन का बचपन काफी गरीबी में बीता। परिवार की आर्थिक मदद करने के लिए उन्हें स्टेडियम में सोडा बेचने तक का काम करना पड़ा।



# संजू सैमसन ने मुंबई के खिलाफ शतक जड़ रच दिया इतिहास



**मुंबई, एजेंसी।** आईपीएल 2026 के 33वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुंबई इंडियंस को 103 रनों से रौंदा. वानखेड़े के मैदान पर मिली धमाकेदार जीत के साथ ही सीएसके आईपीएल में एमआई के खिलाफ सर्वाधिक जीत दर्ज करने वाली टीम बन गई है.

चेन्नई सुपर किंग्स से मिले 208 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई इंडियंस की पूरी टीम 19 ओवर में 104 रन बनाकर ऑलआउट हो गई. संजू सैमसन ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए इस सीजन का अपना दूसरा शतक लगाया. सैमसन ने 54 गेंदों में 101 रनों की नाबाद पारी खेली . अपनी इस पारी में संजू ने 10 चौके और 6 छक्के लगाए. ऋतुराज गायकवाड़ ने 22 रन बनाए, तो सरफराज खान ने 14 रनों का योगदान दिया. वहीं, डेवाल्ड ब्रेविस ने 21 और कार्तिक शर्मा ने 18 रन बनाए. यह सीएसके की इस सीजन की तीसरी जीत है, जबकि एमआई को पांचवीं हार का मुंह देखना पड़ा है. एमआई की शुरुआत बेहद खराब रही और दानिश मालेवार और नमन धीर बिना खाता खोले पवेलियन लौटे. क्विंटन डी कॉक भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और सिर्फ 7 रन बनाकर मुकेश चौधरी का शिकार बने. सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने चौथे विकेट के लिए 73 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई. तिलक 29 गेंदों में 37 रन बनाकर आउट हुए, तो सूर्यकुमार 36 रन बनाने के बाद अकील हुसैन की गेंद पर सरफराज को कैच देकर पवेलियन लौटे.

हार्दिक पांड्या (1 रन) और शेरफेन रदरफोर्ड (0) बुरी तरह से फेल रहे. गेंदबाजी में सीएसके की ओर से अकील हुसैन ने 4 और नूर अहमद ने 2 विकेट अपने नाम किए. वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस (स्ह्ढ) के खिलाफ शतक जड़ना किसी भी बल्लेबाज के लिए एक सपने जैसा होता है. इस शानदार उपलब्धि के बाद अपनी रणनीति का खुलासा करते हुए शतकवीर खिलाड़ी ने बताया कि यह पल उनके और टीम के लिए बेहद खास है. उन्होंने कहा कि आज के दौर में उन्होंने अपनी बल्लेबाजी को बहुत सरल रखा है और वह केवल मैच के हालातों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं. वानखेड़े की पिच को लेकर उन्होंने एक दिलचस्प बात साझा की कि आज का विकेट आम दिनों जैसा नहीं था, यहां गेंद न केवल स्विंग हो रही थी, बल्कि पिच से थोड़ा रुककर भी आ रही थी. इसी स्पष्टता ने उन्हें पारी को आगे बढ़ाने में काफी मदद की.

- **खेल खुद आपको रास्ता दिखाता है कि आपको क्या करना है : संजू** – मैच के दौरान टीम की मुश्किलों का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि पावरप्ले के तुरंत बाद उन्हें पिच के मिजाज का अंदाजा हो गया था. टीम लगातार बीच-बीच में विकेट गंवा रही थी और जब भी बल्लेबाज बड़े शॉट खेलने का प्रयास करते, वे आउट हो रहे थे. ऐसी स्थिति में उन्होंने अपनी जिम्मेदारी को समझा और तय किया कि एक जमे हुए बल्लेबाज के रूप में उनका अंत तक क्रीज पर टिके रहना बहुत जरूरी है. उन्होंने कहा, 'खेल खुद आपको रास्ता दिखाता है कि आपको क्या करना है.' इसी संयम और खेल की समझ का नतीजा रहा कि वह अंत तक नाबाद रहे और एक यादगार शतक के साथ अपनी टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया मैदान पर उतरते समय पहले से कोई निश्चित धारणा या 'माइंडसेट' बनाकर खेलना हमेशा सही नहीं होता. खेल के प्रति मेरी सोच बहुत अलग है. संजू ने कहा, व्यक्तिगत रिकॉर्ड से ऊपर टीम की जरूरतें आती हैं. एक अनुभवी खिलाड़ी के नाते मेरी यह जिम्मेदारी बनती है कि मैं अपनी स्वाभाविक शैली को खेल की परिस्थितियों और टीम की मांग के अनुसार ढालूं. आज के मैच में भी, अगर हमने शुरुआत में जल्दी विकेट नहीं गंवाए होते, तो मैं शायद बहुत पहले ही आक्रामक शॉट खेलना शुरू कर देता, लेकिन विकेट गिरने की वजह से पारी को संभालना और उसे अंत तक ले जाना अनिवार्य था.

गोलकीपर प्रिंस नहीं खेल पाएंगे एशियाड

# बाएं कंधे की होगी सर्जरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशियाई खेल 2026 से पहले भारतीय पुरुष हॉकी टीम को झटका लगा है। एशियाई खेलों के कैंप में शामिल गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह चोटिल हो गए हैं। प्रिंसदीप के बाएं कंधे के लेब्रल हिस्से में चोट की सर्जरी की जाएगी। प्रिंसदीप जूनियर हॉकी विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में हैरतअंगेज प्रदर्शन से चर्चा में आए थे, जिससे भारत सेमीफाइनल में पहुंचा था। चेन्नई में बीते दिसंबर में खेले गए जूनियर विश्व कप में भारत की कांस्य पदक जीत में प्रिंस की अहम भूमिका थी। प्रिंस के कंधे की सर्जरी इसी सप्ताह मुंबई में सर्जरी चर्चित चिकित्सक डॉ. दिनशा पारदीवाला करेंगे। सर्जरी के बाद प्रिंसदीप को पूरी तरह ठीक होने में छह माह तक का समय लग सकता है, जबकि एशियाई खेल ऐची और नागोया में 19 सितंबर से शुरू होने हैं। ऐसे में उनके खेलने की संभावना नगण्य हो गई है।



**सर्जरी पर 6.5 लाख खर्च**

पंजाब के 21 वर्षीय गोलकीपर प्रिंस को पीआर श्रीजेश का विकल्प माना जा रहा है। वह 2024 में जूनियर एशिया कप जीतने वाली टीम के भी सदस्य थे। उनकी सर्जरी पर साढ़े छह लाख रुपये का खर्च होगा, जिसे मेडिकल इंश्योरेंस और टॉप्स स्कीम से पूरा किया जाएगा।

**पुरानी है कंधे की चोट**

सूत्र बताते हैं कि प्रिंसदीप पिछले एक-दो साल से इस चोट से पीड़ित हैं। तब भी वह लगातार खेल रहे थे। अब दर्द असहनीय होने पर उन्हें सर्जरी की सलाह दी गई है। अब एशियाई खेलों की टीम में गोलकीपर के लिए कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेगा, पवन और मोहित के बीच मुकाबला है।

पहले स्थान पर पहुंचा भारत

# प्राची गायकवाड़ ने गोल्ड पर लगाया निशाना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्राची गायकवाड़ ने गुरुवार को मिस्र के काहिरा में चल रहे इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) जूनियर वर्ल्ड कप राइफल / पिस्टल / शॉटगन में जूनियर महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने फाइनल में 354.6 का स्कोर किया और व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट (एआईएन) डारिया चुप्रीस को हराया, जिन्होंने 354.4 का स्कोर किया। एक और एआईएन शूटर, एलेना क्रेटिनिना ने 343.3 के स्कोर के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता, और 35-शॉट के फाइनल से 34वें शॉट के बाद बाहर हो गई। नारायण प्रणव ने भी जूनियर पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में फाइनल में 229.5 के स्कोर के साथ ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा जमाया। मंगलवार (21 अप्रैल) को प्रतियोगिता के पहले दिन शिवा नरवाल ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में जीत हासिल की थी; उसके बाद यह भारत का दूसरा गोल्ड है। दो गोल्ड, चार सिल्वर और तीन ब्रॉन्ज मेडल के साथ भारत एक बार फिर मेडल टैली में टॉप पर पहुंच गया है।



# केरला ब्लास्टर्स ने ओडिशा एफसी को 2-1 से हराया

**कोच्चि, एजेंसी।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2025-26 में केरला ब्लास्टर्स एफसी ने रोमांचक मुकाबले में ओडिशा एफसी को 2-1 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला कोच्चि के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेला गया। मैच की शुरुआत से ही केरला ब्लास्टर्स ने आक्रामक खेल दिखाया। टीम के खिलाड़ी केविन योक ने लेफ्ट साइड से कई अच्छे मूव बनाए और ओडिशा के डिफेंस को परेशान किया। इसी दबाव का फायदा उठाते हुए मुकाबले के 12वें मिनट में विक्टर बर्टोमेउ ने पहला गोल दागा। एक ड्राइविंग रन और हितेश शर्मा के ब्लॉक किए गए शॉट के बॉक्स में जाने के बाद विक्टर ने शानदार अंदाज में गेंद को कंट्रोल किया और फिर बॉल को गोल पोस्ट में पहुंचाकर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। पहले गोल के बाद भी केरला का दबदबा बना रहा, लेकिन धीरे-धीरे ओडिशा एफसी ने मैच में वापसी की। 27वें मिनट में रहीम अली ने शानदार गोल करके स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद दोनों टीमों ने मौके बनाए, लेकिन हाफ टाइम तक कोई और गोल नहीं हुआ।दूसरे हाफ में ओडिशा एफसी ने बेहतर शुरुआत की और लगातार अटैक किए। हालांकि, केरला के गोलकीपर और डिफेंस ने मजबूती से खेलते हुए गोल नहीं होने दिया। दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली, और मैच के आखिरी समय तक स्कोर बराबरी पर ही बना रहा। मैच ड्रॉ की तरफ बढ़ रहा था, तभी इंजरी टाइम में केरला ब्लास्टर्स को कॉर्नर मिला। इस मौके का फायदा उठाते हुए सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी मैटियास हर्नांडेज ने शानदार हेडर लगाकर गेंद को गोल पोस्ट में पहुंचा दिया। 90+3वें मिनट में आए इस गोल ने मैच का रुख बदल दिया और केरला को रोमांचक जीत दिलाई। मैच के अंत में ओडिशा एफसी ने बराबरी करने की कोशिश की, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। इस तरह केरला ब्लास्टर्स ने कड़ी मेहनत से तीन अहम अंक हासिल कर लिए। इस जीत के बाद केरला ब्लास्टर्स 11 अंकों के साथ अंक तालिका में नौवें स्थान पर पहुंच गया है। वहीं ओडिशा एफसी आठ मैचों में सिर्फ छह अंक के साथ 13वें स्थान पर बना हुआ है।



खेल में राजनीति कर रहा पाकिस्तान

# भारत में होने वाले टूर्नामेंट से नाम वापस लिया

अब छह टीमें खेलती दिखेंगी

**कराची, एजेंसी।** दक्षिण एशिया के बड़े फुटबॉल टूर्नामेंट सैफ विमेंस चैंपियनशिप 2026 से पाकिस्तान ने अपना नाम वापस ले लिया है। पाकिस्तान फुटबॉल फेडरेशन ने इसकी आधिकारिक पुष्टि करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच बिगड़ते रिश्तों के चलते यह फैसला लिया गया है। यह टूर्नामेंट 25 मई से छह जून तक गोवा के पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेला जाना है।

**टूर्नामेंट अब छह टीमों के साथ** – पाकिस्तान के हटने के बाद अब इस टूर्नामेंट में कुल 6 टीमें हिस्सा लेंगी। इनमें भारत, नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश, भूटान और मालदीव शामिल हैं। ढाका में हुए ड्रॉ में इन टीमों को दो समूहों में बांटा गया है, जिससे प्रतियोगिता का रोमांच बरकरार रहेगा।



**पाकिस्तान महिला फुटबॉल को बड़ा झटका** – यह फैसला पाकिस्तान महिला फुटबॉल के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। हाल के वर्षों में टीम धीरे-धीरे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी कर रही थी और इस टूर्नामेंट को खुद को साबित करने का बड़ा मौका माना जा रहा था। लेकिन एक बार फिर राजनीतिक तनाव ने खेल पर असर डाला और खिलाड़ियों का यह मंच छिन गया।

- **पहले भी खेलों से पीछे हट चुका है पाकिस्तान** – यह पहली बार नहीं है जब पाकिस्तान ने भारत में होने वाले किसी खेल आयोजन से दूरी बनाई हो। इससे पहले भी पाकिस्तान ने पुरुष जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप और एशिया कप में अपनी टीम नहीं भेजी थी। यह लगातार बढ़ती प्रवृत्ति दर्शाती है कि खेल और राजनीति का टकराव दक्षिण एशिया में अभी भी जारी है।
- **भारत और बांग्लादेश पर रहेंगी नजरें** – भारत इस टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम है, जिसने पांच बार खिताब जीता है। वहीं बांग्लादेश ने पिछले दो संस्करण (2022 और 2024) अपने नाम किए हैं। ऐसे में इस बार भी इन दोनों टीमों पर सबकी नजरें टिकी रहेंगी।

# मुंबई इंडियंस को रोहित शर्मा की कमी खल रही है: आकाश चोपड़ा

**मुंबई, एजेंसी।** आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस (एमआई) के निराशाजनक प्रदर्शन का सिलसिला जारी है। गुरुवार को अपने घरेलू मैदान वानखेड़े में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ एमआई को 103 रन के बड़े अंतर से हार का सामना करना पड़ा। आईपीएल में रनों के लिहाज से एमआई की ये सबसे बड़ी हार है। पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि मुंबई इंडियंस को रोहित शर्मा की कमी खल रही है। स्टार स्पोर्ट्स के 'अमूल क्रिकेट लाइव' पर जियोस्टार एक्सपर्ट आकाश चोपड़ा ने कहा, 'मुंबई को रोहित शर्मा की कमी जरूर खली है। अच्छी शुरुआत के बिना, 210-220 के लक्ष्य का पीछा करना बहुत मुश्किल हो जाता है। सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या ने अब तक ज्यादा योगदान नहीं दिया है। तिलक वर्मा ने पिछले मैच में जरूर शतक लगाया था, लेकिन बाकी बल्लेबाजों को बेहतर करने की जरूरत है। गेंदबाजी में भी जसप्रीत बुमराह और गजनफर अच्छा कर रहे हैं। उन्हें बाकी लोगों से बेहतर सपोर्ट की जरूरत है।' रोहित शर्मा ने आईपीएल 2026 की शुरुआत धमाकेदार अंदाज में की थी और केकेआर के खिलाफ पहले मैच में 38 गेंदों पर 78 रन बनाए थे। सीजन के चौथे मैच में रोहित इंजर्ड हो गए थे। इसके बाद से प्लेइंग इलेवन से बाहर चल रहे हैं।



# सीमापुरी से आतंकी कनेक्शन मिलते ही पुलिस अलर्ट मोड पर, घनी आबादी वाला दिल्ली-यूपी बॉर्डर बना पनाहगाह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** यूपी एटीएस की कार्रवाई में सामने आई आतंकी साजिश के तार पूर्वी दिल्ली के सीमापुरी से जुड़ने के बाद दिल्ली पुलिस भी अलर्ट हो गई है। सनलाइट कॉलोनी का रहने वाला आरोपित समीर खान, जो सामान्य जिंदगी जीता दिख रहा था। वह सोशल मीडिया के जरिए संदिग्ध नेटवर्क के संपर्क में था। शुरुआती जानकारी के मुताबिक वह जीटीबी अस्पताल में कांट्रेक्ट पर नर्सिंग अर्दली (हेल्पर) के रूप में काम करता था। नोएडा एटीएस से मिली जानकारी के बाद अब दिल्ली पुलिस भी क्षेत्र में सक्रिय हो गई है। देर रात पुलिस टीम में सनलाइट कॉलोनी जाकर जांच की और सुराग तलाश किए।

दिल्ली पुलिस के अनुसार सनलाइट कॉलोनी जैसे घनी आबादी वाले इलाके में किराये पर रहना और पहचान छिपाना अपेक्षाकृत आसान है। वहीं, दिल्ली-यूपी बॉर्डर के करीब होने के कारण यहां से दूसरे राज्यों में आवाजाही भी बिना ज्यादा ध्यान खींचे संभव रहती है। ऐसे में आरोपित ने लंबे समय तक यहां रहकर अपनी गतिविधियों को छिपाए रखा। जांच एजेंसियों के अनुसार, आरोपित इंटरनेट




मीडिया प्लेटफार्म के जरिये बाहरी तत्वों के संपर्क में आया था और धीरे-धीरे उनके प्रभाव में काम करने लगा। फिलहाल, उसके डिजिटल नेटवर्क, चैट और अन्य अकाउंट्स की गहन जांच की जा रही है।

दिल्ली पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि मामले में हर पहलू से जांच की जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपित किन-किन लोगों के संपर्क में था और क्या स्थानीय स्तर पर उसके कोई सहयोगी भी मौजूद हैं। साथ ही क्षेत्र में रहने वाले संदिग्ध लोगों और गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही है। सीमापुरी का सनलाइट कॉलोनी क्षेत्र लंबे समय से घनी आबादी और अव्यवस्थित बसावट के कारण अपराधों का अड्डा माना जाता रहा है। संकरी गलियां, बड़ी संख्या में किरायेदार और लगातार सामने आती आपराधिक घटनाएं यहां कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बनी रहती हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक चाकूबाजी, चोरी, झपटमारी और अन्य वारदातें यहां आम हैं, जिससे ऐसे इलाकों में संदिग्ध गतिविधियों का छिपना भी आसान हो जाता है।

## दिल्ली के अबुल फजल एन्क्लेव में शिक्षण संस्थान में लगी आग

**दक्षिणी दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिणी दिल्ली में जामिया नगर के अबुल फजल एन्क्लेव स्थित एक शिक्षण संस्थान में शुक्रवार सुबह आग लग गई। उक्त



भवन में जमात-ए-इस्लामी हिंद का पब्लिशिंग हाउस मरकजी मक्तबा ए इस्लामी संचालित होता है। नीचे किताबों का काम होता है। वहीं, ऊपर पब्लिशिंग हाउस का दफ्तर है। ऊपर के तल पर ही आग लगी है। बताया कि सुबह 8.05 बजे आग लगने की सूचना दी गई। आग की लपटें उठने पर दीवार फट गई और ईंट छिटककर गार्ड को जा लगी। घायल होने पर गार्ड को पास के अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया। वहीं, मौके पर आठ फायर टेंडर भेजे गए। लगभग एक घंटे में आग पर काबू पा लिया गया है।

## दिल्ली की सड़कों पर धूल और मलबे के ढेर देख भड़का सीएक्यूएम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने 'ऑपरेशन क्लीन एयर' के



तहत दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़कों पर उड़ने वाली धूल और सफाई व्यवस्था की प्रभावशीलता की जांच करना था। आयोग द्वारा गठित पांच फ्लाइंग स्क्वॉड टीमों ने एमसीडी के तहत आने वाले तीन जोन—सिविल लाइन्स, करोल बाग और पश्चिम दिल्ली में फील्ड मूल्यांकन किया। इस निरीक्षण के दौरान विभिन्न सड़क खंडों पर कुल 34 उल्लंघन पाए गए। इनमें महाकवि गोस्वामी तुलसीदास मार्ग, नजफगढ़ रोड, रिंग रोड पंजाबी बाग, आजादपुर रोड और फैज रोड जैसे प्रमुख मार्ग शामिल हैं। निरीक्षण टीमों ने पाया कि इन सड़कों पर न केवल धूल की मोटी परत जमा थी, बल्कि कई स्थानों पर निर्माण और विध्वंस (सीएनडी) अपशिष्ट का ढेर भी लगा हुआ था। सीएक्यूएम ने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए एमसीडी और अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे धूल नियंत्रण उपायों को सख्ती से लागू करें।

## मैं दिल्ली सिर्फ ताजी हवा के लिए नहीं आया था, बल्कि शीर्ष नेताओं से भी मिला

**नई दिल्ली/बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक में सत्तारूढ़ पार्टी में जारी असंतोष के बीच, उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने राजधानी में कांग्रेस नेताओं से मुलाकात की। उन्होंने बैठकों का विवरण साझा करने से इनकार कर दिया और कहा कि वे इसका खुलासा नहीं करेंगे। उपमुख्यमंत्री शिवकुमार ने कहा, 'मैंने पार्टी नेताओं से मुलाकात की है। मैं अपना काम जारी रखूंगा, लेकिन मैं यह खुलासा नहीं करूंगा कि मैं किन लोगों से मिला हूं। मैं दिल्ली सिर्फ यहां की हवा का आनंद लेने नहीं आया हूं।' गुरुवार रात नई दिल्ली में बोलते हुए, शिवकुमार से जब पूछा गया कि क्या वह पार्टी नेताओं को चुनाव रिपोर्ट सौंपेंगे, तो उन्होंने कहा, 'मैंने चुनाव प्रचार के लिए तमिलनाडु, केरल और असम का दौरा किया। मुझे इन राज्यों में हुए घटनाक्रमों के बारे में अपने नेताओं को जानकारी देनी होगी। पार्टी ने मुझे वहां चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी थी। कर्नाटक में चुनाव कराना केपीसीसी अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री के रूप में मेरा कर्तव्य है, और मैं इसे पूरा करूंगा।' राज्य में संभावित बदलावों के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, 'जिम्मेदारी भरे पद पर रहते हुए क्या मैं मीडिया के सामने ऐसे मामलों पर चर्चा कर सकता हूं? मैं इस बारे में बात नहीं करूंगा। कृपया मुझसे ऐसी जानकारी निकालने की कोशिश न करें।' मुस्लिम समुदाय में असंतोष को लेकर विधायकों और मंत्रियों द्वारा मुख्यमंत्री से मुलाकात की खबरों पर उन्होंने कहा, 'हमें पार्टी स्तर पर कुछ जानकारी मिली है। हम सभी को मिलकर काम करना होगा।'

## बंगाल चुनाव में तृणमूल कांग्रेस के लिए प्रचार करेंगे केजरीवाल, पार्टी बोली- ममता दीदी ने बुलाया है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पश्चिम बंगाल में जारी विधानसभा चुनाव के दौरान तृणमूल कांग्रेस पार्टी के लिए प्रचार करेंगे। इस बात की जानकारी देते हुए पार्टी सूत्रों ने बताया कि केजरीवाल 26 अप्रैल और 27 अप्रैल यानी आने वाले रविवार और सोमवार को दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का प्रचार करेंगे। आम आदमी पार्टी ने बताया कि केजरीवाल पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी के निमंत्रण पर राज्य का दौरा करेंगे और उनके लिए जनता से समर्थन मांगेंगे। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस दौरान दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा वहां मतदान के दूसरे चरण के लिए तृणमूल के चुनाव प्रचार अभियान के तहत जनसभाओं और जनसंपर्क कार्यक्रमों में हिस्सा लेने की उम्मीद है। इससे एक दिन पहले बुधवार को केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी।

# दरिंदगी की इंतहा... आईआरएस बेटी के शव का हाल देख कांप उठा डॉक्टरों का कलेजा

### होठों पर काटने और शरीर पर अनगिनत निशान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में हुई खौफनाक वारदात ने हर किसी को हिला कर रख दिया है। एक आईआरएस अफसर की बेटी की ना सिर्फ हत्या की गई बल्कि उसके शरीर पर दरिंदगी की सारी हदें पार कर दी गईं। वहीं, और बेहोशी की हालत में दुष्कर्म किया। गले की अंदरूनी जांच में रक्तस्राव मिला और थायरायड कार्टिलेज के दोनों हॉर्न टूटे मिले, जबकि हायोइड हड्डी सुरक्षित पाई गई। बताया गया कि सभी आंतरिक अंगों में अत्यधिक जमाव पाया गया,



शव की हालत देखकर पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टरों का भी कलेजा कांप उठा। पुलिस सूत्रों की मानें तो शरीर पर मिले चोट के अनगिनत निशान और नाक की टूटी हड्डी को देखने के बाद पोस्टमॉर्टम हाउस में मौजूद डॉक्टर ने कहा कि ये तो हैवानियत की हद है। ऐसे दुष्कर्मी के लिए तो हर सजा कम होगी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में युवती के हाथों, होठों और चेहरे पर काटे जाने के निशान भी मिले हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में पीड़िता की मौत गला घोटने से होने की पुष्टि हुई है। उसके शरीर पर संघर्ष व हमले के गहरे निशान मिले हैं। उसके दोनों हाथों, पैरों और हथेलियों पर कई खरोंचें और चोट के निशान थे। इससे पता चलता है कि घटना के दौरान युवती ने खुद को बचाने के लिए काफी देर तक संघर्ष किया। आरोपी जब काबू नहीं कर सका तो उसने गला कसा जिससे गला घोंटे जाने से दम घुटने की पुष्टि होती है। आगे की जांच के लिए विसरा, लिगेचर मटेरियल (चार्जिंग केबल से जुड़े नमूने), नाखूनों की स्क्रैपिंग व अन्य सैंपल सुरक्षित रखे गए हैं। सुरक्षित रखे गए स्वैब और नाखूनों के नमूनों की जांच कर साक्ष्य जुटाए जाएंगे, ताकि आरोपी को कड़ी सजा दिलाई जा सके। ज्वाइंट सीपी विजय कुमार ने बताया कि इसकी रिपोर्ट दो से तीन दिन में आएगी। पुलिस की पूछताछ में नौकर राहुल मीणा से पता चला कि राहुल के पिता उसी विभाग में कार्यरत थे, जहां पीड़िता के पिता आईआरएस अधिकारी थे। पिता के पुराने संबंधों और भरोसे के आधार पर ही आईआरएस ने राहुल को घर पर रख लिया था। लेकिन पैसों की हेराफेरी करने पर उसकी शिकायतें मिलने पर अधिकारी ने उसके पिता से शिकायत की थी।

### हले चरण में 92 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ है

# बंपर वोटिंग के बाद बोले अमित शाह- ममता बनर्जी के दिन खत्म, भतीजे भी नहीं बन पाएंगे मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में पहले चण के मतदान खत्म हो चुके हैं और अब दूसरे चरण में जिन सीटों पर चुनाव होना है वहां प्रचार जोर हो गया है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक पहले चरण में 92 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ है। बंगाल में एक रोडशो के दौरान अमित शाह ने टीएमसी और ममता बनर्जी पर हमला करते हुए कहा कि उनका समय अब खत्म हो गया है। शाह ने कहा कि ममता दीदी अपनी जगह भतीजे को बैठाने वाली हैं। लेकिन मैं आज कहकर जा रहा हूं कि आपका सपना कभी पूरा नहीं हो पाएगा।

उन्होंने कहा, 'आपका भतीजा कभी मुख्यमंत्री हीं बन पाएगा। झूठ फैलाया जाता है कि बीजेपी जीती तो बंगाल में बाहर का मुख्यमंत्री बनेगा। मैं बता देता हूं कि ऐसा व्यक्ति ही बंगाल का मुख्यमंत्री बनेगा जो बंगाल में ही पैदा हुआ होगा।' अमित शाह ने कहा कि बंगाल में गुंडाराज और सिंडिकेट राज्य है जो कि बीजेपी के सत्ता में आते ही खत्म हो जाएगा। अमित शाह के बयान पर पलटवार करते हुए टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि वह 'ए दीदी' कहकर ममता बनर्जी का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमित शाह का बोलने का अंदाज ही बताता है कि उनकी महिलाओं के प्रति सोच कैसी है। उन्होंने कहा कि बीजेपी इस बार फिर 50 का आंकड़ा पार नहीं कर पाएगी।



बता दें कि अब बंगाल में अगले चरण का मतदान 29 अप्रैल को होगा और वोटों की गिनती 4 मई को की जाएगी। हस्पतिवार को हुए मतदान में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक रही, जिसमें महिला मतदाताओं का प्रतिशत 92.69 रहा, जबकि पुरुष मतदाताओं का प्रतिशत 90.92 रहा। तीसरे लिंग के मतदाताओं का प्रतिशत 56.79 रहा।

भारी मतदान पर दोनों प्रमुख प्रतिद्वंद्वी दलों भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और तृणमूल कांग्रेस ने अपने पक्ष में निर्णायक जनादेश मिलने की उम्मीद जताई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नदिया जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए मतदान को ''परिवर्तन के लिए भारी जनादेश'' बताया और दावा किया कि चुनाव संबंधी हिंसा पिछले पांच दशकों में सबसे कम रही। हालांकि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने प्रधानमंत्री के इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि उच्च मतदान प्रतिशत दर्शाता है कि ''लोगों में यह डर है कि अगर वे मतदान नहीं करेंगेह, तो वे अपना मताधिकार और नागरिकता खो सकते हैं।'' उन्होंने मतदाता भागीदारी को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)की प्रक्रिया के साथ जोड़ा। पश्चिम बंगाल में 2021 में विधानसभा चुनाव आठ चरणों में संपन्न हुए थे और कुल मतदान प्रतिशत 82.30 फीसदी रहा था। वर्ष 2021 के विधानसभा चुनावों में अलग-अलग चरणों में मतदान 79 से 86 प्रतिशत के बीच रहा था।

## कैसे हैं मोजतबा खामेनेई?: पैर की तीन सर्जरी, चेहरा भी झुलसा; ईरानी अधिकारियों ने बताया सुप्रीम लीडर का हाल

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई चिट्ठियों के जरिए ईरानी शासन के संपर्क में हैं। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने ईरानी अधिकारियों के हवाले से दावा किया है कि ईरान के नए सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई सुप्रीम लीडर बनने के बाद से सार्वजनिक तौर पर नहीं दिखाई दिए हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मोजतबा खामेनेई अपने पहले सार्वजनिक संबोधन में कमजोर और असुरक्षित नहीं लगना चाहते।

रिपोर्ट के मुताबिक, सुरक्षा के चलते और अमेरिका और इस्राइल की निगरानी से बचने के लिए मोजतबा खामेनेई तक संदेश पहुंचाने का तरीका भी बेहद गोपनीय रखा गया है। संदेश हाथ से लिखे जाते हैं, लिफाफों में सील किए जाते हैं और फिर भरोसेमंद कूरियरों की एक श्रृंखला के जरिए आगे बढ़ाए जाते हैं। ये कूरियर कारों और मोटरसाइकिलों से मुख्य सड़कों और अंदरूनी रास्तों के जरिए सफर करते हुए संदेश को उनके ठिकाने तक पहुंचाते हैं। मोजतबा खामेनेई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का



इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, अपने पिता की मौत के बाद सत्ता संभालने वाले मुजतबा खामेनेई गंभीर रूप से घायल हैं और फिलहाल छिपकर काम कर रहे हैं। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई होश में हैं, लेकिन वह सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आ रहे हैं और उनकी भूमिका को धीरे-धीरे कम किया जा रहा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि वह मानसिक रूप से पूरी तरह एक्टिव हैं, लेकिन शारीरिक चोटें काफी गंभीर हैं। उनके एक पैर का तीन बार ऑपरेशन हो चुका है और अब उन्हें कृत्रिम पैर (प्रोस्थेटिक) की जरूरत है। एक हाथ की भी सर्जरी हुई है और वह धीरे-धीरे ठीक हो रहा है।

# क्या फेल हो गया ट्रंप का गोल्ड कार्ड वीजा प्लान?: भारी कमाई के दावे, लेकिन अब तक सिर्फ एक को मिली मंजूरी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन की तरफ से शुरू किए गए नए गोल्ड कार्ड वीजा कार्यक्रम को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने बताया कि इस योजना के तहत अब तक केवल एक व्यक्ति को ही मंजूरी दी गई है, जबकि कई आवेदन अभी जांच के दौर में हैं। बता दें कि इस योजना में कोई विदेशी नागरिक कम से कम 1 मिलियन डॉलर (करीब 8 करोड़ रुपये से ज्यादा) देकर अमेरिका में रहने और काम करने का अधिकार पा सकता है। इसके अलावा 15000 डॉलर की अतिरिक्त फीस भी लगती है, ताकि आवेदकों की सख्त जांच की जा सके। यह योजना पहले से चल रहे श्वक्र5 वीजा कार्यक्रम की जगह लाने के लिए बनाई गई है, जिसमें निवेश के बदले वीजा दिया जाता था। ट्रंप ने इस योजना को ग्रीन कार्ड का एडवांस वर्जन बताया था और दावा किया था कि इससे विदेशी निवेश और प्रतिभा को अमेरिका लाया जाएगा। उन्होंने पहले इसे 5 मिलियन डॉलर तक का विकल्प भी बताया था।

### अरबों डॉलरों की कमाई की योजना फेल

इस योजना की शुरुआत के साथ ही ट्रंप प्रशासन ने कई सारे दावे किए। बताया गया कि इस योजना से अरबों डॉलर की कमाई हो सकती है, लेकिन अब तक वास्तविक मंजूरी सिर्फ एक ही व्यक्ति को मिली है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि सैकड़ों लोग आवेदन प्रक्रिया में हैं। सरकार ने यह भी कहा है कि यह पैसा कैसे खर्च होगा, इसका फैसला बाद में प्रशासन करेगा और इसका उद्देश्य अमेरिका के हित में विकास करना होगा।

### कंपनियां भी कर सकती है स्पॉन्सर



इतना ही नहीं इस योजना में कंपनियां भी 2 मिलियन डॉलर देकर विदेशी कर्मचारियों को स्पॉन्सर कर सकती हैं, साथ ही हर साल 1% मेंटेनेंस फीस भी देनी होगी। इसके लिए एक खास वेबसाइट भी बनाई गई है, जिसमें 'अमेरिका में जीवन के द्वार खोलें' लिखा है और ट्रंप की तस्वीर, अमेरिकी प्रतीक और गोल्ड कार्ड का डिजाइन दिखाया गया है।

**प्लेटिनम कार्ड भी प्रस्तावित:** इसके साथ ही सरकार ने यह भी बताया कि एक और महंगा विकल्प प्लेटिनम कार्ड भी प्रस्तावित है, जिसमें 5 मिलियन डॉलर में 270 दिन तक अमेरिका में रहने और कुछ टैक्स छूट जैसे फायदे मिल सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, दुनिया के कई देश पहले से ऐसे गोल्डन वीजा कार्यक्रम चलाते हैं, जिनमें यूके, स्पेन, ग्रीस, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे देश शामिल हैं।

## होर्मुज से इतर रास्तों की तलाश में तेल-गैस निर्यातक, नए मार्ग बनाने की दिशा में बढ़ रहे खाड़ी देश

**वाशिंगटन/दुबई/तेहरान, एजेंसी।** होर्मुज जलडमरूमध्य के लगभग बंद होने के बाद पश्चिम एशिया के तेल और गैस उत्पादक देश वैकल्पिक निर्यात मार्गों की तलाश में तेजी से जुट गए हैं। दुनिया के करीब 20 प्रतिशत तेल का प्रवाह जिस समुद्री मार्ग से होता था, उसके बाधित होने से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति संकट गहरा गया है। सऊदी अरब और यूएई के पास कुछ वैकल्पिक पाइपलाइनें हैं, लेकिन उनकी क्षमता होर्मुज के मुकाबले बहुत कम है। विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान द्वारा होर्मुज को रणनीतिक दबाव के औजार के रूप में इस्तेमाल करना लंबे समय में उसी के प्रभाव को कमजोर कर सकता है, क्योंकि खाड़ी देश अब स्थायी रूप से नए निर्यात मार्ग विकसित करने की दिशा में बढ़ रहे हैं। सीएनबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम-एशिया के तेल और गैस उत्पादक देश अपने निर्यात के लिए वैकल्पिक मार्गों की तलाश में जुटे हैं, क्योंकि होर्मुज अब भी व्यावसायिक यातायात के लिए लगभग बंद है। अमेरिका-ईरान इस जलमार्ग को शांति वार्ताओं में दबाव के साधन के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। अटलांटिक काउंसिल की वरिष्ठ सलाहकार मैसून काफाफी के अनुसार, होर्मुज से जुड़े जोखिम दशकों से ज्ञात थे। यह दुनिया का सबसे अधिक अध्ययन किया गया ऊर्जा चोकपॉइंट रहा है। लेकिन इतने बड़े निवेश को उचित ठहराने लायक नहीं माने गए।

# भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते पर 27 अप्रैल को होंगे हस्ताक्षर

### पीएम क्रिस्टोफर लक्सन का बड़ा एलान

**वेलिंगटन, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने भारत के साथ व्यापारिक संबंधों को लेकर बड़ी घोषणा की है। लक्सन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर सोमवार यानी 27 अप्रैल को हस्ताक्षर किए जाएंगे। भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत औपचारिक रूप से 16 मार्च 2025 को शुरू हुई थी। यह औपचारिक शुरुआत भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले के बीच एक बैठक के दौरान हुई थी।

**नीचे जानिए समझौते की खास बातें:** भारत और न्यूजीलैंड ने पिछले वर्ष दिसंबर को व्यापार वार्ताओं को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया था। यह 2020 के बाद से भारत का सातवां व्यापार समझौता है। आइए इस की प्रमुख बातों के बारे में।

**शुल्क कटौती:** न्यूजीलैंड 100% टैरिफ लाइनों पर शुल्क समाप्त करेगा, जबकि भारत ने संवेदनशील कृषि उत्पादों (जैसे डेयरी) के लिए सुरक्षा उपाय रखते



हुए 70% टैरिफ लाइनों को खोला है। व्यापार के आंकड़े: वित्त वर्ष 2025 में, भारत ने न्यूजीलैंड को 711.1 मिलियन डॉलर का निर्यात किया (एविएशन फ्यूल, टेक्सटाइल, फार्मा), जबकि आयात 587.1 मिलियन डॉलर रहा (कच्चा माल, स्क्रैप मेटल, कोयला)।

**व्यापक दायरा:** यह एफटीए 20 अध्यायों को कवर करता है, इसमे निवेश, छोटे व मध्यम उद्योग, बौद्धिक संपदा अधिकार, स्थिरता और पारंपरिक ज्ञान शामिल हैं। जीटीआरआई के अनुसार गतिशीलता, सेवाओं और निवेश को केंद्र में रखकर इस व्यापार समझौते को एक व्यापक और विविध आर्थिक रिश्ते की आधारशिला के रूप में देखा जा रहा है।

**भारत ने अब तक किस-किसके साथ किए एफटीए?:** भारत ने अब तक श्रीलंका, भूटान, थाईलैंड, सिंगापुर, मलयेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और मॉरीशस के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। इसके अलावा, भारत ने 10 देशों के समूह आसियान और चार यूरोपीय देशों के समूह ईएफटीए, आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड के साथ भी व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके साथ ही, भारत अब तक अमेरिका, यूरोपीय संघ, चिली, पेरू और इस्राइल सहित कई प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के साथ नए व्यापार समझौते पूरी करने पर बातचीत कर रहा है।

# बोकारो एयरपोर्ट को लेकर कुमार अमित ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

## आम जनता से भी पी.एम को पत्र लिखने का किया आह्वान

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कुमार अमित ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर बोकारो में केन्द्र की उड़ान योजना से लगभग 100 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित एयरपोर्ट से यात्री विमान के परिचालन को प्रारंभ करने की मांग की ' कुमार अमित ने पत्र में इसे लेकर प्रधानमंत्री से केन्द्र और राज्य की एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित करने हेतु उच्चस्तरीय हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। श्री अमित ने पत्र में लिखा कि जनता के टैक्स के पैसे से बना यह एयरपोर्ट परिचालन प्रारंभ नहीं होने से रख रखाव के अभाव में खराब हो रहा है। इस सार्वजनिक सम्पत्ति का सदुपयोग के लिए यहां से शीघ्र नागरिक विमानों के परिचालन को प्रारंभ करने की



आवश्यकता है। कुमार अमित ने बोकारो के सभी आम जनता से भी इसे लेकर प्रधानमंत्री को बीएसएल विस्तारीकरण के लिए चलाए गए पेस्ट अभियान की तरह पोस्टकार्ड लिखने का आह्वान किया। बोकारो वेलफेयर सोसायटी सोसाइटी के तत्वावधान में भी शीघ्र पोस्टकार्ड अभियान चलाने की बात कुमार अमित ने कही है। कुमार अमित ने विपक्ष पर भी निशाना साधते हुए कहा कि आज राज्य सरकार धनबाद और बोकारो की जनता को भ्रमित कर इस एयरपोर्ट को किसी अन्य जिले में ले जाने का षडयंत्र कर रही है। बोकारो जिले में सभी वर्तमान विधायक झामुमो और कांग्रेस के हीं हैं, ऐसे में इन सभी का चुप रहना बोकारो के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। बोकारो की जनता अगले चुनाव में ऐसे नेताओं को सबक सिखाएगी। बोकारो अब ऐसे नेताओं का चारागह बनकर नहीं रहेगा। यह पत्र नागरिकों के एक प्रतिनिधिमंडल के द्वारा सेक्टर 2 मुख्य डाकघर में पोस्ट मास्टर को प्रधानमंत्री कार्यालय भेजने के लिए सौंपा गया। इस प्रतिनिधिमंडल में धनंजय चौबे, शिव प्रसाद, शंकरलाल गोप, संतोष पंडित, चंद्रप्रकाश, विनय कुमार आदि शामिल थे।

## एयरपोर्ट हेतु भूमि उपलब्ध कराने की मांग को लेकर विशाल धरना एवं पदयात्रा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एयरपोर्ट निर्माण को लेकर चल रहा जनआंदोलन अब निर्णायक रूप लेता दिख रहा है। शुक्रवार को रणधीर वर्मा चौक पर सांसद ढुलू महतो के नेतृत्व में आयोजित विशाल धरना एवं पदयात्रा में भाजपा कार्यकताओं के साथ-साथ भारी संख्या में आमजन की भागीदारी रही। सभी ने एक स्वर में राज्य सरकार से एयरपोर्ट निर्माण हेतु अविलंब भूमि उपलब्ध कराने की मांग की। ज्ञात हो कि धनबाद, झारखंड का एक प्रमुख औद्योगिक एवं शैक्षणिक केंद्र होने के बावजूद एयर कनेक्टिविटी से वंचित है, जिससे क्षेत्र के समग्र विकास में बाधा उत्पन्न हो रही है। इस दिशा में सांसद ढुलू महतो लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने नई दिल्ली में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु से मुलाकात कर त्वरित कार्रवाई का आग्रह किया है। केंद्र सरकार परियोजना को लेकर सकारात्मक है, किंतु राज्य सरकार द्वारा भूमि उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण यह कार्य लंबित है। धरना को संबोधित करते हुए सांसद ढुलू महतो ने कहा कि धनबाद की जनता अब अपने अधिकार के लिए सड़कों पर उतर चुकी




है। एयरपोर्ट निर्माण अब केवल मांग नहीं, बल्कि जनअधिकार का विषय बन चुका है। केंद्र सरकार तैयार है, लेकिन राज्य सरकार की उदासीनता के कारण यह परियोजना रुकी हुई है। यदि शीघ्र भूमि उपलब्ध नहीं कराई गई, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। पूर्व सांसद पी एन सिंह ने कहा, कि धनबाद जैसे महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्र में एयरपोर्ट का अभाव दुर्भाग्यपूर्ण है। यह केवल सुविधा का विषय नहीं, बल्कि क्षेत्रीय विकास और रोजगार सृजन से जुड़ा मुद्दा है। राज्य सरकार को जनता की भावना का सम्मान करते हुए शीघ्र निर्णय लेना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन सांसद प्रतिनिधि नितिन भट्ट तथा धन्यवाद ज्ञापन वीरू आनंद सिंह ने किया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी पूर्व अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह,ज्ञान रंजन सिंहा,सत्येंद्र कुमार,घनश्याम ग्रोवर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजीव अग्रवाल,तारा देवी, डॉ निर्मल ड्रोलिया, प्रोफेसर रमेश शर्मा राजकुमार अग्रवाल,योगेंद्र यादव,चेतन गोयंका,दीपक पोद्दार,केशव हड़ोदिया,डब्लू बावरी,जयप्रकाश सिंह सहित दर्जनों लोग शामिल हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### सियारी पंचायत को मिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट पंचायत पुरस्कार

**बोकार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिले की सियारी पंचायत ने विकास और सुशासन के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। पंचायती राज विभाग द्वारा आयोजित 'मुख्यमंत्री उत्कृष्ट पंचायत पुरस्कार' वितरण समारोह में सियारी पंचायत को राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। राजधानी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पंचायती राज मंत्री



दीपिका पांडे सिंह ने सियारी पंचायत को प्रशस्ति पत्र और 4 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की। बोकारो जिले की कुल 4 पंचायतों को इस श्रेणी में जगह मिली है, जिसमें गोमिया प्रखंड से सियारी पंचायत ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। सामूहिक प्रयास इस उपलब्धि पर पंचायत प्रतिनिधियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे तंत्र की है। "यह सम्मान पंचायत के समर्पित कर्मियों, सम्मानित जनप्रतिनिधियों और जागरूक नागरिकों के सामूहिक सहयोग का परिणाम है। हमें विश्वास है कि सियारी पंचायत आने वाले समय में न केवल झारखंड बल्कि पूरे देश के मानचित्र पर अपनी एक अलग पहचान बनाएगी।"

### सड़क निर्माण को लेकर डीसी ने की बैठक दिए अहम दिशा निर्देश



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शुक्रवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने गोपनीय स्थित कार्यालय कक्ष में गुरगुरी, राधागांव स्थित आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम तक सड़क निर्माण के संबंध में पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति, आवश्यक प्रक्रियाओं तथा समन्वय से जुड़े बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।डीसी अजय नाथ झा ने जिला योजना पदाधिकारी, अंचलाधिकारी चास, ग्रामीण कार्य विभाग (आरईओ) के कार्यपालक अभियंता एवं संस्था के सदस्यों को संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संबंधित सभी अधिकारी स्थल का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का आकलन करें तथा विस्तृत प्रतिवेदन सात दिनों में समर्पित करने को कहा, ताकि आगे की कार्रवाई समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित की जा सके। बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार,अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला योजना पदाधिकारी राज शर्मा, अंचलाधिकारी राम सेवक राम, डीपीआरओ रवि कुमार, एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह, संस्था के प्रतिनिधि विनोद कुमार, रितिका एवं माधवी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मैथन में धूमधाम से मनी वीर कुंवर सिंह की जयंती

**मैथन (धनबाद)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मैथन क्षेत्र में श्री महाराणा प्रताप चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा विजयोत्सव' बाबू वीर कुंवर सिंह जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निरसा विधायक अरूप चटर्जी जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह रणबीजय सिंह राजपूत एकता मंच के अध्यक्ष अरुण सिंह,



राजेंद्र सिंह, सुधीर सिंह, उदय प्रताप सिंह एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए। विधायक अरूप चटर्जी ने विधिवत दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने वीर योद्धा बाबू वीर कुंवर सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। राजपूत समाज के प्रतिनिधियों और मंच के सदस्यों द्वारा विधायक अरूप चटर्जी का भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बाबू वीर कुंवर सिंह की वीरता और 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में उनके अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि वीर कुंवर सिंह और महाराणा प्रताप जैसे महापुरुषों का जीवन हमारे समाज और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। राजपूत एकता जिंदाबाद" जय भवानी भारत माता की जय के नारों के बीच समाज की एकजुटता और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर चर्चा की गई। इस अवसर पर महाराणा प्रताप चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी, रुद्र प्रताप सिंह आशीष सिंह दिलीप सिंह प्रमोद सिंह मनोज सिंह मन्नू सिंह प्रभु सिंह अमित सिंह संदीप सिंह लाल बाबू सिंह और मैथन क्षेत्र के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे क्षेत्र में इस आयोजन को लेकर भारी उत्साह देखा गया।

### 'स्वच्छ एवं स्वस्थ ग्राम पंचायत' श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य के लिए बुंडू मुखिया निहारिका सुकृति को किया गया सम्मानित

**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग द्वारा आज खेलगांव रांची में आयोजित 'मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार सह मुखिया सम्मेलन 2026' में बोकारो जिले की बुंडू पंचायत को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। ग्राम पंचायत बुंडू, प्रखंड पेटरवार, जिला बोकारो की मुखिया निहारिका सुकृति एवं पंचायत सचिव जमाल वारसी को ह्लस्वच्छ एवं स्वस्थ ग्राम पंचायतह्व श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने निहारिका सुकृति एवं पंचायत सचिव जमाल वारसी को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। प्रशस्ति पत्र एवं 10 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि पंचायत के विकास कार्यों हेतु दी गई। पंचायत में ओ डी एफ प्लस,



हर घर नल-जल, शत-प्रतिशत टीकाकरण, ठोस-तरल अपशिष्ट प्रबंधन, स्कूलों में स्वच्छता एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। मुखिया निहारिका सुकृति ने कहा, ह्लयह सम्मान मेरी अकेली की उपलब्धि नहीं है। यह बुंडू के हर नागरिक, वार्ड सदस्यों, स्वच्छताग्रही दीदियों, जल सहियाओं, आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं पंचायत कर्मियों की मेहनत का फल है। दस लाख की प्रोत्साहन राशि से हम पंचायत को डिजिटल, स्वच्छ और आत्मनिर्भर बनाने के लिए नई योजनाएं शुरू करेंगे। माननीय मुख्यमंत्री का आभार कि उन्होंने गाँव के काम को राज्य स्तर पर पहचान दी।

## विधि व्यवस्था और सुदृढ़ करने हेतु चैंबर का प्रतिनिधिमंडल एक साथ एसपी से मिला



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल नाथू सिंह मीणा, आरक्षी अधीक्षक से उनके कार्यालय में मुलाकात कर जिले की विधि-व्यवस्था से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर चैंबर अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि जिले में आपकी पदस्थापना से सभी व्यापारियों में हर्ष है। हमें आशा ही नहीं, बल्कि पूर्ण विश्वास है कि आपके नेतृत्व में बोकारो जिले की कानून-व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी होगी, जिससे आम जनमानस को राहत मिलेगी। महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने कहा कि बोकारो इस्पात नगर के सिटी सेंटर, जोधाडीह मोड़, धर्मशाला मोड़, तेलीडीह मोड़, चेकपोस्ट, जैना मोड़ चौराहा तथा फुसरो ओवरब्रिज के पास अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिसके लिए उचित यातायात व्यवस्था की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी बताया कि शहरी क्षेत्र में छिनतई की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिस पर तत्काल अंकुश लगाए जाने की जरूरत है। विशेष रूप से सिटी सेंटर स्थित बैंकों के सामने अपराधी रेकी कर नकदी लेकर निकलने वाले लोगों को निशाना बनाते हैं। उन्होंने टाइगर मोबाइल को और अधिक प्रभावी बनाने तथा बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता के लिए कार्यशालाएं आयोजित करने की मांग की। आरक्षी अधीक्षक श्री मीणा ने प्रतिनिधिमंडल की सभी बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि थाना में आने वाले आम नागरिकों के साथ शिष्ट एवं सहयोगपूर्ण व्यवहार सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि जिले में मादक पदार्थों की बिक्री की शिकायतें मिल रही हैं, जिन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर नरेन्द्र सिंह, सिद्धार्थ पारीख, राजेश पोद्दार, संजय अग्रवाल, रविशंकर प्रसाद, अनूप भालोटिया, अजय केडिया, राजीव कुमार सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## बीएसएल की अभिनव पहलः 'आर्ट एंड साइंस स्ट्रीट' के आयोजन की तेजी से हो रही तैयारी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा आगामी 26 अप्रैल (रविवार) को आयोजित होने वाले एक दिवसीय 'आर्ट एंड साइंस स्ट्रीट' कार्यक्रम की तैयारियाँ तेजी से की जा रही हैं। यह विशेष आयोजन पहली बार आयोजित किया जा रहा है, जो सेक्टर-4 स्थित गांधी चौक से बोकारो मॉल तक जाने वाली मुख्य सड़क पर संध्या 6:00 बजे



से रात्रि 9:00 बजे तक आयोजित होगा। इस अवसर पर कला, शिल्प, विज्ञान एवं रचनात्मक अभिव्यक्तियों का एक बहुआयामी संगम देखने को मिलेगा। 'आर्ट एंड साइंस स्ट्रीट' का उद्देश्य कला एवं विज्ञान के प्रति जन-रुचि को प्रोत्साहित करना, स्थानीय प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करना तथा उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करना है। 'प्रमोट, एन्करेज एवं कनेक्ट' की अवधारणा पर आधारित यह आयोजन कलाकारों, कारीगरों, वैज्ञानिक दृष्टिकोण रखने वाले युवाओं एवं आम नागरिकों के मध्य रचनात्मक संवाद को बढ़ावा देगा। कार्यक्रम के दौरान हस्तशिल्प एवं हस्तनिर्मित उत्पाद, पारंपरिक एवं आधुनिक चित्रकला, स्केचिंग, पोर्ट्रेट आर्ट, वॉल आर्ट तथा विभिन्न सजावटी कलाकृतियों की आकर्षक प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। साथ ही, विज्ञान से संबंधित नवाचारपूर्ण एवं रचनात्मक प्रदर्शनों के माध्यम से युवा प्रतिभाओं को अपनी वैज्ञानिक सोच, कौशल एवं सृजनात्मकता प्रदर्शित करने का अवसर भी प्राप्त होगा। इस आयोजन को लेकर प्रतिभागियों में स्टॉल बुकिंग के प्रति विशेष उत्साह देखा जा रहा है। अब तक विभिन्न श्रेणियों में 50 से अधिक स्टॉल्स की बुकिंग की जा चुकी है। इस आयोजन में बीएसएल कर्मी एवं उनके परिवार के सदस्य भी सक्रिय रूप से सहभागिता करते हुए विभिन्न स्टॉल्स लगा रहे हैं। शहरवासी यहाँ अपनी पसंद के हस्तनिर्मित उत्पाद एवं कलाकृतियों की खरीदारी कर सकेंगे तथा आकर्षक फूड स्टॉल्स पर स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद भी ले सकेंगे। यह पहल बोकारो इस्पात संयंत्र की सामुदायिक उत्तरदायित्व, नवाचार एवं समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ रूप से प्रतिबिंबित करती है। बीएसएल ने शहरवासियों से अपील की है कि वे आगामी रविवार की संध्या 'आर्ट एंड साइंस स्ट्रीट' कार्यक्रम में सपरिवार एवं मित्रों सहित अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस अनूठे आयोजन का आनंद लें।

## 'हम आपको सुनते हैं' कार्यक्रम में उपायुक्त ने आमजनों की समस्याओं पर की सुनवाई

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय में शुक्रवार को आयोजित हम आपको सुनते है कार्यक्रम... (जनता दरबार) में उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से



पहुंचे आम जनों की शिकायतों की क्रम वार सुनवाई की। शिक्षा, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, भूमि विवाद, डीपीएलआर, सीओ चास/ पेटरवार/ नावाडीह/ चंद्रपुरा और आपूर्ति से जुड़े विभिन्न मामलों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए। उपायुक्त ने विधि-व्यवस्था से संबंधित प्राप्त शिकायतों को प्रतिमाह आयोजित होने वाली विधि-व्यवस्था समीक्षा बैठक में रखने का निर्देश भी दिया, ताकि इन मामलों का समुचित समाधान/प्रगति की समीक्षा सुनिश्चित किया जा सके। निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में भी जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी द्वारा स्थानीय स्तर पर प्राप्त आवेदनों की सुनवाई की गई। जिन मामलों का समाधान मौके पर संभव था, उनका तत्काल निष्पादन किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, निदेशक सामाजिक सुरक्षा सुचिता किरण, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पुलिस ने किया पेंटर हत्याकांड का खुलासा, दो आरोपियों को भेजा जेल

**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोमिया थाना क्षेत्र में हुए मोईउद्दीन अंसारी पेंटर हत्याकांड का सफल उद्भेदन करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर



लिया है। इस मामले में वादी मो. तबारक अंसारी (25 वर्ष), निवासी पिपचो, थाना दारु, जिला हजारीबाग के लिखित आवेदन पर 16 अप्रैल 2026 को गोमिया थाना कांड संख्या 66/2026, धारा 103(1) बीएनएस के तहत अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। शुक्रवार को बेरमो एसडीपीओ बशिष्ठ नारायण सिंह ने अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पुलिस अधीक्षक बोकारो के निर्देश पर बेरमो (तेनुघाट) के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष एसआईटी टीम का गठन किया गया। अनुसंधान, गुप्त सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने इस हत्याकांड में शामिल दो आरोपी अर्जुन कुमार तिवारी उर्फ बाबा होसिर,देवीपुर (24 वर्ष) और धनराज श्रीवास्तव (42 वर्ष) आईईएल गवर्नमेंट कॉलोनी से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उन्होंने बताया कि दुकान के सामने पेंटिंग के लिए आने वाले वाहनों को खड़ा करने को लेकर विवाद चल रहा था, जिससे पास की गुमटी दुकान प्रभावित हो रही थी। इसी रंजिश में धनराज श्रीवास्तव ने 25 हजार रुपये का लालच देकर अर्जुन तिवारी से लकड़ी के फट्टे से मारकर हत्या करवा दी। आरोपियों के पास से एक रेडमी कंपनी का मोबाइल फोन, एक स्विफ्ट कार तथा घटनास्थल से खून लगा लकड़ी का फट्टा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, धनराज श्रीवास्तव का पूर्व से चोरी, लूट और आर्म्स एक्ट के कई मामलों में आपराधिक इतिहास रहा है।

## पतंजलि योग केंद्र का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** योग केंद्र में योग करते और कराते हुए सफलता पूर्वक बारह वर्ष बीत जाने पर योग केंद्र में 12 वा स्थापना दिवस योग, यज्ञ,हवन पूजन



महा प्रसाद वितरण के साथ पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि धनबाद जिला संयोजक मंजित सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला प्रभारी समरेंद्र कुमार, केंद्र संयोजक भीम सिंह , धनबाद प्रखंड प्रभारी अशोक गुप्ता, बिपिन सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत मंत्र, हवन पूजन, के साथ हुआ जिसमें मुख्य यजमान की भूमिका में योग शिक्षक रामेश्वर कुमार एवं उनकी धर्म पत्नी, विजय श्रीवास्तव एवं उनकी धर्म पत्नी थी। हवन पूजन के प्रसाद वितरण के बाद अतिथि सम्मान, केंद्र के कर्मठ कार्यकर्ताओं एवं प्रतिदिन योग कक्षा में शामिल होने वाले सभी भाई बहनों का सम्मान किया गया आज के कार्यक्रम में मंच संचालन कर रहे और स्थापना काल से सेवा दे रहे केंद्र के मुख्य योग शिक्षक विजय कुमार रजक ने बीते बारह साल के केंद्र के संचालन इस केंद्र की उपलब्धि जिले में सबसे अधिक 62 सह योग शिक्षक बनाने का गौरव हासिल करने पर प्रकाश डाला मुख्य अतिथि मंजित सिंह ने भी अपने उद्बोधन में भूली योग केंद्र जिले में प्रथम स्थान पाने पर भूरी भूरी प्रशंसा की और सभी का हौसलाफजाही कर सबका दिल जीत लिया, केंद्र प्रभारी अशोक गुप्ता ने भी केंद्र के उतार चढ़ाव, केंद्र में योग के अलावे भी केंद्र में आयोजित कई एक सांस्कृतिक कार्यक्रम , डांडिया नृत्य, फैशन शो,अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के भव्य कार्यक्रम की याद को ताजा किया, तत्पश्चात सभी ने महा प्रसाद रूपी खीर पूड़ी सब्जी ग्रहण किया।

### इलेक्ट्रो स्टील वेदांता के खिलाफ प्रस्तावित अनिश्चितकालीन हड़ताल वापस

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मजदूर हित को लेकर प्रस्तावित हड़ताल फिलहाल टल गई है। जिला कांग्रेस कमेटी और इलेक्ट्रो स्टील वेदांता प्रबंधन के बीच हुई त्रिपक्षीय वार्ता के बाद 27 अप्रैल की अनिश्चितकालीन हड़ताल वापस ले ली गई है। दरअसल, बोकारो जिला कांग्रेस कमेटी ने मजदूरों की समस्याओं को लेकर उपायुक्त को 9 सूत्री मांग पत्र सौंपते हुए हड़ताल का ऐलान किया था। इसके बाद डीएलसी की पहल पर इलेक्ट्रो स्टील वेदांत के सीईओ, कांग्रेस प्रतिनिधियों और श्रम विभाग के बीच लगातार दो दिनों तक त्रिपक्षीय वार्ता चली। कांग्रेस जिला अध्यक्ष जवाहरलाल महतो ने बताया कि वार्ता में प्रबंधन ने मांगों के समाधान के लिए तीन महीने का समय मांगा है। उन्होंने साफ किया कि यदि तय समय में समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो कंपनी के खिलाफ अनिश्चितकालीन चक्का जाम किया जाएगा।

## सेल में 40 फीसदी संविदा कर्मियों की कटौती के निर्णय का भारतीय मजदूर महासंघ ने किया कड़ा विरोध

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) की औद्योगिक इकाई भारतीय इस्पात मजदुर महासंघ ने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया में संविदा कर्मियों की संख्या में 40% कटौती के निर्देश का कड़ा विरोध किया है। इसके बाबत भारतीय इस्पात मजदूर महासंघ के महामंत्री सह भारत सरकार के केन्द्रीय ठेका मजदूर सलाहकार समिति सदस्य रंजय कुमार ने उच्च प्रबंधन को पत्र लिखकर इस पर गहरी चिंता एवं कड़ा विरोध व्यक्त किया है। उनके अनुसार श्रमिकों से संबंधित किसी भी आदेश या नीतिगत बदलाव को ट्रेड यूनियन के साथ पूर्व चर्चा किए बिना प्रसारित करना उन हजारों श्रमिकों के बीच भय और असुरक्षा का माहौल पैदा करना है, जो अपने आजीविका के लिए कारखानों पर निर्भर हैं। प्रबंधन की परिचालन दक्षता बढ़ाने की कोशिश को समझते हुए उन्होंने कुछ मूलभूत बिंदुओं के आधार पर इस निर्णय पर पुनर्विचार करने का आग्रह प्रबंधन से किया है ।सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की स्थापना का प्राथमिक उद्देश्य रोजगार सृजन करना और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक उत्थान को सुनिश्चित करना था। हजारों श्रमिकों की आजीविका की उपेक्षा करते हुए लाभ को प्राथमिकता देना, एक आदर्श नियोक्ता के रूप में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के मूल सिद्धांत के विपरीत है। संविदाकर्मियों की संख्या में 40% की कमी संयंत्र सुरक्षा के संबंध में गंभीर चिंताएं पैदा करती है। शेष मजदूरों पर काम का बोझ अधिक होने से थकान संबंधी दुर्घटनाएं और उपकरणों का कुप्रबंधन हो सकता है, जिससे कंपनी को लंबे समय में बचाई गई मजदूरी से कहीं अधिक नुकसान हो सकता है। बोकारो इस्पात संयंत्र इस क्षेत्र की आर्थिक रीढ़ है, स्थानीय अर्थव्यवस्था से 3,000 से अधिक श्रमिकों को हटाने से स्थानीय व्यवसायों और उन परिवारों पर व्यापक नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा जिन्होंने वर्षों से इस संयंत्र में अपनी सेवाएं दी हैं। इन चिंताओं को ध्यान में रखते हुए बड़े पैमाने पर नौकरियों में कटौती किए बिना वित्तीय स्थिति में सुधार लाने के लिए गैर-जरूरी प्रशासनिक खर्चों, यात्रा और सलाहकार शुल्क में कटौती कर, सतर्कता और खुफिया जवाबदेही को मजबूत कर प्रबंधन को जिम्मेदारी तय करनी चाहिए।उच्च मूल्य वाले निविदाओं में होने वाली गड़बड़ियों, चोरी और अनियमितताओं की पहचान कर और उन्हें रोकने के लिए विशिष्ट लक्ष्य निर्धारित कर-के कंपनी महत्वपूर्ण वित्तीय नुकसान की भरपाई कर सकती है। बिजली और ईंधन की खपत को कम करने के लिए पूरे संयंत्र में ऊर्जा दक्षता अभियान लागू करना चाहिए। स्लैग, स्क्रैप और अन्य पदार्थों की आक्रामक बिक्री की जा सकती है। इस स्थिति की गंभीरता और औद्योगिक शांति तथा स्थानीय समुदाय पर इसके संभावित प्रभाव को देखते हुए प्रबंधन को संगठनात्मक लक्ष्यों और सामाजिक न्याय के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए इन विकल्पों पर विचार करना चाहिए, भारतीय मजदूर संघ ऐसे समाधान की आशा करता है जो संयंत्र के भविष्य और वहां के कर्मियों की रक्षा करे। अगर समय रहते स्टील प्रबंधन संविदा कर्मियों के 40% कटौती के तुगलकी फरमान को वापस नहीं लेती है तो भारतीय इस्पात मजदूर महासंघ चरणबद्ध तरीके से सड़क से लेकर संसद तक पूरे देश भर में आंदोलन करने को बाध्य होगी जिसकी सारी जवाबदेही इस्पात प्रबंधन की होगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल फोन नंबर- 9431145865 8210783623 आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655 E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

C M Y K